रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 11 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-22 मूल्य 3.00 ₹


# अनुसंधान के लिए संसाधनों की कमी आडे नहीं आने दी जायेगी : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों से बड़े अनुसंधान के क्षेत्र में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने पर जोर देते हुए कहा कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी आडे नहीं आने दी जायेगी। मोदी ने मंगलवार को यहां अपने आवास पर राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान के शासी निकाय की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में देश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों की नयी रूपरेखा के बारे में चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसंधान प्रतिष्ठान के शासी निकाय की पहली बैठक के साथ एक नई शुरुआत हुई है। उन्होंने देश में अनुसंधान इकोसिस्टम में बाधाओं की पहचान करने और उन्हें दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, उन्हें हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने और बड़े अनुसंधान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शोध को मौजूदा समस्याओं के नए समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समस्याएं वैश्विक प्रकृति की हो सकती हैं लेकिन उनका समाधान भारतीय जरूरतों के अनुरूप स्थानीय होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संस्थानों के उन्नयन और मानकीकरण की आवश्यकता पर भी चर्चा की। उन्होंने उनकी विशेषज्ञता के आधार पर क्षेत्र विशेषज्ञों की एक सूची तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने एक डैशबोर्ड विकसित करने की भी बात कही, जहां



देश में अनुसंधान और विकास से जुड़ी जानकारी आसानी के बारे में आसानी से पता लगाया जा सके। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान और नवाचार के लिए संसाधनों के उपयोग की वैज्ञानिक निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। इसे एक महत्वाकांक्षी शुरुआत बताते हुए उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक समुदाय को विश्वास होना चाहिए कि उनके प्रयासों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। 'अटल टिंकरिंग लैब्स' के सकारात्मक प्रभावों की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि इन की ग्रेडिंग की जा सकती है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे पर्यावरण परिवर्तन के लिए नए समाधान की तलाश, ईवी के लिए बैटरी सामग्री, प्रयोगशाला में विकसित हीरे आदि क्षेत्रों में अनुसंधान पर भी चर्चा की। शासी निकाय ने उन विश्वविद्यालयों को जोड़कर 'हब और स्पोक मोड' में एक कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया, जहां अनुसंधान प्रारंभिक चरण में है और उन्हें 'मेंटरशिप मोड' में शीर्ष स्तरीय स्थापित संस्थानों के साथ जोड़ा गया है। शासी निकाय ने प्रतिष्ठान से जुड़े रणनीतिक हस्तक्षेप के कई क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिसमें प्रमुख क्षेत्रों में भारत की वैश्विक स्थिति, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ अनुसंधान एवं विकास को रेखांकित करना, समावेशी विकास को बढ़ावा देना, क्षमता निर्माण, वैज्ञानिक प्रगति और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना, साथ ही अकादमिक अनुसंधान के बीच अंतर को पाटना शामिल है। उद्योग की सक्रिय भागीदारी के साथ अनुवाद संबंधी अनुसंधान पर जोर देते हुए, शासी निकाय ने ज्ञान की उन्नति के लिए मौलिक अनुसंधान को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।मानविकी और सामाजिक विज्ञान में अंतःविषय अनुसंधान का समर्थन करने के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस बात पर भी सहमति हुई कि अनुसंधान में आसानी की दिशा में शोधकर्ताओं को लचीली और पारदर्शी फंडिंग व्यवस्था के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। शासी निकाय ने यह भी निर्देश दिया कि प्रतिष्ठान की रणनीतियों को विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों के अनुरूप होना चाहिए और कार्यान्वयन में दुनिया भर में अनुसंधान और विकास एजेंसियों द्वारा अपनाई गई वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करना चाहिए। बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, शासी निकाय के उपाध्यक्ष के रूप में सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार सदस्य सचिव, नीति आयोग और सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने भाग लिया। जैव प्रौद्योगिकी विभाग, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग और उच्च शिक्षा विभाग इसके पदेन सदस्य हैं।

## क्विक न्यूज

### विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड कोर्ट ने 7 दिनों के लिए बढ़ाई



**बलौदाबाजार।** कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड कोर्ट ने फिर 7 दिनों के लिए बढ़ा दी है। विधायक यादव 17 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने 17 अगस्त को देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया था। रिमांड खत्म होने पर फिर सीजेएम कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई हुई। कोर्ट ने 17 सितंबर तक उनकी रिमांड बढ़ा दी है। बता दें कि गुरु बाबा घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में सतनाम समाज के आस्था के केंद्र अमर गुफा में स्थित महकोनी मंदिर परिसर में आसामाजिक तत्वों ने जमकर तांडव मचाया था। जैतखाम में तोड़फोड़ की घटना से आक्रोशित समाज के लोगों ने सीबीआई जांच की मांग की थी। इस मामले में पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। वहीं राज्य सरकार ने पहले ही जैतखंभ तोड़फोड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए थे।

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, दूरसंचार, यूटिलिटीज, पावर और टेक समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 361.75 अंक मजबूत होकर 81,921.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 104.70 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 25,041.10 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.53 प्रतिशत चढ़कर 48,625.13 अंक और स्मॉलकैप 1.53 प्रतिशत की छलांग लगाकर 56,467.87 अंक पर बंद हुआ।

### बहराइच में चार बालिकाओं की डूबने से मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के नवाबगंज क्षेत्र में तालाब में फल तोड़ने के लिए गई चार बच्चियों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बच्चियों को डूबता देख ग्रामीण सभी को बचाने के लिए तालाब में कूदे लेकिन पानी अधिक होने के कारण चारों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस व उप जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे गोताखोरों की मदद से सभी के शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन से पांच लोगों की मौत

एजेंसी < देहरादून
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के रूद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर को हुए भूस्खलन के कारण फंसे तीर्थयात्रियों में से मंगलवार सुबह चार और शव बरामद हुए हैं। जिससे मृतकों की संख्या पांच हो गई है। जबकि तीन अन्य को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है। मृतक और घायलों में पड़ोसी देश नेपाल के साथ, मध्य प्रदेश और गुजरात के यात्री शामिल हैं। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है। रूद्रप्रयाग के अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने आज बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे सूचना प्राप्त हुई कि कोतवाली सोनप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत, सोनप्रयाग से लगभग 01 किमी दूर गौरीकुण्ड की तरफ हाल ही में हुए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में गौरीकुण्ड से सोनप्रयाग की ओर आ रहे कुछ यात्री मलबे में दब गए हैं। सूचना पर पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व डीडीआरएफ की ओर से संयुक्त बचाव अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान देर रात तीन व्यक्तियों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया, जबकि एक अचेत अवस्था में मिला जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि यहां पर रात के समय खराब मौसम व लगातार मलबा-पत्थर आने के कारण रेस्क्यू टीमों को अपना कार्य करने में दिक्कतें आयी व बचाव कार्य रोकना पड़ा। राणा के अनुसार, रेस्क्यू टीमों द्वारा फिर बचाव कार्य शुरू किया गया। इस स्थल पर 3 व्यक्ति (2 महिला व 1 पुरुष) अचेत अवस्था में मिले, जिनको डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया गया है।

## साइबर सुरक्षा के बिना देश का विकास असंभव : शाह

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू बताते हुए कहा है कि साइबर सुरक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है। शाह ने विज्ञान भवन में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई 4 सी) के पहले स्थापना दिवस समारोह में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए अनेक प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि तकनीक मानव जीवन के लिए आशीर्वाद है लेकिन तकनीक के बढ़ते उपयोग से कई खतरे भी पैदा हो रहे हैं और इसीलिए साइबर सुरक्षा अब केवल डिजिटल दुनिया तक सीमित न रहकर राष्ट्रीय सुरक्षा का अहम पहलू भी बन गई है। उन्होंने कहा कि इसलिए साइबर सुरक्षा के बिना किसी भी देश का विकास असंभव है। शाह ने कहा कि आई 4 सी जैसे प्लेटफॉर्म इस प्रकार के खतरों से निपटने में बहुत बड़ा योगदान कर सकते हैं। उन्होंने सभी हितधारकों के साथ मिलकर जागरूकता, समन्वय और साझा प्रयास को जारी रखने का आह्वान किया।

गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी एक संस्था अकेले साइबर स्पेस को सुरक्षित नहीं रख सकती। यह तभी संभव है जब सभी हितधारक एक ही मंच पर आकर एक ही तरीके और रास्ते पर आगे बढ़ें। गृह मंत्री ने साइबर धोखाधड़ी न्यूनीकरण केंद्र राष्ट्र को समर्पित किया।

## कांग्रेस ने बदली है मोदी की मनोदशाः राहुल

वार्ता < वाशिंगटन डीसी
www.dailypioneer.com



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि वह जिस आक्रामकता के साथ पहले कांग्रेस को घेरते थे उनकी इस सोच पर कांग्रेस ने लगाम कसी है और इसी के कारण मोदी अब संसद के भीतर तथा बाहर खुद ही फंस जाते हैं। गांधी ने वॉशिंगटन डीसी में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत में कांग्रेस अत्यंत क्षमतावान है और उसमें खुद को बदलने की ताकत है जो अन्य राजनीतिक दलों की तुलना में उन्हें ज्यादा लगती है। उन्होंने कहा यदि आप कांग्रेस पार्टी को देखें और इसकी तुलना अन्य राजनीतिक दलों से करें तो इसमें खुद को नया रूप देने की क्षमता है। इसमें एक तत्व है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समय से मौजूद है और एक राजनीतिक संगठन के रूप में इसमें कई गुण बहुत शक्तिशाली हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि 2024 के चुनाव के दौरान भी उन्हें प्रताड़ित किया गया था। उन्होंने कहा चुनाव के दौरान एक समय ऐसा आया जब मैं पार्टी की कोषाध्यक्ष से बातचीत करते हुए कह रहा था 'देखो, आपके बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। यदि आपके बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं तो आप चुनाव कैसे लड़ेंगे।

## अमेरिका में रहने वाले सिखों को गुमराह कर रहे हैं राहुल : पुरी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भाजपा के नेता एवं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सिख समुदाय के बारे में दिये गये बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि गांधी अमेरिका दौरे के दौरान देश के सिखों के बारे में गलत बयान देकर वहां (अमेरिका) रहने वाले सिखों को गुमराह कर रहे हैं। पुरी ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सिखों के बारे में गांधी की ओर से दिये गये बयान की निंदा की और कहा कि कांग्रेस नेता ने कहा है कि भारत में सिख समुदाय तनाव में जीते हैं। उन्हें पगड़ी, कड़ा-कृपाण पहनने में दिक्कत होती है, जबकि सच्चाई यह है कि मैं पिछले 60 वर्षों से पगड़ी और कड़ा-कृपाण पहन कर गर्व महसूस करता हूँ और देश के हर हिस्से में भ्रमण करता हूं। उन्होंने कहा, मैंने शहरों से लेकर देश के दूरदराज इलाकों में भी सिख भाइयों को पगड़ी पहन कर अपना-अपना काम करते देखा है और मुझे गर्व महसूस होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब भी गुरूद्वारा गए हैं, तब वे पगड़ी पहनकर गुरूद्वारा गए। सिख समुदाय को गर्व है कि मोदी के नेतृत्व की सरकार में सिख समुदायों की लंबित मांगों को पूरा किया गया। प्रधानमंत्री ने करतारपुर साहिब जाने का रास्ता खुलवाया। सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के शहजादों के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा, वर्ष 1984 में सिख समुदाय के खिलाफ अभियान चलाया गया था। आजादी के बाद इतिहास में पहली बार सिख समुदाय ने उस समय असुरक्षित महसूस किया था, जब उनकी जिंदगी पर खतरा मंडराया था। यह तब हुआ था, जब गांधी के परिवार के हाथों में देश की सत्ता थी और उनके पिता देश के प्रधानमंत्री थे। इस सिख दंगे में 3000 से ज्यादा निर्दोष सिख भाई-बहनों का नरसंहार किया गया था। उस समय आगजनी की गयी थी और सिखों को घरों से खींचकर जिंदा जला दिया गया था। उस वक्त कई सिख भाइयों ने जिंदा रहने के लिए अपनी पगड़ी तक उतार दी थी और दाढ़ी-बाल कटवा लिए थे।

## हरियाणा विधानसभा चुनावः भाजपा ने 21 उम्मीदवारों के नामों का किया एलान

**नयी दिल्ली/वार्ता।** भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 21 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी दूसरी सूची में 21 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। पार्टी ने राज्य के शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा और जनस्वास्थ्य मंत्री बनवारी लाल का टिकट काट दिया है। पार्टी ने जुलाना में कांग्रेस की उम्मीदवार विनेश फौगाट के खिलाफ कैप्टन योगेश बैरागी को मौदान में उतरा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भाजपा ने पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची में 67 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। इस तरह से पार्टी ने अब तक राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 88 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है।

## स्मृति ईरानी ने की चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में भाजपा सदस्यता अभियान में शिरकत

**नई दिल्ली।** भाजपा का विस्तार करने के उद्देश्य से एक बड़े कदम के तहत, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राष्ट्रीय राजधानी के चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र के केशवपुरम में पहुंचीं और भाजपा सदस्यता अभियान में शिरकत की। ईरानी के साथ सांसद प्रवीन खंडेलवाल भी उपस्थित थे। यह दौरा भाजपा के सदस्यता अभियान का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर समर्थकों को पार्टी में शामिल करना और पार्टी के आधार को व्यापक बनाना है। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक बूथ स्तर तक के भाजपा समर्थकों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने भाजपा के आधिकारिक सदस्य बनने और अन्य लोगों को भी इस अभियान में शामिल करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## मोदी को 'बिच्छू' कहने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने थरूर के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही पर रोक लगाई

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना कथित तौर पर बिच्छू से करने के एक पुराने मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ चल रही मानहानि की कार्यवाही पर मंगलवार को पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर महादेन की पीठ ने थरूर को अंतरिम राहत दी और इस मामले के शिकायतकर्ता भाजपा नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी करके चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब देने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने थरूर द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के नौ अगस्त 2024 के फैसले के खिलाफदायर विशेष अनुमति याचिका पर अपना यह आदेश पारित किया, जिसमें आपराधिक मानहानि मामले को खारिज करने के कांग्रेस सांसद के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था। पीठ के समक्ष थरूर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता मोहम्मद अली खान ने तर्क दिया कि उनके द्वारा दिया गया बयान भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 के अपवाद खंड 08 और 09 के अंतर्गत आता है, क्योंकि टिप्पणी को सद्भावनापूर्वक की गई।

## राष्ट्रपति ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की मांग वाला ज्ञापन केन्द्रीय गृह सचिव को भेजा

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में बंद होने के कारण उत्पन्न संवैधानिक संकट के मद्देनजर आम आदमी पार्टी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करने वाले भारतीय जनता पार्टी के ज्ञापन को केन्द्रीय गृह सचिव के पास भेज दिया है। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दिल्ली भाजपा के नेता विजेन्द्र गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली में लगातार हो रहे संवैधानिक उल्लंघनों और शासन की विफलताओं के चलते मेरे साथ सभी भाजपा विधायकों ने 30 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलकर दिल्ली सरकार की नाकामियों का ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रपति ने इसे उचित कार्यवाही के लिए केन्द्रीय गृह सचिव को भेज दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार खो चुकी आम आदमी पार्टी के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। ज्ञापन में कहा गया है।

### सीएम साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अयोध्या में रामलला सहित पांच तीर्थों के दर्शन के लिए झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

## 600 कार्यकर्ता 13 बसों में छह दिनों की यात्रा में बनारस, प्रयागराज, चित्रकूट, मैहर की तीर्थ यात्रा करेंगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने अयोध्या, बनारस, प्रयागराज, चित्रकूट, मैहर की पांच तीर्थ यात्रा पर जा रहे रायपुर जिले के धरसींवा क्षेत्र के तीन मंडलों के 600 कार्यकर्ताओं को शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। मुख्यमंत्री साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ सिंह ने इन तीर्थ यात्रियों को ले कर जा रही 13 बसों को विधानसभा के पास शीतल बाड़ी से झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शुभ अवसर पर जब भगवान गणेश घर घर में विराजमान हैं आप लोग पांच तीर्थ के दर्शन के लिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने प्रदेश के नागरिकों को अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए रामलला तीर्थ दर्शन योजना प्रारंभ की है। यह योजना पूर्व





मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समय प्रारंभ की गई तीर्थ यात्रा योजना का विस्तार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने अपने समर्पण और मेहनत से विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई। उनसे किए गए वायदे के अनुसार आज इस क्षेत्र के 600 कार्यकर्ता पांच तीर्थो की यात्रा पर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थों के दर्शन के दौरान श्रद्धालु अपने घर परिवार के साथ छत्तीसगढ़ की खुशहाली, समृद्धि के लिए भी आशीर्वाद मांगें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और प्रभु राम का ननिहाल है। यहां सदैव खुशहाली हो ऐसी कामना आप सभी तीर्थों के दर्शन के दौरान करें। हम सब आप लोगों को प्रणाम करने के लिए यह आए हैं। आपकी यात्रा मंगलमय हो। इस अवसर पर अतिथियों ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि हम लोग पांच तीर्थों के दर्शन के लिए जा रहे आप लोगों को प्रणाम करने और शुभकामनाएं देने आए हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग पुण्य काम में जा रहे हैं आप पर इंद्रदेव की कृपा है। इस पुण्य काम में सहयोग देने वालों को पुण्य भी मिलेगा। आपकी यात्रा मंगलमय हो। तीर्थ दर्शन के दौरान आप छत्तीसगढ़ में सुख, शांति और समृद्धि के लिए भी प्रार्थना करिएगा। स्वागत भाषण धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने दिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व विधायक देवजी पटेल सहित नितिन अग्रवाल, छगन मूंदड़ा सहित मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। देवजी पटेल भी कार्यकर्ताओं के साथ पांच तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए।

## सेबी प्रमुख की एग्रो कंपनी को लेकर जवाब दें मोदी : पवन खेड़ा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच तथा उनके पति की कंपनी का खुलासा हिंडन वर्ग रिपोर्ट में हुआ है जिसका बुच ने खंडन किया है लेकिन इसको लेकर जो रिपोर्ट में सामने आई हैं वह चौंकाने वाली है और इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस प्रचार तथा संचार विभाग के प्रमुख



पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट में एक कंपनी एग्रो एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड का नाम सामने आया था जो कि 7 मई 2013 में रजिस्टर हुई थी। यह कंपनी माधबी पुरी बुच और उनके पति की है लेकिन पुरी ने रिपोर्ट आने के बाद इस बात का खंडन किया था। खंडन में उन्होंने लिखा कि जबसे पुरी सेबी में गई तब से यह कंपनी निष्क्रिय है। लेकिन इस कंपनी में अभी भी 99 प्रतिशत हिस्सेदारी माधबी की है। प्रवक्ता ने सरकार से सवाल किया और कहा एग्रो से किन-किन कंपनियों ने सेवाएं लीं। जिन कंपनियों ने एग्रो की सेवाएं लीं क्या वे सेबी के स्कैनर में हैं। इसका जवाब हमें मिला कि माधबी ने सेबी के अपने कार्यकाल में रहते हुए एग्रो के माध्यम से 2 करोड़ 95 लाख रुपए कमाए। उन्होंने मोदी से पूछा क्या आपको पता था कि एग्रो में माधबी की 99 प्रतिशत शेयर होल्डिंग है। जब आपने माधबी को सेबी चेयरपर्सन बनाया, तो क्या आपको किसी एजेंसी ने रिपोर्ट नहीं दी थी।

## एनआईए ने रामेश्वरम कैफे मामले में चार आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। एनआईए ने मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मथीन अहमद ताहा, माज़ मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ के खिलाफ आरोप पत्र दायर किए। चारों को पहले गिरफ्तार किया गया था और वे न्यायिक हिरासत में हैं। उल्लेखनीय है कि गत एक मार्च को बेंगलुरु के ब्रूकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए और संपत्ति को व्यापक नुकसान हुआ। एनआईए ने तीन मार्च को मामले की जांच अपने हाथ में ली और राज्य पुलिस और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय में कई तकनीकी और क्षेत्रीय जांचे की। जांचकर्ताओं ने दावा किया कि शाजिब ने बम लगाया था और वह ताहा के साथ अल-हिंद मॉड्यूल के भंडाफोड़ के बाद 2020 से भाग रहा था। इन्हें विस्फोट के 42 दिन बाद पश्चिम बंगाल में पकड़ा गया था। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के शाजिब और ताहा दोनों कथित तौर पर कट्टरपंथी आईएसआईएस समर्थक थे और विचारधारा में दूसरों को भर्ती करने में शामिल थे। उनके साथी माज़ मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ भी कट्टरपंथी लोगों में से थे। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने भारत और बंगलादेश से धोखाधड़ी से प्राप्त भारतीय सिम कार्ड, बैंक खाते और पहचान दस्तावेजों का इस्तेमाल किया जिनमें से कुछ डार्क वेब से डाउनलोड किए गए थे।

# किसान समृद्ध होंगे तो देश समृद्ध होगा : दयाल दास बघेल

## राज्य सरकार सुदूर अंचल तक प्रदेश के शत-प्रतिशत गरीब परिवारों को पहुंचा रही राशन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की आज दूसरे दिन मैराथन बैठक लेकर विभागीय काम-काज की प्रगति की समीक्षा की। बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों, गरीबों और जरूरतमंदों के विकास एवं समृद्धि के लिए प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसान समृद्ध होंगे तो देश समृद्ध होगा। अतः किसानों को सहूलियत प्रदान करते हुए उनके उपज की एक-एक दाना खरीदना हमारी जिम्मेदारी है। हमें किसानों के हित में संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए उन्हें आवश्यक सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने इस मौके पर चालू माह के 30 सितम्बर तक पिछले साल खरीदी गई धान का मिलान कार्य अनिवार्य रूप करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य अधिकारियों और निरीक्षकों को हर माह 10 राशन दुकानों जांच करने तथा गड़बड़ी पाए जाने पर सशक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। खाद्य मंत्री बघेल ने बैठक में कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हमारी सरकार अपने किए हुए वायदे के अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ 3100 रूपए के भाव से धान खरीद रही हैं। आगामी खरीफ सीजन में भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए राज्य सरकार द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक इंतजाम शुरू करने को कहा है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बारदाने की व्यवस्था, धान खरीदी केन्द्रों में इंटरनेट कनेक्शन, कम्प्यूटर और नापतौल उपकरणों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य मंत्री बघेल ने बैठक में कहा कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी के दौरान किसानों से इस बात की शिकायत नहीं आनी चाहिए कि उनसे अधिक धान नहीं खरीदा जा रहा है। इसलिए धान खरीदी केन्द्रों के नापतौल के उपकरणों को दुरूस्त कर लिया जाए। उन्होंने राशनकार्ड के वितरण में आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि जिन राशनकार्डो का नवीनीकरण नहीं हुआ है। उन राशनकार्डो को विधिवत सत्यापन की कार्यवाही जल्द पूर्ण करना सुनिश्चित करें। खाद्य मंत्री बघेल ने नापतौल विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के सभी राशन दुकानों का सतत् रूप से निरीक्षण करें और राशन दुकानों में कम खाद्यान्न देने अथवा नापतौल संबंधित शिकायतों का जांच कर तत्काल निराकरण करें। उन्होंने वेयरहाउस कार्पोरेशन के कार्यो की समीक्षा में कहा कि खाद्यान्न गोदामों में जो भंडारण होता है उसकी गुणवत्ता एवं वजन की जिम्मेदारी वेयरहाउस कार्पोरेशन के अधिकारियों की है। भंडारण सामग्री की गुणवत्ता एवं वजन में कमी अथवा किसी भी प्रकार की लापरवाही होती है तो संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधकों को समयबद्ध भंडारण के निर्देशित किया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में 22 लाख टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 4.5 लाख टन जमा करना शेष है। धान उठाव एवं कस्टम मिलिंग के लिए 32 लाख टन जमा करना शेष है। भण्डार गृह में जो धान शेष है उनका तेजी के साथ उठाव और कस्टम मिलिंग का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही कराया जाएगा। मंत्री दयाल दास बघेल ने कस्टम मिलिंग कर एफसीआई और नॉन में जल्द चावल जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़े तो राइस मिल में भौतिक सत्यापन का कार्य भी किया जाए। बैठक में खाद्य विभाग के सचिव बसवराजू एस, खाद्य संचालक जितेन्द्र शुक्ला, मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा, नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी के.डी. कुंजाम वेयरहाऊस कार्पोरेशन, नापतौल शाखा, नागरिक आपूर्ति निगम, खाद्य शाखा एवं जिला विपणन अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर निगम कमिश्नर ने जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण



#### राजस्व अधिकारियों को विशेष नजर रखने और राहत-बचाव कार्य करने के निर्देश

रायपुर। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर में लगातार बारिश की वजह से निचली बस्तियों और वार्डो में जलभराव से बचाव और राहत कार्य करने के निर्देश दिए है। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर जलभराव से निपटने के निर्देश दिए और सतत मॉनीटरिंग करने अधिकारियों को कहा है। राजस्व अधिकारियों को भी चिह्नित जलभराव क्षेत्र पर विशेष नजर बनाए रखने के निर्देश दिए है। राजस्व अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर जलभराव से निपटने के कारगर कदम उठा रहे है और मौके पर पहुंचकर व्यवस्था को बेहतर बनाने का उचित कार्य कर रहे है। उल्लेखनीय है कि पानी की निकासी के लिए नालों एवं नालियों को साफ रखने के निर्देश दिए है, ताकि बारिश से जलभराव की स्थिति उत्पनन न हो। साथ ही स्वच्छता का ध्यान रखने को कहा है।

# विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने गांव-गांव जाकर लोगों को दिलाये भाजपा की सदस्यता



### भाजपा मण्डल पिरदा के रजपालपुर में सदस्यता अभियान

भाजपा मण्डल पिरदा के शक्ति केंद्र लिमदरहा अंतर्गत ग्राम रजपालपुर (भाटापारा) में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही, जिला उपाध्यक्ष द्वय रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल,विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिलोचन नायक, सरपंच प्रेमलाल नायक, जिला पंचायत सदस्य हेमकुमारी नायक, महामंत्री द्वय राजकुमार पटेल, इंदल बरिहा, बूथ अध्यक्ष द्वय, दीपक नायक, महिला मोर्चा अध्यक्ष बसंती प्रधान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष तोसकुमार पटेल, मीडिया प्रभारी हरिकेश भोई सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व ग्रामीणजन मौजूद थे।

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा मण्डल गढ़फुलझर अंतर्गत ग्राम मोहका में भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल सम्मिलित हुए। उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने कहा सदस्यता अभियान का एक और दौर प्रारंभ हो रहा है। भारतीय जनसंघ से अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने का भरसक प्रयास किया है। अगर किसी दल में या पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र निरंतर नहीं पनपता तो वैसी स्थिति बनती है जो आज हम देश के कई दलों की देख रहे हैं। हम सभी को मिलजुल कर सदस्यता अभियान में लग जाना है और क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक संपर्क कर भाजपा के डबल इंजन की सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार बताते हुए भाजपा की सदस्यता दिलाना है। इस अवसर को भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही, जिला उपाध्यक्ष द्वय रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल,विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,गढफुलझर मण्डल अध्यक्ष माधव साव, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, नवीन साव, नरहरी पोर्ते, बूथ प्रभारी, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसी कड़ी में विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने बसना एवं पिरदा मण्डल के सदस्यता अभियान में शामिल हुए। भाजपा मण्डल बसना के शक्ति केंद्र धनापाली अंतर्गत ग्राम बाराडोली में भाजपा सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा रायपुर संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्राही, जिला उपाध्यक्ष द्वय रमेश अग्रवाल, जितेन्द्र त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल,विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, कमलध्वज पटेल, खीरसागर साव, राजेश पटेल, मुरली पटेल, सत्यप्रकाश साव, टीकाराम पटेल, वेदप्रकाश पटेल, विनय राणा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व ग्रामीणजन मौजूद थे।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव एशियन डेवलपमेंट बैंक के आमंत्रण पर नौ दिवसीय अध्ययन दौरे पर अमेरिका के लिए रवाना



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव एशियन डेवलपमेंट बैंक के आमंत्रण पर नौ दिवसीय अध्ययन दौरे पर सोमवार की देर रात अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह भी उनके साथ जा रहे हैं। दोनों सोमवार रात साढ़े 11 बजे की नई दिल्ली-न्यूयॉर्क फ्लाइट से अमेरिका के लिए रवाना हुए। वे इस दौरान एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा आयोजित कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण में भी हिस्सा लेंगे। वे वहां उन्नत सड़क परियोजनाओं के साथ ही अच्छी गुणवत्ता के सड़क निर्माण और छत्तीसगढ़ में इन्हें लागू करने के संबंध में चर्चा करेंगे। साव 18 सितम्बर को भारत लौटेंगे।

स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।
स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।
रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।
जनहित में जारी
मोर Raipur SMART CiTY
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर
शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से कंवर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य मुलाकात



### करमा महोत्सव का आमंत्रण दिया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के उनके निवास कार्यालय में कंवर समाज के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कंवर समाज के अध्यक्ष हरवंश सिंह मिरी के नेतृत्व में सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री साय को युवा कंवर समाज द्वारा आयोजित होने वाले करमा महोत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधि मंडल को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कंवर समाज के महासचिव नकुल चंद्रवंशी, टूकेश कंवर भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ उत्तर बस्तर कांकेर जिले के चारामा विकासखंड के जेपरा सहित विभिन्न गांवों में विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर विचार विमर्श किया।

# अत्यंत जर्जर हो चुके 44 आंगनबाड़ी भवनों को डिस्मेंटल करने मिली अनुमति

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के ऐसे जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी भवन जो मरम्मत योग्य नही है, को डिस्मेंटल कराने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्देश दिए गए है, ताकि जर्जर हो चुके शाला भवनों से किसी तरह की अप्रिय घटना एवं जानमान की क्षति होने से बचा जा सके। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना मरवाही के प्रस्ताव पर मरवाही विकासखंड के अंतर्गत अत्यंत जर्जर हो चुके 44 आंगनबाड़ी भवनों को डिस्मेंटल करने न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी मरवाही द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133, नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर तत्संबंध में अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग उपसंभाग मरवाही, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग मरवाही एवं परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना मरवाही की संयुक्त जांच दल के प्रतिवेदन के अनुसार 44 आंगनबाड़ी भवन डिस्मेंटल योग्य पाया गया। उपरोक्त भवनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 के तहत् डिस्मेंटल करने की अनुमति प्रदान की गई है। डिस्मेंटल उपरांत मलबा एवं अन्य सामग्री का निस्तारण संबंधित ग्राम पंचायत के खाते में राशि जमा नियमानुसार करेंगें। डिस्मेंटल योग्य आंगनबाड़ी भवनों में कुम्हारी, माड़ाकोट, मनौरा, मरवाही, गरलैयाटोला, परासी, भर्राटोला, ठिहाईटोला, धौराठी, नगदहराटोला, कांसबहरा, चलचली, तेंदूमुड़ा, केरहाटोला, धनौरा, गनया, चनाडोंगरी, चिनगीटोला, ठोढ़ीचुआ, छलकाटोला (करगीकला), चिल्हनटोला, मौहरीटोला, मढ़ैयाटोला, चमरानटोला, पटौहाटोला, सत्तीटोला, बच्छाटोला, मासूलडांड़, झाडूटोला, निमधा, जरहाटोला, दरमोहली, मसूरीखार, कनईटोला, बरटोला, छलकाटोला (बगड़ी), अण्डी, गुड्डीटोला, डोंगरीटोला, चुरकीटोला, स्कूलपारा, खंता, धोबहर, छिंदीटोला शामिल है।

# चक्रधर समारोह-2024 में अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी दिखाएंगे अपना जौहर

## 11 एवं 12 सितम्बर को कुश्ती और 13 से 15 सितम्बर को कबड्डी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



39वॉ चक्रधर समारोह 2024 के अवसर पर रामलीला मैदान, रायगढ़ में महिला एवं पुरूषों के अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 11 एवं 12 सितम्बर तथा 13 से 15 सितम्बर तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये छत्रसाल अखाड़ा नई दिल्ली, रायपुरा कुश्ती एकेडमी (नेवी) हरियाणा, सुशील कुमार कुश्ती एकेडमी हिसार हरियाणा, चौधरी चरण सिंह अखाड़ा मेरठ, कर्नाटका व्यायाम शाला कर्नाटक, मेहर सिंह अखाड़ा रोहतक, मास्टर चांदगीराम अखाड़ा दिल्ली, महाराष्ट्र कुश्ती संघ पुणे एवं गोवा कुश्ती एकेडमी गोवा के महिला एवं पुरूष पहलवानों को आमंत्रण भेजा गया है। सभी एकेडमी एवं अखाड़ा के संचालकों ने अपने श्रेष्ठ महिला एवं पुरूष पहलवानों को भेजने की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रतियोगिता के संचालन के लिये अंतर्राष्ट्रीय रेफरी अजीत मानदीपक चाहर, जशबीर सिंह ढ़ाका एवं महिला रेफरी प्रतिभा दुबे भी उपस्थित रहेंगी। अखिल भारतीय एवं राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों के पहलवान अपना दॉव-पेच दिखायेंगे इनमें 57 से 75 किलोग्राम वर्ग में उत्तर प्रदेश मेरठ से विशाल तोमर, विनय तोमर, यशकुमार, अर्जुन प्रधान, सतेन्द्र तोमर, निशांत कुमार, भानू, निहाल गुप्ता, वंश, हिमांशू, लक्की, आलोक कुमार शामिल होंगे। इसी तरह 56 से 110 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली से अनिरूद्ध कुमार, आशीष, विशाल, अतुल, निखिल, सागर, अमित, सुमित, विकास, आशीष, 57 से 110 किलोग्राम वर्ग में उत्तर प्रदेश से लक्ष्मण यादव, सचिन मिरी, शेर बहादुर इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसी प्रकार 50 से 110 किलोग्राम वर्ग में छत्तीसगढ़ दुर्ग से लक्की यादव, सत्येन्द्र निषाद, सुनील निषाद, शेख फरदीन, संतोषी चंद्राकर, 55 से 110 किलोग्राम वर्ग में भिलाई छत्तीसगढ़ से विशाल पांडे, पवन कुमार, शुभांकर यादव, सतपाल यादव, सत्येन्द्र कुमार यादव, सचिन पासवान, विजेन्द्र पाल, मृत्युंजय यादव, अंकित यादव, सत्यम कुमार सिंह, हिमांशू यादव एवं अश्वनी कुमार पांडे पहलवान अपने दाव-पेंज का प्रदर्शन करेंगे। 50 से 80 किलोग्राम वर्ग में धमतरी छत्तीसगढ़ से कुनाल यादव, मनीष यदु, गिरजा शंकर, अरियन्त भोय, हर्ष चंद्रवंशी, संदीप यदु, यनेश साहू, वेद कुमारी नेताम, लक्ष्मी साहू, लोकेश्वर निषाद एवं कु.मोनिका भोय शामिल है। इसी तरह 55 से 76 किलोग्राम वर्ग में महिला पहलवानों में शीतल, अंजली, डोली, रेनु, सुची, खुशबू, वाशु, अंजली एवं वर्षा इस प्रतियोगिता में शामिल होंगी। महिला एवं पुरूष पहलवानों के चार (वजन) वर्ग में प्रतियोगिता होगी, जिसमें विजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार भी प्रदान की जाएगी। इस आयोजन को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ का सहयोग रहेगा।

11 Sep. 2024 Pride Of Raipur

हकीकत है ये सपना नहीं, हर चीज मिलती है सही... सही...
बढ़ीया क्वालिटी और सस्ता दाम, बस आपको मिलेंगे सिर्फ यही
रोज आइये, रोज उपहार पाइएं...
लक्की ड्रॉ
2 पीस कप सेट
आपका विश्वास... हमारी पहचान...
ZEE महासेल
पहला एवं दूसरा माला, दिक्षित कॉम्प्लेक्स
मोतीमहल होटल के पास, बैजनाथपारा, रायपुर
समय : सुबह 10 से रात 9.30 बजे तक पार्किंग सुविधा उपलब्ध

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरा साधना है
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान...
बुकिंग के लिए संपर्क करें :
+91 7470674060
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
नोट: मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
पं. रविकांत शर्मा एवं पं.एस. के. शास्त्री - +919755964567

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्यज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्यज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है।

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# 107 वर्षों के बाद आई चितलनार में भीषण बाढ़ प्रभावितों के सहयोग हेतु क्षत्रिय समाज आया सामने

## प्रदेश अध्यक्ष भाजपा विधायक जगदलपुर किरण देव एवं विधायक चित्रकोट विनायक गोयल भी ग्रामीणों के सम्पर्क में

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



सुकमा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हो रहे हैं, ग्रामीणों की रोजमर्रा जीवन शैली बुरी तरह प्रभावित हो रही है। इसी दौरान विकासखंड छिंदगढ़ के तोगपाल तहसील के ग्राम पंचायत चितलनार में चक्का बुक्का नदी में पानी बढ़ जाने के कारण गाँव के आधे से अधिक घर जलमग्न हो गए हैं, लगभग 8 घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है और ग्रामवासियों के अनुसार लगभग 50 घर और हैं जो इस बाढ़ की वजह से गिर जाएंगे। जिला प्रशासन अपने स्तर से प्रभावितों की मदद करने में लगा हुआ है, इस भीषण तबाही में लोगों की मदद करने में क्षत्रिय समाज के रायल राजपूत संग़ठन भी आगे आया है जबसे बाढ़ की खबर आई है तबसे से रॉयल राजपूत संगठन के सदस्य यहाँ नजर बनाकर रखे हुए है पहले दिन रात्रि के 3 बजे तक संगठन के उपेंद्र चौहान ग्रामीणों के बीच थे व उन्हें हर सम्भव मदद की दूसरे दिन भी संगठन के अन्य सदस्यों के साथ उपेंद्र चौहान, संजय भदौरिया, निक्की, आर्यन, सिद्धांत आदि लोगों प्रभावित ग्रामीणों की मदद को पहुंचे।

### क्षत्रिय समाज ने सूखा राशन, कपड़े व आर्थिक मदद दी

विदित हो की बाढ़ में ग्रामीणों के घर गिर जाने की वजह से उनके तात्कालिक व्यवस्था हेतु न तो पैसे थे न ही कपड़े व राशन रॉयल राजपूत क्षत्रिय संघठन के सदस्यों ने घर घर जाकर उनकी पीड़ा को समझा व बच्चों को टीशर्ट पेंट महिलाओं को साड़ी, पेटीकोट व पुरुषों को लुंगी,बनियाँन व अन्य वस्त्र प्रदान करते हुए समस्त छतिग्रस्त घरों के ग्रामीणों को तीन-तीन हजार रु. की आर्थिक मदद भी की जिससे वो अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा कर सकें।

### किरण देव व विनायक भी हैं लगातार सम्पर्क में

विदित हो की इस त्रासदी की खबर जैसे ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदलपुर विधायक किरण देव एवं विनायक गोयल विधायक चित्रकोट को लगी वे लगातार जिला प्रशासन एवं अपने कार्यकर्तावाओं से सम्पर्क कर हर सम्भव मदद करने हेतु निर्देशित कर रहे हैं।

### वीडियो काल के माध्यम से विनायक ने की चर्चा

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने वीडियो काल के माध्यम से ग्रामीणों से बात कर उनका हाल चाल जाना एवं मदद करने का आश्वाशन भी दिया

### किरण देव दिल्ली से बनाये हुए हैं नजर

बता दें की जगदलपुर विधायक प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण देव इन दिनों संगठन के कार्यों से दिल्ली परवास पर है परन्तु वो लगातार अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से चितलनार पर नजर बनाये हुए है व कलेक्टर सुकमा को भी यहाँ हर सम्भव मदद करने हेतु निर्देशित किया है, आवश्यक बैठक में होने के बावजूद भी उन्होंने मोबाइल के माध्यम से प्रभावित लोगों को हाल जाना।

# दानवीर भामाशाह सम्मान हेतु व्यक्तियों तथा संस्थाओं से प्रविष्टियां आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कार्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार आगामी राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति, संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान 2024 अलंकृत किया जाएगा। चयनित व्यक्ति, संस्था को सम्मान के रूप में एक लाख रुपये की राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएगें। इस संबंध में व्यक्ति, संस्था का पूर्ण परिचय, व्यक्ति, संस्था छत्तीसगढ़ में निवासरत, कार्यरत होना, व्यक्ति, संस्था का पिछला कार्य उत्कृष्टता और वर्तमान में भी निरंतर सक्रिय होना आवष्यक किया गया है। उक्त सम्मान हेतु ज्यूरी के सदस्यों की प्रविष्टियां मान्य नहीं होगी।

इसके अलावा इस सम्मान समारोह हेतु प्रविष्टियां के लिए दानशीलता एवं राष्ट्रीयता के क्षेत्र में किये गये कार्यों का विस्तृत विवरण, अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण, उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में प्रकाशन, प्रख्यात व्यक्तियों, पत्र पत्रिकाओं द्वारा की गई टिप्पणी, निरन्तर क्रियाशील एवं निर्विवाद होने के विषय में कलेक्टर की अनुशंसा तथा चयन होने की दशा में पुरस्कार ग्रहण करने की लिखित सहमति एवं पासपोर्ट साइज के 03 फोटोग्राफी दिया जाना भी जरूरी होगा।

# लगातार बारिश से नदी, नाले उफान पर, जनजीवन हुआ प्रभावित





**चारामा।** अंचल में हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र के नदी, नाले उफान पर है। जिससे अंचल में जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो चुकी है। वहीं विकासखंड चारामा के ग्राम सिरसिदा के शीतलापारा पहुंच मार्ग में बने छोटी पुल के बह जाने से लोगों का सम्पर्क टूट गया है। इसी तरह महानदी तट के खेत भी लबालब हो गये हैं। जबकि महानदी घाट हाराडुला में बने विशालकाय पुल के उपर से पानी बहने से दोनों तरफसे आवागमन बंद है। पुल के दोनों ओर पुलिस बल तैनात किए गये हैं। अंदेशा लगाया जा रहा है कि देर रात तक महानदी में जलस्तर बढ़ने की पूरी संभावना है। वहीं महानदी घाट माहूद के आसपास खेत लबालब हो चुके हैं, जिससे किसानों को बड़ी क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। महानदी में आए बाढ़ की चपेट में तट के किनारे घरों व स्कूल में भी पानी भर गया है। जिसके चलते माहूद का प्राथमिक स्कूल नहीं खुल पाया।

# राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत महिलाओं एवं शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार पोषण अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का जिले में 01 सितम्बर 2024 से प्रारंभ हो गया है। ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम को जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जन आंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय पोषण माह के सुचारू एवं परिणाम मूलक आयोजन एवं गतिविधियों के आयोजन में जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकाय के प्रतिनिधि, सहयोगी विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी, महिला स्व-सहायता समूह, महिला मण्डली, नेहरू युवा केन्द्रों, नेशनल क्रेडिट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाता है। इस क्रम में जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह 2024 का मुख्य उद्देश्य पंचायतों को सक्रिय करना इस हेतु ग्राम स्तर पर सरपंच, ग्राम पंचायतों को गतिविधियों का आधार बनाते हुए जन आंदोलन को जन भागीदारी के रूप में परिवर्तन करना है। इस प्रकार जिले में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन थीम के अनुसार किया जा रहा है इसके अन्तर्गत एनीमिया गर्भवती, शिशुवती, किशोरी बालिका एवं कुपोषित बच्चें को लक्ष्य करते हुए पोषण को प्राथमिकता देना, वृद्धि निगरानी 06 माह से 03 वर्ष के बच्चे, 03 से 06 वर्ष के बच्चों में कुपोषण, वजन के आधार पर, ऊंचाई के आधार पर, दुबलापन के आधार पर पहचान कर पोषण स्थिति को सुधार करना, पूरक पोषण आहार के अंतर्गत गरम भोजन, सुपोषण योजना अंतर्गत यूनिवर्सल एग (अण्डा) को प्रभावी ढंग से खिलाया जाना, पोषण भी पढ़ाई भी अंतर्गत शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए पौष्टिक भोजन कराया जाना एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि, वालबाड़ी शिक्षा को प्राथमिकता देना, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण के अंतर्गत गर्भवती, शिशुवती किशोरी बालिकाए एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के हितग्राही बच्चों आदि को दिन में कम से कम दो बार भोजन अनिवार्य रूप से मिले लोगो को समझाईस देने जैसे थीम शामिल रहेगें। इसके अलावा 12 सितंबर से 23 सितम्बर 2024 तक राज्य शासन के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी के हितग्राही बच्चों का वजन त्यौहार आयोजित किया जायेगा। इसके अन्तर्गत ग्राम स्तर पर क्लस्टर बनाकर बच्चों का वजन लेने के साथ-साथ वजन त्यौहार एप्प में एंट्री किया जायेगा।

# माइन्स प्रभावित गांव हाहालद्दी के ग्रामीणों ने की वनोपज क्षतिपूर्ति की मांग

### कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न मांगों को लेकर दूरस्थ इलाकों से पहुंचे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में आए आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर जिले के दूरस्थ इलाके से दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम हाहालद्दी से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में माइन्स का कार्य शुरू हुए लगभग 10 वर्ष हो गए हैं। इन 10 वर्षों में मात्र एक ही बार प्रत्येक परिवार को वनोपज क्षतिपूर्ति के रूप में 7500 रूपए की राशि प्राप्त हुई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से गत 09 वर्षों की लंबित वनोपज क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने की मांग की। कलेक्टर जनदर्शन में आज कुल 34 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनदर्शन में कांकेर शहर के जनकपुर वार्डवासियों ने बताया कि मोहल्ले के एक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करते हुए तार लगाकर पेड़ लगाया गया है, जिसके ऊपर बिजली की तार है, जिससे पेड़ के संपर्क में आने पर दुर्घटना की आशंका भी है। वार्डवासियों ने उक्त भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम कांकेर को आवेदन अग्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम मारवाड़ी के ग्रामीण फरसराम यादव एवं शोभीराम यादव ने कांकेर वन मंडल अंतर्गत वन अधिकार पत्र के लंबित 31 प्रकरणों के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह नरहरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत मांडरादरहा के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आंगनबाड़ी नहीं होने से यहां के गर्भवती महिलाओं और बच्चों को 02 किलोमीटर दूर गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र में जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने यहां नया आंगनबाड़ी खोलने की मांग की। इसके अलावा जनदर्शन में कोयलीबेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत एसेबेड़ा निवासी शिप्रा बोस, नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम किशनपुरी निवासी राकेश कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने, माहुरबंद पारा निवासी हिमांशु निषाद ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने, जनकपुर वार्ड के पार्षद नरेश बिछिया ने नगर पालिका परिषद कांकेर में विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति करने की मांग एवं इरपानार पीव्ही 111 की निवासी बबीता पोद्दार ने अपने स्थानांतरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए।

# तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती निरस्त

**कांकेर।** कार्यालय कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा जिले में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु तृतीय श्रेणी (गैर कार्यपालिक) एवं चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु 14 जून 2023 को विज्ञापन/संशोधित विज्ञापन जारी किया गया था। कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने बताया कि उक्त भर्ती को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

# अग्निवीर भर्ती हेतु नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु युवाओं से अपील

**दंतेवाड़ा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण. अभ्यर्थियों के लिए शारिरिक दक्षता परीक्षा 04 दिसम्बर 2024 से 12 दिसम्बर 2024 तक जिला रायगढ़ में आयोजित है। अतः जिले के समस्त अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है. कि शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व नि:शुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जिले में स्थापित लक्ष्य प्रतिस्पर्धा परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र दंतेवाड़ा में अपना नाम दर्ज करावें।

# प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने किया बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



नारायणपुर जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रथम नारायणपुर आगमन पर डॉ. आंबेडकर पार्क में स्थित भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहब आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, कलेक्टर बिपीन मांझी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रूपसाय सलाम के आंबेडकर पार्क आगमन पर छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े, भारतीय बौद्ध महासभा नारायणपुर के अध्यक्ष उमेश रावत, आंबेडकर जयंती समिति के कोषाध्यक्ष धनेश कुमार रामटेके एवं छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय तिवारी ने पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने समाज की ओर से प्रभारी मंत्री को मांग पत्र सौंपते हुए आंबेडकर पार्क में स्थित बाबा साहब डॉ.भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा के ऊपर छत्र, सीढ़ी एवं मंच निर्माण हेतु पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा के उपाध्यक्ष सोनूराम कोर्राम, सर्व आदिवासी समाज के सदाराम ठाकुर, गजानंद चिमनकर, चैतराम मरकाम, विनोद मिश्रा, मनीष ठावरे, रवि निकम, मंगलू राम उसेंडी, मेहतर राम कचलाम, नरेश गुप्ता, अजय डहरिया, हरी कावड़े आदि उपस्थित थे।

# बुनकर समिति बोरगांव के अध्यक्ष पर भेदभाव का आरोप, पद से हटाने की मांग





**कोंडागांव।** बोरगांव स्थित बुनकर सहकारी समिति के बुनकरों ने वर्तमान अध्यक्ष मिनती देवनाथ के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए उसे पद से हटाने की मांग की है। समिति के सदस्यों का आरोप है कि, अध्यक्ष द्वारा बुनकरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है और काम देने में अनुचित व्यवहार अपनाया जा रहा है। सदस्यों से मिली जानकारी अनुसार उन्हें समय पर काम नहीं मिल रहा है और जब काम मिलता है, तो भी उसे व्यवस्थित रूप से वितरित नहीं किया जाता। कुछ बुनकरों को तुरंत काम मिलता है, जबकि अन्य को कई हफ्तों तक इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा, दो महीने से उनका मेहनताना भी नहीं दिया गया है। जब बुनकर अपनी समस्याओं के बारे में आवाज उठाते हैं, तो अध्यक्ष की ओर से उन्हें अपमानजनक भाषा का सामना करना पड़ता है और बाहर निकालने की धमकी दी जाती है। बुनकरों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष को तत्काल पद से हटाने की मांग की है। साथ ही, इस मामले की जांच कराने की भी अपील की है।

# कब-बुलबुल टीम मुरारीपारा व बाजार पारा ने चलाया साक्षरता अभियान

## विविध कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ जनों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com







उल्लास साक्षरता सप्ताह के तहत कब बुलबुल टीम द्वारा वरिष्ठ जनों का सम्मान साक्षरता के प्रति शपथ, लेखन कार्य, फूल एवं पत्ती से रंगोली, मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता एवं जुलूस निकाल लोगों को जागरूक किया गया।

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा आयोजित तथा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में एवं भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं पदेन जिला संरक्षक एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, जिला साक्षरता अधिकारी वेणुगोपाल राव के कुशल मार्गदर्शन में एवं जिला संगठन आयुक्त भीषभदेव साहू के नेतृत्व में भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ कोंडागांव से सम्बद्ध सभी संस्थाओं में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अवसर पर 1 से 8 अगस्त तक विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में जिला साक्षरता अधिकारी वेनु गोपाल राव के कुशल मार्गदर्शन में कब-मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में कब-बुलबुल टीम शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में साक्षरता अभियान के तहत बेस ड्रम के साथ गगन चुंगी नारे के साथ रैली, जुलूस निकालकर वरिष्टजनों को गुलदस्ता एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं साक्षरता के प्रति युवाओं एवं बुजुर्गो को जागरूक कर लेखन कार्य, अभ्यास कार्य कराएगा व मानव श्रृंखला बनाकर उपस्थित सभी जनों को शपथ दिलाया गया। तथा शासकीय प्राथमिक शाला बाजारपारा कोंडागांव में फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में कबदृ बुलबुल टीम द्वारा उल्लास साक्षरता अभियान के तहत फूल एवं पत्ती से रंगोली एवं विभिन्न रंगों से रंगोली तथा मेहंदी सजाओ प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित कर जुलूस रैली निकालकर साक्षरता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इसी तरह जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड नीलम श्रीवास्तव के नेतृत्व में हायर सेकेंडरी स्कूल गिरोला, जिले के वरिष्ठ सलाहकार ऋषि देव सिंह के नेतृत्व में साथ के हायर सेकेंडरी स्कूल दहीकोंगा, जिला सचिव चमन लाल सोरी के नेतृत्व में हायर सेकेंडरी स्कूल मालगांव, जिला संगठन आयुक्त गाइड संजना हरमीट के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लंजोडा,जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्याम लाल कोर्राम के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंघनपुर, ब्लॉक संयोजक कोमल साहू के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भंडार सिवनी, संगीता सोरी रेंजर लीडर के नेतृत्व में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बटराली, शशि कला ठाकुर रेंजर लीडर के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अरंडी, भुवनेश्वरी धामडे रेंजर लीडर के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बहीगांव, गाइड कैप्टन हेमा बोगियां के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल माकड़ी कोंडागांव प्रकाश देवांगन के नेतृत्व में हायर सेकेंडरी स्कूल चिपावंड में विविध कार्यक्रम आयोजित कर उल्लास साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा भंवरपुर में पदस्थ कर्मचारियों और कियोस्क संचालक से क्षेत्रवासी त्रस्त

पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा भंवरपुर में पदस्थ कर्मचारियों और कियोस्क संचालक से क्षेत्रवासी त्रस्त हैं। कियोस्क संचालक तो फोन ही नहीं उठाता। जिससे छोटी छोटी जानकारी के लिए भी लोगों को भटकना पड़ता है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा भंवरपुर के शाखा प्रबंधक को लिखित शिकायत करते हुए भाजपा आईटी सेल महासमुंद के पूर्व जिला संयोजक करुणाकर उपाध्याय ने बताया कि वे कक्षा 5 वीं में अध्यनरत अपने बेटे का खाता खुलवाने सबसे पहले छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा भंवरपुर गए थे जहां बैंक कर्मचारियों द्वारा उचित जवाब नहीं देने से उन्होंने यहां खाता खुलवाने का इरादा छोड़कर दूसरे बैंक में खाता खुलवाने के लिए लोक सेवा केन्द्र संचालक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा भंवरपुर के कियोस्क संचालक प्रदीप स्वर्णकार के पास गए और दिव्यांग स्कालरशिप के लिए अपने बच्चे का पंजाब नेशनल बैंक का खाता खुलवाने कहा तब कियोस्क संचालक प्रदीप स्वर्णकार ने तकनीकी समस्या बताया और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक का ही खाता खुलवाने का सुझाव दिया चुंकि निर्धारित समय में खाता खुलवा कर विद्यालय में जमा करना था इसलिए भाजपा आईटी सेल महासमुंद पूर्व जिला संयोजक उपाध्याय ने ग्रामीण बैंक में खाता खुलवाने सहमति दी, जिसके बाद कियोस्क संचालक द्वारा आनलाइन फार्म भरकर उसमें उपाध्याय के बेटे का हस्ताक्षर लिया गया और दो सौ रुपए शुल्क लगने की बात कही। चुंकि कियोस्क संचालक प्रदीप स्वर्णकार स्थानीय है और पूर्व परिचित हैं इसलिए बिना किसी रसीद अथवा बगैर पूछताछ के दो सौ रुपए शुल्क उन्होंने दे दिया। किंतु एक सप्ताह बाद भी कियोस्क संचालक द्वारा न तो बैंक पासबुक दिया जा रहा है और ना ही फोन उठा रहा है। इस तरह की मनमानी एवं लापरवाही से संबंधित छात्र को शासकीय योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति से वंचित होना पड़ सकता है। उपाध्याय ने कहा कि वे इस संबंध में लीड बैंक अधिकारी से भी शिकायत कर आग्रह करेंगे कि ऐसे ही रोजाना कियोस्क संचालक के पास सैकड़ों लोग शासकीय योजनाओं के तहत मिलने वाली सुखद सहारा पेंशन, महतारी वंदन, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं का पैसा लेन-देन करने कियोस्क में आते हैं जिनसे नियम के विपरित शुल्क लेकर मनमानी और स्वेच्छाचारिता किया जा रहा है जिससे राज्य एवं केन्द्र सरकार की छवि धूमिल हो रही है जिसकी जांच कर कठोर कार्रवाई किया जाय। उन्होंने बैंक प्रबंधन के विरुद्ध भी आरबीआई, बैंकिंग लोकपाल सहित राज्य एवं केन्द्र सरकार स्तर पर शिकायत करने की बात कही है।

# गांव के नाली का गंदा पानी और कचरा खेत में पवित्रों की 70 डिसमिल खेती प्रभावित

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



देवभोग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदोभांटा के आश्रित ग्राम दरलीपारा की मुख्य नाली साफ सफाई नही होने का खमियाजा गांव के गरीब किसान को चुकाना पड़ रहा क्योंकि नाली का गंदा पानी और धूल मिट्टी सहित अन्य कचरा खेत में जाने के कारण 70 डिसमिल जमीन पर खेती मुश्किल नहीं नामुमकिन है जिसके मद्देनजर किसान इस बार फसल लगाने से पूरी तरह वंचित रहा जिसे लेकर फरियादी ने महीनो पहले पंचायत सरपंच सचिव को अवगत कराते नाली सफाई के लिए कहा था लेकिन किसान की बात अनदेखा करना किसान को भारी पड़ गया है बता दें कि कोदोभांटा के आश्रित ग्राम दरलीपारा का मुख्य नाली गांव किसान पवित्रो यादव के खेत तक पहले बनाया रहा फिर पुनः नाली गांव बाहर तक निर्माण किया इस बीच पुराने नाली को नवीन नाली को पूरी तरह जोड़े बिना बना दिया ऐसे गांव गंदा पानी नाली में बहने की जगह पवित्रो के खेत पर इक्कठा हो रहा है इसके अलावा कचरा का भी अंबार लगा हुआ है जिसके मद्दे नजर खेती किसानी करना बिलकुल पॉसिबल नही है इस बीच पवित्र यादव ने बताया की नाली का नियमित सफाई नही होने के चलते गांव सारा गंदा पानी कचरा और मिट्टी खेत में इकठ्ठा हो रहा है कई बार साफ सफाई के लिए सचिव को कहा गया ताकि खेती किसानी में प्रभावित ना हो लेकिन सचिव द्वारा एक नही सुना आज खमियाजा खेती को नुकसान कर उठाना पड़ रहा है जिसकी भरपाई वर्तमान में सफाई कर भी नही किया जा सकता सबसे खास बात तो यह है कि गांव में साफ सफाई कर स्वच्छता बनाएं रखने के लिए सरकार द्वारा लाखो रुपए आबंटन किया जाता है लेकिन उक्त राशि का सद्पयोग नहीं करने के चलते ग्रामीणों को गंदगी भरे बदहाल स्थिति में जीवन जीना पड़ता है।

### गांव के गंदगी से रहवासी परेशान

गांव के कई जगह कचरा और गंदगी का अंबार लगा होता है जिसकी वजह से अधिकांश ग्रामीणों में रोष व्याप्त है क्योंकी गंदगी के चलते बुखार मलेरिया सहित कई बीमारियों का सामना करना पड़ता है बावजूद इसके नियमित साफ सफाई के लिए कोई पहल नही किया जाता जबकि जिम्मेदारों को बार बार साफ सफाई के लिए मांग किया जाता है मगर आज कल कहते टाल देते हैं तभी गांव की बद से बदतर हालत दिखाई पड़ती है।

### सीईओ से शिकायत की तैयारी

ग्रामीणों ने जिम्मेदारों के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की सरपंच सचिव को मांग करते थक हार चुके हैं अब सीधा सीईओ से शिकायत कर नियमित सफाई के लिए मांग किया जाएगा खास कर पवित्रो के खेत के समिंप ताकि पवित्रो का खेती प्रभावित ना हो सके।

# पीएमश्री विद्यालय कसडोल में बालिकाओं को नि :शुल्क सायकल वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में कुल 54 बालिकाओ को निशुल्क सायकल, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा वितरण किया गया। तत्सबंध में सदस्य तेजस्वी साहू ने शासन की योजना को सराहा और कहा की बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करते हुए सुदूर क्षेत्र से विद्यालय आने में छात्राओं को आवागमन साधन न मिलने से आगे की पढ़ाई न करने मजबूर हो जाती थी जिसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने ये योजना लाकर सभी छात्राओं के चेहरों में खुशी लेकर आई और आज सभी छात्राएं मुस्कुराते हुए सायकल के साथ विद्यालय आ रहे हैं, सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा की खूब पढ़ो, और आगे बढ़ो, इस कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के सदस्य अभिजीत श्रीवास, देवीदास मानिकपुरी, बसंत श्रीवास साथ ही विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा व स्टाफ उपस्थित थे।

# शराब की ओवर रेट बिक्री पर किसका संरक्षण? अधिकारी कर रहा गुमराह

## नेवरा के कंपोजिट शराब दुकान में लगातार शराब की ओवर रेट बिक्री

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा/नेवरा
www.dailypioneer.com




शराब की ओवर रेट बिक्री थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले पर जिला कलेक्टर का आदेश भी परवान चढ़ने के पहले गर्त में जाते नजर आ रही है। यहां पर माना जा रहा है कि आबकारी विभाग के वृत्त अधिकारी दिलीप प्रजापति जिला प्रशासन को गुमराह करने पर कोई कसर नहीं छोड़ रहा है, मजे की बात यह है कि वृत्त अधिकारी के द्वारा ओवर रेट शराब बिक्री के मामले पर जिन लोगों को ब्लेक लिस्ट व सेवा से पृथक करने का जो लिस्ट मिडिया को प्रेषित किया गया है। उससे महज मिडिया जगत को गुमराह किया जा रहा है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि आबकारी विभाग के वृत्त अधिकारी झुठे विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन व मिडिया जगत को गुमराह किया है। आबकारी विभाग के एक जवाबदारी अधिकारी के द्वारा इस तरह के खेल खेलने से मिडिया जगत में आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब हो कि रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में शराब की ओवर रेट बिक्री का खेल वर्तमान वृत्त अधिकारी के कार्यकाल से फल फूल रहा है, एक तरफ कथित अधिकारी सेल्समेनों पर कार्यवाही का दुंदुभी बजाते घुमाता फिर रहा है, वहीं शराब की ओवर रेट बिक्री अनवरत जारी है। तिल्दा-नेवरा के कंपोजिट शराब दुकान नेवरा में शराब की ओवर रेट बिक्री लगातार जारी है और वृत्त अधिकारी मिडिया जगत और प्रशासन के उच्चाधिकारियों को गुमराह कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। कहा जा रहा है कि वृत्त अधिकारी को अपने कैरियर का भी भय नहीं है और हो भी क्यों? चुंकि लक्ष्मी के सामने बड़ो बडो का नियत भी डगमगा जाता है, तो फिर एक अधिकारी की क्या बिसात, तभी तो जिला कलेक्टर के फरमान को भी यह अधिकारी रद्दी के टोकरी में जो डाल दिया है।

# शासकीय हायर सेकेंडरी जमदरहा में सरस्वती साईकिल वितरण



पायनियर संवाददाता ∢ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासन के महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण है। जिसके तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमदरहा में नवमी के बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच दुर्योधन पटेल ग्राम पंचायत जमदरहा, संकुल समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे, प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी उपस्थित थे।इसके अलावा विद्यालय के शिक्षक आशीष कुजूर, लीलाधर पटेल, देवमती पटेल, सुनीता नायक, राजन कर, पांडव नागवंशी, कमलेश कमार सर उपस्थित रहें। सभी नवमी के बालिकाएं साईकिल पाकर बहुत खुश है। उन्हें अब स्कूल आने में कोई परेशानी नहीं होगी।इन महत्वपूर्ण योजना को लाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को बालिकाओं ने आभार व्यक्त किया है।



# तीज मिलन समारोह में नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी हुए शरीक

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा/नेवरा
www.dailypioneer.com

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के रायपुर स्थित निज निवास पर तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। उक्त समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डाक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरूण साव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी धरसीवां विधानसभा क्षेत्र विधायक अनुज शर्मा, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा का जिलाध्यक्ष श्याम नारंग सहित छत्तीसगढ़ के मंत्रीगण व अन्य जनप्रतिनिधि शरीक हुए, वहीं तिल्दा-नेवरा से बतौर जनप्रतिनिधि नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी महोत्सव में शरीक होकर तिल्दा-नेवरा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया।



## इवेंजिलिन नूर मसीह का निधन

**सरायपाली।** ईवास वुडलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल सरायपाली की संस्थापक इवेंजिलिन नूर मसीह 89 वर्ष का निधन हो गया। वे अनुराग कोमल मसीह, अतुल मसीह एवं आराधना शर्मा की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार मसीह कब्रिस्तान झिलमिला में किया गया।

# डॉ. नारायण प्रसाद निषाद सरपंच का हुआ सम्मान



पायनियर संवाददाता ∢ लवन
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवानीपुर शिक्षा सत्र 1994 ,95 के पुराने विद्यार्थियों द्वारा मिलन समारोह कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की सफल बनाने आवश्यक सामग्री, मंच की साज सज्जा, नाश्ते, चाय, भोजन व्यवस्था, देखरेख, मार्गदर्शन आदि प्रबंधन मे महत्ती योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. नारायण प्रसाद निषाद, सरपंच ग्राम पंचायत भवानीपुर का साल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सामाजिक सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी पुराने समय के छात्र छात्राए, बच्चे एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जिला हॉस्पिटल में स्थापित डायलिसिस सेंटर मरीजों के लिए वरदान

## अब तक 26 सौ से अधिक डायलिसिस सेशन से मरीज हुए लाभांवित

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला हॉस्पिटल बलौदाबाजार में 2 वर्ष पूर्व स्वास्थ्य विभाग एवं डीएमएफ के सहयोग से अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर की स्थापना की गई है। जिसके अब सकारात्मक परिणाम जिले के किडनी मरीजों को मिल रहा है। जिले के दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों का डायलिसिस के लिए यहां आना होता है ऐसे में उन्हें इसका पूरा लाभ मिल रहा है। दिसम्बर 2023 से लेकर अगस्त 2024 तक प्रति दिवस तीन डायलिसिस सेशन प्रति मशीन के अनुसार अब तक 2688 सेशन किये गए हैं। इस संबंध में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम अंतर्गत निःशुल्क डायलिसिस सुविधा दी जा रही है। अस्पताल में इस समय डायलिसिस हेतु चार मशीनें लगाई गई हैं। जिला चिकित्सालय में लगी हुई मशीनों द्वारा लगभग 4 घंटे में डायलिसिस पूरी होती है। स्थिति के अनुसार मरीज को माह में आठ से बारह बार तक डायलिसिस करवाना पड़ सकता है। वर्तमान में डायलिसिस यूनिट में 38 एक्टिव पंजीकृत मरीज हैं जो नियमित रूप से डायलिसिस करवाने आते हैं। उक्त चार मशीनों में एक मशीन हेपेटाइटिस सी के मरीजों के लिए कार्य कर रही है। डायलिसिस का लाभ ले रहे कसडोल नगर निवासी 67 वर्षीय पूरण लाल साहू के साथ आएं भतीजे देवेंद्र ने बताया की पहले डायलिस के लिए चाचा जी को रायपुर ले जाना पड़ता था जो काफी खर्चीला और परेशानी भरा होता था अब घर के समीप ही सुविधा मिल जाती है। उन्हें हफ्ते में तीन बार लाता हूं। इसी तरह ग्राम चरौदा के 56 वर्षीय दिलीप बघेल ने बताया की लगभग 10 माह पूर्व रायपुर में जाँच के बाद डायलिसिस की सलाह दी गई थी। कुछ समय वहां रह के कराए,बाद में बलौदाबाजार के ही एक निजी अस्पताल गए जहां काफी पैसा लगता था,उसके बाद जिला अस्पताल से लाभ ले रहे हैं। डायलिसिस कराने वाले मरीज के परिजनों ने बताया की अस्पताल में यह सुविधा पूरी तरह से निशुल्क है तथा अब हमें डायलिसिस के लिए दूर शहर रायपुर अथवा बिलासपुर में नहीं जाना पड़ता जिसके कारण हमें हर प्रकार से सहूलियत होती है।आने-जाने का खर्च तो बचता ही है साथ में बीमारी की स्थिति में सफर के थकान से भी बचाव होता है। वर्तमान में डायलिसिस यूनिट हेतु दो टेक्नीशियन एवं एक हाउस कीपिंग स्टाफ को रखा गया है जो निरंतर अपनी सेवा दे रहे हैं। इस यूनिट में डायलिसिस के साथ-साथ मरीज को विशेष प्रकार के खानपान के संबंध में भी शिक्षित किया जाता है। सिविल सर्जन डॉ के के टेम्भूरने ने बताया की डायलिसिस गुर्दे अथवा किडनी की बीमारी से ग्रसित मरीज के लिए वह विधि है जिसमें जब गुर्दे काम करना बंद कर देते हैं या फिर उनकी क्षमता कम हो जाती है तब कृत्रिम तरीके से शरीर के अपशिष्ट पदार्थों को इस विधि के माध्यम से शरीर से बाहर निकाला जाता है। यह तब तक करना पड़ता है जब तक व्यक्ति पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हो जाता या फिर नई किडनी प्रत्यारोपित नहीं की जाती। यदि अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से बाहर ना निकाला जाए तो शरीर में विष फैल सकता है तथा व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। सीएमएचओ ने जिले के निवासियों से आवश्यकता पड़ने पर इस सुविधा का लाभ लेने हेतु अपील की है।

# सरस्वती साइकिल योजना से बेटियों की शिक्षा की राह हुई आसान : शिवरतन शर्मा

## शिवरतन शर्मा ने दो विद्यालयों में 117 छात्राओ को साइकिल वितरण किया



पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

हमारी भाजपा सरकार द्वारा पूर्व (वर्ष 2004-2005) में प्रारंभ की गई सरस्वती साइकिल योजना ने अब तक लाखो बालिकाओं को साइकिल वितरित कर उन्हें विद्यालयों तक पहुंचने की सुगमता उपलब्ध करवाई है। साइकिल वितरण के माध्यम से हमने बालिकाओं को सशक्त और स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया और यह प्रोत्साहन उनका उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने की ओर कारगर कदम साबित हुआ, उक्त बातें उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारपुर एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मोपर में आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कही। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि राज्य सरकार बेटियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही स्कूलों से उनकी दूरियां मिटाने का कार्य सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से कर रही है। जिससे आज बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहीं है। इससे बालिकाओं के शिक्षा में बाधा बनने वाली दूरियां तो दूर हुई है, साथ ही बालिकाओं के स्कूल छोडने की दर में भी कमी आई है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि इस योजनान्तर्गत शासकीय स्कूलों में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के माध्यम से निःशुल्क साइकिल वितरण की जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा के साथ ही परिवहन सुविधा उपलब्ध करना है। इसी क्रम में सिंगारपुर में कक्षा 09 वीं के 77 छात्राओं को एवं मोपर विद्यालय में 40 छात्राओ को सरस्वती साईकिल योजना के तहत निःशुल्क सायकल वितरण किया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में छात्राओं को लाभ मिल रहा है। इससे दूर-दराज से स्कूल आने वाली छात्राओं को अब काफी सहूलियत हो रही है। इससे पढ़ाई-लिखाई में कोई परेशानी नहीं होगी और छात्राओं के शैक्षणिक विकास में बढ़ोतरी होगी। इस अवसर पर प्राचार्य सिंगारपुर संजय तिवारी, प्राचार्य मोपर योगेंद्र वर्मा, डब्लू ठाकुर, पवन वर्मा, गोलू देवांगन, संतोष साहू, दीनबंधु दुबे, सुनील यदु, शिव यदु, रामकुमार साहू, सियाराम साहू, पुहुप यदु, गौरीशंकर चक्रधारी, फलित कुर्रे, कनक मनहरे, श्यामरत्न जांगडे, जगदेव ध्रुव, रामप्रसाद लहरी, श्यामरत्न निषाद, दुर्गा वर्मा, रामाधार वर्मा, सुनीत जांगडे, सोहन साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## दीर्घ जीवन का राज है मृदुता : पं. नितिन जैन

**रायपुर।** दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व उल्लासपुर्वक श्री दिगम्बर जैन खंडलवाल मंदिर जी, सन्गति नगर, फाफाडीह, रायपुर में मनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन प्रातःकाल से ही भक्तों का मंदिर जी में आना प्रारंभ हो जाता है। प्रातःकाल अभिषेक शांतिधारा से लेकर पर्व पूजाओं तक सभी साधर्मी बंधुजन पूर्ण लाभ ले रहे हैं। समिति के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया के तृतीय दिवस उत्तम आर्जव धर्म के अवसर पर मूलनायक महावीर भगवान की वेदी पर शांतिधारा करने का सौभाग्य कन्हैयालाल विमल कुमार, संजय कुमार, विजय कुमार, रोहति, पुलकित, आर्जव गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम तल में भगवान पार्श्वनाथ की वेदी पर यह सौभाग्य विजय कुमार जैन, कुंरावाले परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान मुनिसुव्रतनाथ की वेदी पर शांतिधारा अरविंद अजय चिराग पहाड़िया परिवार द्वारा की गई। प्रतिदिन प्रातःकालीन पर्व पूजा श्रावकगण भक्ति भाव से कर रहे हैं। संध्या समय उषा लोहाड़िया एवं वर्षा सेठी के निर्देशन में श्रावक प्रतिक्रमण कराया जा रहा है। उत्तम मार्दव धर्म के दिन, संध्या समय शास्त्र सभा में स्थानीय विद्वान पं. नितिन जैन 'निमित्त' ने बताया कि मार्दव धर्म का अर्थ है मृदुता यानि कोमलता।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने किया होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण

## खराब सामग्री को किया गया नष्ट, 41 सैंपल लिए गए मौके पर ही 6 अवमानक,3 को नोटिस

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को देखते हुए उपभोक्ताओं को मिलावटी से बचाने के लिए किराना दुकानों, होटलों का निरीक्षण कर अवमानक खाद्य पदार्थो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा विकासखंड सिमगा के ग्राम हथबंध में कुल 11 होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 41 खाद्य पदार्थों जांच किया गया.जिसमें से 06 सैंपल अवमानक प्राप्त हुए.जांच दौरान तिग्गड़ा चौक से लेकर बाजार एवं रेल्वे स्टेशन स्थित छत्तीसगढ़ बिहारी ढाबा एंड होटल,यादव होटल एवं स्वीट्स, गुरुजी होटल, विजय डेली नीड्स, कमल डेली नीड्स, बालकृष्ण डेयरी,मंकी केक शॉप,सोनी भाई गुपचुप, शंकर होटल एंड स्वीट्स, लिपी स्वीट्स, कृष्णा मिष्ठान भंडार,खुशी चार्ट कॉर्नर की जांच की गई। कमल डेली नीड्स में अवमानक पाए गए 1 किलोग्राम मैसूर पाक, 1 किलोग्राम नारियल बर्फी,1 किलो बर्फी, खोपरा लड्डू 2किलो, सोनी भाई गुपचुप 2 किलो ग्राम आलू मसाला, शंकर होटल एंड स्वीट्स से बालूशाही 2 किलो, रसगुल्ला 5 किलोग्राम, नष्टीकरण की गई। स्वच्छता संबंधी पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने किचन अनहाइजीनिक पाए जाने पर वह खाद्य पदार्थों को ढकने के पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने पर उपरोक्त में से 3 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ बिहारी ढाबा एवं होटल से मोतीचूर लड्डू का विधिक नमूना लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

# स्वच्छता श्रृंगार योजना: सामुदायिक शौचालयों में गंदगी पाए जाने पर महिला समूह पर गिरेगी गाज

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत शहर क्षेत्र अंतर्गत 46 सामुदायिक शौचालयों का देख-रेख करने वाली महिला स्व सहायता समूहों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। आयुक्त बोले शासन की स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत् शहर की 46 सामुदायिक शौचालयों का देख-रेख करने वाली महिला स्व सहायता समूहों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। महिला स्व-सहायता समूह के सभी संचालक उपस्थित थे। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता श्रृंगार की तैयारी शुरू हो गई है शहर के सामुदायिक शौचालयों में गंदगी पाए जाने पर महिला समूह पर गिरेगी गाज। महापौर धीरज बाकलीवाल की मंशा के अनुरुप शहर को स्वच्छ करना है। साफ-सफाई कार्य के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।लापरवाही करने वाली महिला समूह को नोटिस जारी कर कार्रवाही की जाएगी ठेका निरस्त कर शौचालय को समूह से वापस लिया जाएगा।आप लोगों को शौचालयों की जिम्मेदारी दी गई है। अब आपकी जवाबदारी है कि जिसे-जिसे, जहॉ-जहॉ सामुदायिक शौचालय का काम मिला है वहॉ-वहॉ वे नियमानुसार और अनुबंध के अनुसार पूरी सुविधा और बेहतर व्यवस्था बनाकर रखेगें।उन्होनें कहा शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 लागू है और सफाई में दुर्ग निगम को अव्वल लाना है इसके लिए आप सभी अच्छे से स्वच्छता माप दण्डों के अनुरुप शौचालयों में साफ-सफाई रखेगें। स्वच्छ भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने योजना स्वच्छता श्रृंगार की शुरुवात की है। इस योजना के तहत सभी शौचालयों को बेहतर सफा सुथरा बनाने के निर्देश दिया गया।उसे दो बार नियमित साफ-सफाई करनी होगी, स्वच्छता सर्वेक्षण श्रृंगार से पहले सामुदायिक शौचालयों को घर जैसा साफ सुथरा बनाने का के निर्देश दिए। स्वच्छता श्रृंगार की तैयार हो रहे 46 सामुदायिक शौचालय की देखरेख की जिम्मेदारी समूह की महिलाओं की होगी। जिम्मेदारी के साथ बेहतर साफ सुथरा दिन भर केयर टेकर रखना। सुलभ की साफ-सफाई दिन में दो से तीन बार होनी चाहिए। शुलभ में कुछ आवश्यक सामग्री जैसे साबुन, साबुन दान आदि रखना अनिवार्य है।शौचालय के केयरटेकर एवं जिम्मेदार व्यक्ति का मोबइल नंबर नियमित रूप से लिखा होना चाहिए। बैठक में समूह की महिलाएं द्वारा उचित मूल्य की दुकान के पास राजीव नगर, शिवनगर डंगनिया तालाब के पास राजीव नगर, टप्पा तालाब राजीव नगर रोड मठ पारा, कबड्डी मैदान के सामने मठपारा दक्षिण, नरेंद्र ट्रेडर्स के आगे मठपारा उत्तर, गयानगर मुक्ति धाम मठपारा उत्तर,शीतला नगर विवेकानंद स्कूल के पास मरार पारा, बड़ पेड़ के आगे त्रिशूल चौक बैगा पारा मरार पारा, हरना बांधा मुक्तिधाम शंकर नगर पूर्व, तुलाराम स्कूल के पीछे गैंदी डबरी मोहन नगर, रामनगर में सिकोला भाठा, एफसीआई गोदाम के पीछे सिकोला बस्ती दक्षिण,आयुर्वैदिक हॉस्पिटल के पीछे से सिकोला बस्ती, सिकोला तालाब के पास सिकोला बस्ती उत्तर,अटल आवास के पास जवाहर नगर औद्योगिक नगर, शासकीय प्राथमिक स्कूल के पास शक्तिनगर औद्योगिक नगर,कैलाश नगर में दाई - दीदी भवन के पास शहीद भगत सिंह वार्ड, नशा मुक्ति केंद्र के पास कैलाश नगर स्टेशन पारा, जैन मंदिर के पास नाला किनारे आमदी मंदिर वार्ड,बांस पारा में आंगनबाड़ी के पास पचरी पारा,शिवपारा चंडी मंदिर वार्ड,कण्डरा भवन के आगे कण्डरा पारा शिवपारा,बांधा तालाब आंगनबाड़ी के पास रामदेव बाबा वार्ड, संतोषी दरबार के आगे आजाद वार्ड, मिलपारा बस्ती में मिल पारा, गांधीनगर डिपरा पारा कचहरी वार्ड,झाडू राम स्कूल के बाउंड्री से कुष्ठ आश्रम कचहरी वार्ड, इंदिरा कॉलोनी नाला के पास सुराना कॉलेज वार्ड, फ़ोकट पारा कबाड़ी दुकान के पास गुरु घासीदास बाबा वार्ड, बिहारी बस्ती रायपुर नाका (रायपुर नाका बी आई टी कॉलेज के पास) रेलवे क्रॉसिंग के आगे बोरसीभाठा बोरसी पूर्व,रेलवे लाइन के समीप बोरसी तालाब के पास बोरसी भाठा, अटल आवास के पास पोटिया कला उत्तर,यादव भवन के पास पोटिया बस्ती रोड पोटिया कला दक्षिण, कुंदरा पारा ( आनंद कॉलोनी) के पास पोटिया कला दक्षिण, पोटिया स्कूल के सामने पोटिया रोड पोटिया कला दक्षिण, मोहनलाल के घर के पास पुलगांव बस्ती पुलगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बघेरा, कुंआ चौक पटेल पारा, इंदिरा नगर, अटल आवाज में उरला, बॉम्बे आवास के पास उरला, आईएचएसडीपी कॉलोनी के अंदर उरला, आईएचएसडीपी कॉलोनी के अंदर महिला शौचालय उरला, रेलवे क्रॉसिंग के आगे राम पैलेस के पास उरला।

# आकाशीय बिजली से बचने के लिए क्या करें और क्या ना करें

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

बारिश के मौसम में तीव्र गरज चमक के साथ गाज गिरने की प्रबल संभावना होती है जिससे जान-माल की नुकसान होती है। आकाशीय बिजली से बचने लोगों को अपने स्तर से सावधानियां बरतने की आवश्यकता है। 'यदि आप घर/कार्यस्थल पर हैं'।

**'क्या करें'**-अधेरे आसमान के बदलते रंग और बढ़ती हवा के वेग पर नजर रखें, यदि आप गड़गड़ाहट सुनते हैं तो सावधान रहें आकाशीय बिजली (गाज) के संपर्क में आने से बचें। अद्यतन निर्देशों के लिए स्थानीय मीडिया पर निगरानी रखे। घर के अंदर रहे और यदि संभव हो तो यात्रा से बचे। खिड़कियां और दरवाजे बंद करें, और अपने घर के बाहर की वस्तुओं को सुरक्षित करें (जैसे फर्नीचर, डिब्बे, आदि) सुनिश्चित करें कि बच्चे और पालतू जानवर अंदर हैं। अनावश्यक बिजली के उपकरणों को अनप्लग करें। पेड की लकड़ी या किसी भी अन्य मलबे को हटा दें जो दुर्घटना का कारण बनः सकता है।

**'क्या ना करें'**-स्नान या शॉवर लेने से बचें और बहते पानी से दूर रहें। ऐसा इसलिए है क्योंकि धातु के पाइप के साथ




आकाशीय विजली (गाज) प्रवाहित हो सकती है।दरवाजे, खिडकियां, फायरप्लेस, स्टोव या किसी अन्य विद्युत कंडक्टर से दूर रखे। कॉर्डेड फोन और अन्य बिजली के उपकरणों के उपयोग से बचे जो बिजली का संचालन कर सकते हैं।

**'यदि आप घर के बाहर (खुले मैदान) में हैं'**-तुरंत सुरक्षित आश्रय पर जाएं धातु संरचना/धातु की चादर के साथ निर्माण जैसे आश्रय से बचें। आदर्श रूप से, एक निचले क्षेत्र में आश्रय खोजे और सुनिश्चित करें कि चुना गया स्थान बाढ़ की संभावना से परे हो। अपने आप को एक छोटा बनाने के लिए पैरों को एक साथ रखें और सिर नीचे रखें। आपकी गर्दन को पीछे खड़े बाल संकेत कर सकते हैं कि आकाशीय बिजली (गाज) निकटस्थ है। जमीन पर सपाट खड़े न रहें। यह एक बड़ा लक्ष्य बना देगा। सभी उपयोगिता लाइनों (फोन,पावर, आदि), धातु की बाडी, पेड़ और पहाड़ी से दूर रहें। इन आचरण विद्युत के रूप में पेड़ो के नीचे शरण न लें। रबर सोल वाले जूते और कार के टायर बिजली से सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं।

**'यदि आप यात्रा/सफर/रास्ते पर हैं'**-साइकिल, मोटरसाइकिल या वाहनों से दूर रहें जो आकाशीय बिजली (गाज) को आकर्षित कर सकते हैं। सुरक्षित आश्रय प्राप्त करें। यदि नौका विहार या तैराकी कर रहे हो, तो जितनी जल्दी हो सके उतरें और सुरक्षित शरण ले। तूफान के दौरान, अपने वाहन में तब तक रहे जब तक कि मदद नहीं आती है या तूफान गुजर नहीं जाता है (धातु की छत सुरक्षा प्रदान करती है यदि आप अंदर की धातु को नहीं छू रहे हैं)। वाहन की खिड़कियां बंद होनी चाहिए और पेडों/बिजली लाइनों से वाहन दूर पार्क करे।

**'इलाज'**-ऐसे व्यक्ति को अस्पताल ले जाएं जो आकाशीय बिजली (गाज गिरने से चोटिल हुआ हो,हो सके तो प्राथमिक उपचार दें। आकाशीय बिजली (गाज) की चपेट में आने वाले लोगों को कोई विद्युत आवेश नहीं होता है और उन्हें सुरक्षित रूप से संभाला जा सकता है। टूटी हुई हड्डियों, सुनने और आंखों की रोशनी कम होने की जाँच करें। आकाशीय बिजली (गाज) का शिकार व्यक्ति अलग-अलग डिग्री तक जल सकता है, प्रभावित शारीरीक स्थान चोट की जाँच करें।

# स्वच्छता ही सेवा को सफल बनाने ले जन सहयोग

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा सफाई विभाग द्वारा क्षेत्र में दैनिक रूप से शहरी और ग्रामीण दोनो ही क्षेत्रों में सफाई कार्य किया जाता है। जिसमें रोड पर झाडू लगाकर फैले कचरे को समेटने के साथ मृत पडे पशु के शव का निस्तारण सहित नालियों की सफाई भी शामिल है। गौरतलब है कि सीमित संसाधनों के साथ हथखोज से लेकर मोरिद तथा डबरापारा से लेकर हनुमान मंदिर चरोदा तक के विस्तृत क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई का कार्य निगम की टीम द्वारा किया जाता है। सभी 40 वार्डो में सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदी और सफाई कामगारों की अलग अलग टीम काम को पूरा करती है। वही यहां यह भी ज्ञात हो कि शहरी क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ बाजार एरिया में सुबह के साथ शाम के समय भी कचरा उठाने का कार्य निगम का अमला पूरा कर रहा है। यहां इस बात का उल्लेख भी किया जाना आवश्यक है कि जन सहयोग के बिना किसी भी नगर या शहर को स्वच्छ शहर का तमगा प्राप्त नहीं हो सकता। निगम प्रशासन की ओर से भिलाई-चरौदा क्षेत्र में रहने वाले समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा गया कि कुछ छोटी-छोटी चीजों पर सहयोग करते हुए सफाई में हम अपने शहर की रैंकिंग को उपर कर सकते है। व्यापारी वर्ग दुकानदार-सब्जी एवं फल विक्रेता दैनिक निकलने वाले कचरे को रोड पर ना डाले बल्कि उसे निगम की गाडी को दे, मांस मछली मुर्गा बेचने वाले दुकानदार विक्रय पश्चात शेष अनुपयोगी पदार्थ को सड़क पर ना फेकें इससे कई प्रकार के संक्रमण का खतरा भी बढ़ता है। साथ ही दुर्गंध से लोगों को परेशानी होती है। इसके अलावा अपने पालतू जानवर सड़क पर ना छोडे क्योंकि घुमंतु पशुओं से जहां दुर्घटना होने की स्थिति बनती है वही आवागमन भी प्रभावित होता है। इस तरह कुछ एहतियात बरतने पर नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की गिनती सुंदर और साफ शहरों में शामिल हो सकती है।

# जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जिले के लगभग 215 ग्रामों में हैंडपंपों का किया गया क्लोरीनेशन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता उत्कर्ष उमेश पांडेय के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा बरसात के समय में होने वाली जलजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जिले के सभी ग्रामों में क्लोरीनेशन का कार्य हैंडपंप तकनीशियन द्वारा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के 3 ब्लॉक के लगभग 215 ग्रामों में तकनीशियन द्वारा सोडियम ह्यपोक्लोराइड नाम की दवा से गांव के प्रतिनिधि के मौजूदगी में हैंडपंपों का क्लोरीनेशन किया गया है। क्लोरीनेशन का उपयोग पानी में बैक्टीरिया, वायरस और अन्य रोगाणुओं को मारने एवं पेचिस,



टाइफाइड, डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए किया जाता है। क्लोरीनेशन के बाद पानी का नमूना लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग भेजा जाता है, वहाँ प्रयोगशाला में 13 पैरामीटर में जल का परीक्षण किया जाता है एवं जांच कर आगे की कार्यवाही की जाती है। जिले में स्टॉप डायरिया कैंपेन 1 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत मनाया गया था, जिसमें लगभग सभी गांव के जल स्त्रोत की सफाई करवाई गई थी।

# शांती पूर्ण रैली का आयोजन कर तहसीलदार एवं चौकी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

- **एस आर हॉस्पिटल एवं पैरामेडीकल कालेज द्वारा आर जे मेडीकल कालेज कलकत्ता में हुई घटना के विरोध में दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन**




पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

एस आर हॉस्पिटल एण्ड रिर्सच सेन्टर व एस आर पैरामेडीकल कॉलेज एवं एस आर वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर चिखली दुर्ग के स्टाफ व स्टुडेन्ड द्वारा आर जे कर मेडिकल कॉलेज कलकत्ता में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दिनांक 9 अगस्त को हुई दुखद घटना के विरोध में शांतिपूर्ण रैली का आयोजन दिनांक 10 सितम्बर को किया गया उक्त रैली एस आर हॉस्पिटल चिखली दुर्ग से प्रारंभ हुई एवं रैली का समापन पुलिस चौकी जेवरा सिरसा दुर्ग में हुआ एवं संस्थान द्वारा उक्त अमानवीय घटना के विरोध में संस्थान के प्रतिनिधीओ द्वारा तहसीलदार महोदया एवं पुलिस चौकी प्रभारी जेवरा सिरसा को महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत गणराज्य के नाम से ज्ञापन सौंपा गया एवं महामहिम से इस घटना में संलग्न दोषियों के कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने एवं महिलाओं व डॉक्टरों की सुरक्षा हेतु नए कठोर कानून बनाए जाने की प्रार्थना की। आयोजित शांती पूर्ण रैली मे गाजीपूर से प्रवास पर आए जितेन्द्र नाथ मिश्र संस्था के चेयरमैन संजय तिवारी डॉ एस पी केसरवानी मेडीकल सुप्रिटेन्डेन्ट विजय गवांदे दीप शिखा जे एन पांडेय अभिनव गुप्ता राजेश त्रिपाठी रामचंद्र देशमुख पदुम महाराणा जाकिर हुसैन आशीष गोस्वामी एवं पैरामेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट्स अविनाश विवेक सुधांशु प्रशांत खिलेन्द्र गणेश आर्यन युवराज स्वराज दिलशाद सुरेश अमन अनिशा युक्ता महिमा इशिका रोशनी।

# जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों हेतु निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संस्थान द्वारा दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय (भोजन व्यवस्था के साथ) प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण हेतु दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम आत्म उत्पादकता, सशक्तिकरण, कौशल विकास, उद्यमिता, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के बारे में शिक्षण प्रदान करते हैं। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रां में आत्मनिर्भरता को बढ़ाने में मदद मिलती है। निर्देशक बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार 09 सितम्बर 2024 से कम्प्यूटर हार्डवेयर नेटवर्किंग का प्रशिक्षण (45 दिन तक), 16 सितम्बर 2024 से फास्ट फूड निर्माण का प्रशिक्षण (10 दिन तक), 26 सितम्बर 2024 से ज्वेलरी निर्माण का प्रशिक्षण (13 दिन तक) दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए फोन नम्बर 0788-2961973 व ऑनलाईन लिंक पता-शंकराचार्य हॉस्पिटल के पास जुनवानी भिलाई जिला दुर्ग से सम्पर्क किया जा सकता है।

# पर्यूषण पर्व के समापन पर त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में की गई सामूहिक क्षमा याचना





पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

पर्युषण पर्व के समापन अवसर पर सोमवार को त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में सकल श्वेतांबर जैन संघ ने स्थानक भवन में पूजा अर्चना कर आपस में सभी ने संयम और प्रेम सद्भावना के साथ क्षमा याचना की। एक दूसरे से क्षमा याचना करते हुए भगवान महावीर स्वामी जी के अहिंसा परमो धर्म सिद्धांत और जियो जीने दो के अमृत संदेश जयकारा किया। पर्यूषण पर्व का समापन पर मंगल आरती के साथ आपस में सभी ने एक दूसरे को जय जिनेंद्र किया। जानकारी देते हुए प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि आज दिगंबर जैन महासभा के समिति सदस्यों के साथ अध्यक्ष प्रशांत जैन मंत्री सोमेश बाकलीवाल जिनेंद्र जैन वरुण जैन भारत जैन संजीव जैन आदि के द्वारा 10 लक्षण महापर्व में उपवास करने वालों का स्वागत तिलक लगाकर जैन भवन प्रांगण में अभिनंदन किया गया परम पूज्य आचार्य 108 विद्यासागर महाराज जी परम पूज्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज जी की छायाचित्र पर भक्तों ने दीप प्रज्वलन किया। उत्तम 10 लक्षण पर्व के अवसर पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के तीर्थंकर भगवान के समोसारण स्थल जैन भवन में 1008 सुमति नाथ भगवान 1008 पार्श्वनाथ भगवान 1008 आदिनाथ भगवान के अष्टधातु की प्रतिमा में भक्तों ने मंगल अभिषेक किया। जहां शांति धारा का सौभाग्य ज्ञानचंद गोल्डी बाकलीवाल महावीर प्रकाश अशोक संगीत निगोटिया, निशांत जैन, डॉक्टर अंशुल जैन, राहुल जैन प्रशांत जैन को सौभाग्य मिला इस अवसर पर जिनेंद्र भगवान की मंगल अभिषेक किया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं और पुरुष वर्ग ने भक्ति भाव के साथ उत्तम मारदव धर्म की पूजा कि जहां संध्या 1008 महावीर भगवान के मंगल आरती जैन भवन में भक्तों ने किया। तत्पश्चात शास्त्री सचिन जैन ने उत्तम मारदव धर्म का अर्थ बताते हुए कहा कि हम सभी अपने जीवन में मोह माया और अहंकार क्रोध लालच का त्याग करते हुए शांति सात्विकता के साथ अपना जीवन यापन करें। यही सच्चा मारदव धर्म कहलाएगा। इस अवसर पर जैन मिलन के अध्यक्ष मुकेश जैन संजय चतुर राजेश जैन आदि के उपस्थिति में जैन मिलन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बच्चों और बड़ों ने बहुत ही उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने उपस्थिति दर्ज की। इस अवसर पर मूलचंद बाफना, गौतम चंद टाटिया, महावीर बेगानी, बाबूलाल सेठिया, शांतिलाल टाटिया, महावीर सुराणा, निर्मल कोचर, आनंद जैन, भावेश शाह, हुकुमचंद ओसवाल, संतोष बाफ्ना, महावीर टाटिया, पुखराज जैन, राजेश मारुति, दीपक गोलछा, उत्तमचंद माल, ज्ञानचंद जैन, पारस टाटिया आदि सैकड़ो बंधुओं ने क्षमा याचना की।

# राजस्व की अपेक्षाकृत वसूली नही होने पर कमिश्नर ने की कड़ी नाराजगी जाहिर

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com




दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से समय सीमा की बैठक में प्राप्त दिशा निर्देशों के उपरांत भिलाई-चरौदा निगम के विभागीय कामकाज को लेकर सोमवार 09-09-2024 को बैठक आयोजित रही। जिसमें अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निगम कमिश्नर डी एस राजपूत द्वारा समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश प्रदान किये। यहां उल्लेखनीय है कि सर्वप्रथम राजस्व की अपेक्षाकृत वसूली नही होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए राजपूत द्वारा विभाग प्रभारी अधिकारी को चेताया। साथ ही इस संबंध में वार्डो में शिविर लगाकर संपत्ति कर, समेकित कर सहित अन्य करो की शीघ्रता पूर्वक वसूली करने निर्देशित किया। यहां विशेषतौर पर औधोगिक क्षेत्रों में समेकित कर वसूल करने भी अवगत कराया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना में व्यक्तिगत ऋण, समूह ऋण सहित आवर्ती निधि के साथ पीएम स्वनिधि के टारगेट को शीघ्र पूर्ण करने प्रबंधक राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को निर्देश प्राप्त हुए। स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छ सर्वेक्षण अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर जहां समूह में लोगों की मौजूदगी रहती है ऐसी जगहों पर शपथ आयोजित कर जन मानस में इस भावना का प्रचार किया जाये। कि स्वच्छता का वातावरण बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। राजपूत द्वारा वृक्षारोपण की जानकारी प्राप्त करने के साथ श्रमदान कर सफाई में सहयोग करने वालो को आगामी 2 अक्टूबर को पुरस्कृत करने की बात कही और समाज प्रमुख गणमान्य नागरिकों सहित जनप्रतिनिधियों को भी ऐसे कार्यक्रम में आमंत्रित करने अधिकारियों को समझाइश दी। बैठक के अंत में निगम आयुक्त द्वारा स्थापना शाखा प्रभारी को अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित सभी मामलों पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करने निर्देश प्रदान किये गये। आज की बैठक में सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता हेमंत साहू, उप अभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता किसलय साहू, स्थापना प्रभारी तारणी वर्मा, संपदा प्रभारी राजू वर्मा, राजस्व प्रभारी अरुणिमा दुबे मौजूद रहे।

# धरातल के साथ ऑनलाइन भी दिखाना होगा काम, नहीं तो मांगा जाएगा जवाब

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा नगर निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में अधिकारी व कर्मचारियों की वर्कशॉप हुई। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वच्छता की बारीकियां समझाई। बैठक में मौजूद एमआईसी सदस्य दीपक साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, पीआईयू कुणाल, राहुल,सुरेश भारती, रामलाल भट्ट सहित सफाई दरोगा, सुपर वाइजर अमला मौजूद रहें। महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा, हर गतिविधि को सरकार के निदान व्हाट्सअप नंबर जारी किया गया है। आप हमे बताएं शहर के ब्लैक स्पॉट हम साथ मिलकर करेंगे सफाई। महापौर धीरज बाकलीवाल व निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर यह वर्कशॉप परीक्षा से पहले की अंतिम तैयारी है। अधिकारियों व कर्मचारियों को इसे धरातल पर उतारना होगा। स्वच्छता ही सेवा 14 से 2 सितंबर तक।महापौर एवं आयुक्त ने बैठक में बोले प्रतिदिन हम सभी को मिलकर शहर में साफसफाई में अति आवश्यक ध्यान देना है। कचरों का पूर्णतः निष्पादन करना। पहले की फोटो व कार्य होने के बाद कि फोटो को मेंटेन करना। ब्लैक पॉइंट को चिन्हांकन करना है, ऐसी जगहे जहाँ कोई आता जाता न हो उन्हें चिन्हांकित कर कचरा को समाप्त करना। उन्होंने कहा कि श्रमदान वतरसेप्टी की सफाई, विद्यालयों की साफ सफाई, वार्डो में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखना। सुरक्षा पखवाड़ा में अच्छे सेव नियमित रूप से कार्य करना है।जनभागीदारी के सहयोग से सफाई व्यवस्था करना है। टीम में कम से कम 5 लोगो को स्थान देकर प्रत्येक जगहों के कचरों को संग्रहण करें एवं हो सके तो तुरंत निष्पादन करें।हर एक सुपर वाइजर अपने अपने वार्ड में पॉइंट नोट कर काम मे विशेष ध्यान रखेंगे।जन भागीदारी व लोगो का सहयोग लेकर या देकर अवश्य कार्य करें। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि वार्डो में बुजुर्गों व लोगो को साथ मे जोड़कर वृक्षारोपण का कार्य भी अवश्य करेंगें।


**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **तजिन्दर सिंह,** बलजीत कौर<br>खाता सं. LNDUR03720-210174665 | 9 सितम्बर 2024<br>₹ 1537027/-<br>4 सितम्बर 2024 | परिवर्तित प्लॉट/मकान नजुल शीट टाउन नं. 06, प्लॉट नं. 1811/14 ( बी ) व 1811/25( बी ) गांव डोंगरगढ़ बुद्धवारी बाजार, वार्ड नं. 15, डोंगरगढ़, जिला राजनन्दगांव ( सी.जी ) पिन-491441 **क्षेत्रफल 712.5 वर्ग फीट** |
| **ओम प्रकाश साहू,** शिव साहू<br>खाता सं. LNRAI00621-220185180 | 9 सितम्बर 2024<br>₹ 471696/-<br>4 सितम्बर 2024 | केएच नं. 45/53 का हिस्सा राजस्व निरीक्षक मण्डल, अर्जुन वेल्ली के पास, धरशिवा, एरिया-स्थित मौजा-गांव-परशुलीदीह, पी.एच. नं. 23, आर आईसी-धरशिवा, तहसील व जिला - रायपुर ( सी.जी. ) पिन-492001 **क्षेत्रफल 1010 वर्ग फीट** |
| **देवेन्द्र कुमार,** भारती भारती<br>खाता सं. LNDUR02222-230265257 | 9 सितम्बर 2024<br>₹ 698437/-<br>4 सितम्बर 2024 | सम्पत्ति फ्लेट नं. 45/सी ( बी-ब्लॉक ) इ.डब्ल्यू.एस ( परिजात ग्राउण्ड फ्लोर ), स्थित सी.जी. ग्रह निर्माण मण्डल ट्विन सिटी तलपुरी, रुवाबंधा, वार्ड नं. 63, आवासीय योजना भीलाई, हाउसिंग बोर्ड गार्डन के पास, तह. जिला - दुर्ग ( सी.जी. ) **क्षेत्रफल 365.19 वर्ग फीट** |

स्थान : जयपुर दिनांक 11.09.2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड



**कार्यालय, कलेक्टर (जिला निर्माण समिति), जिला उत्तर बस्तर कांकेर**

**// अल्प कालिन निविदा //**

एन.आई.टी. क्रमांक / 42 / जि.नि.स./2024-25 कांकेर, दिनांक 05.09.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों के लिए निम्नानुसार मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि- 20/09/2024 (सायं 5:00 बजे तक) (रजिस्टर्ड डाक स्पीड पोस्ट के माध्यम से)
2. आवेदन परीक्षण पश्चात् मनी रसीद कटाने की अंतिम तिथि- 26/09/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
3. निविदा प्रपत्र वितरण की तिथि - 30/09/2024 (प्रातः 11:00 बजे से)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि- 07/10/2024 (सायं 05:00 बजे तक)
5. निविदा खोले जाने की तिथि- 15/10/2024 (दोपहर 12:30 बजे से)

**इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालयीन अवधि अंतर्गत कार्यालय में देख सकते हैं।**

| क्र. | NIT No. | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | घरोहर राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 42 | टी07 तुसकाल से किसकोड़ो, किसकोड़ो नाला आर.डी. 15500 मीटर पर पुलिया निर्माण कार्य लंबाई 51.42 मीटर | 287.39 | 1.44.000/- | - |

जी.-242502377/4

कलेक्टर,
जिला-उत्तर बस्तर

## संपादकीय

### कारगिल युद्ध पाकिस्तानी संलिप्तता

**कारगिल युद्ध** में 25 साल तक अपनी संलिप्तता से इनकार करने वाले पाकिस्तान ने अंततः इसे स्वीकार किया है। पाकिस्तान ने पहली बार आधिकारिक रूप से 1999 के कारगिल युद्ध में अपनी सेना की भूमिका स्वीकारी है। रक्षा दिवस के अवसर पर पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा कि अनेक पाक सैनिक भारत के खिलाफ 1999 में लड़े कारगिल युद्ध में शहीद हुए। पहली बार पाकिस्तान ने इस युद्ध में अपनी सक्रिय भूमिका स्वीकारी है जो उसके भ्रामक दृष्टिकोण में आश्चर्यजनक परिवर्तन है। पहले पाकिस्तान यह कहता रहा है कि 'कारगिल आपरेशन' मुजाहिदीनों या 'स्वतंत्रता सेनानियों' तथा स्थानीय विद्रोहियों ने किया था। इस प्रकार उसने युद्ध से अपनी सैनिक अवस्थापना को दूर रखा था। लेकिन नई स्वीकारोक्ति से न केवल उसके देश के भीतर आंतरिक विमर्श बदल सकता है, बल्कि इससे भारत तथा व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उसके संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। वास्तव में भारत और सारी दुनिया पहले से ही यह जानती थी और उसे कारगिल युद्ध में जनरल मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना की भूमिका के बारे में जरा भी संदेह नहीं था। पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज़ मुशर्रफ ने इसकी योजना बनाई थी और इसकी जानकारी देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ़ को भी नहीं दी थी। मई से जुलाई, 1999 तक कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ा गया था। इसकी शुरुआत पाकिस्तानी सैनिकों और उग्रवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में नियंत्रण रेखा-एलओसी पार कर भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ से हुई थी। उनका लक्ष्य महत्वपूर्ण पहाड़ियों पर



कब्जा कर भारत की उत्तरी सैनिक चौकियों तक सप्लाई रोकना था जिसमें सियाचिन ग्लेशियर भी शामिल है। भारत शुरुआत में आश्चर्यचकित हुआ, पर बाद में उसने अपने क्षेत्र पर पुनः कब्जा करने के लिए पूरी मजबूती से सैनिक कार्रवाई की। भारतीय सैनिकों ने प्रतिबद्ध ढंग से जवाबी हमला किया जिससे अंततः पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटना पड़ा। पकड़े गए पाकिस्तानी सैनिकों समेत अनेक स्वतंत्र स्रोतों और खुफिया रिपोर्टों ने संकेत दिए थे कि पाकिस्तानी सेना की नियमित यूनिटें इसमें पूरी तरह भाग ले रही हैं। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि पाकिस्तान ने इसे अब क्यों स्वीकार किया है? संभवतः यह परिवर्तन आंतरिक और बाहरी कारणों से है जिसमें विकसित होती राजनीतिक गतिशीलता, सैनिक अवस्थापना के भीतर बढ़ती पारदर्शिता तथा बदलता भू-राजनीतिक यथार्थ शामिल हैं। अपनी भूमिका स्वीकार कर पाकिस्तान संभवतः पूरा विमर्श पुनः लिखते हुए अपने सैनिक इतिहास के असहज करने वाले तथ्यों से साक्षात्कार करना चाहता है। इस स्वीकारोक्ति के पाकिस्तान, भारत और पूरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परिणाम होंगे। इस आधिकारिक स्वीकृति से आंतरिक निर्णय लेने की उन प्रक्रियाओं का गहन परीक्षण होगा जिसके कारण कारगिल युद्ध हुआ था। अपनी भूमिका स्वीकार कर पाकिस्तान संभवतः भावी राजनयिक संपर्कों में विश्वास पैदा करना चाहता है। इस स्वीकारोक्ति से पाकिस्तानी सैनिक रणनीति प्रभावित होगी तथा भावी कार्रवाइयों में ज्यादा सावधानी व नियंत्रण को प्रोत्साहन मिलेगा। पाकिस्तान द्वारा अपनी सेना की संलिप्तता स्वीकार करने से कश्मीर विवाद के प्रति उसका दृष्टिकोण बदल सकता है और इसके समाधान के लिए सैनिक प्रयासों के बजाय ज्यादा राजनयिक प्रयासों को बल मिल सकता है। हालांकि, कारगिल युद्ध की दुःखद स्मृतियां रातोंरात समाप्त नहीं होंगी, पर इस स्वीकारोक्ति से ज्यादा गहन आत्मनिरीक्षण तथा भविष्य में सुलह-समझौते की संभावना पैदा हो सकती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति

**वैश्विक स्तर पर जहां शक्ति संघर्ष तथा आर्थिक मंदी है, वहीं भारत में रणनीतिक सुधारों, फलते-फूलते स्टार्टअप तंत्र तथा उभरते मध्य वर्ग से इसकी आर्थिक प्रगति को काफी गति मिली है।**

सुधीर हिंदवान
(लेखक, रणनीति विशेषज्ञ हैं)





**वैश्विक** स्तर पर जहां शक्ति संघर्ष तथा आर्थिक मंदी है, वहीं भारत में रणनीतिक सुधारों, फलते-फूलते स्टार्टअप तंत्र तथा उभरते मध्य वर्ग से इसकी आर्थिक प्रगति को काफी गति मिली है। भारत का आर्थिक परिदृश्य उल्लेखनीय दृढ़ता एवं असीम संभावनाओं से भरा है, हालांकि उसे अनेक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है। वर्तमान वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही का जीडीपी डेटा अनुमानित 8 प्रतिशत वृद्धि के बजाय थोड़ी कमी के साथ 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रदर्शित कर रहा है, पर देश इसके बावजूद विश्व अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। भारतीय अर्थव्यवस्था की यह उपलब्धि देश के निरंतर आर्थिक वृद्धि का संकेत देती है। इससे भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक प्रगति एवं विकास के मामले में महत्वपूर्ण पक्ष बना हुआ है। जहां दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में धीमी पड़ने के संकेत मिल रहे हैं, वहीं भारत की आर्थिक प्रगति जीवन्त व तेज बनी हुई है। लेकिन इसके बावजूद भारत सरकार के समक्ष अनेक प्रमुख चुनौतियां बनी हुई हैं। इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा करना है। पिछले सालों में देश में बेरोजगार तथा आंशिक रोजगार वाले नागरिकों की संख्या बढ़ी है और तेजी से विस्तार लेते 'वैश्वीकरण' के कारण यह समस्या और गंभीर हुई है। इसके कारण एक नया युग शुरू हुआ है जिसका प्रमुख सिद्धान्त 'करो या मरो' बन गया है। इसका प्रभाव सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों तथा दुनिया भर के बिजनेसों पर पड़ा है। हालांकि, भारत का सार्वजनिक क्षेत्र भी इस प्रवृत्ति से अलग नहीं है, पर सस्ते श्रम की उपलब्धता तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई प्राप्त करने के सक्रिय प्रयासों के चलते इस क्षेत्र में भी देश का भविष्य उज्जवल है।

हालांकि, शुरुआत में आर्थिक सुधारों के प्रति भारत का दृष्टिकोण बहुत सावधानी और संकोच वाला रहा, पर धीरे-धीरे सरकार ने अनेक प्रकार के विश्वास-बहाली कदम उठाए। इन पहलों से न केवल आर्थिक प्रगति को बढ़ावा मिला, बल्कि इसका लक्ष्य विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों का समतापूर्ण विकास सुनिश्चित करना भी था। भारत द्वारा विकसित सामाजिक-आर्थिक न्याय के ढांचे ने देश के भीतर और दुनिया में विश्वास पैदा करने का काम किया। भारत के निर्यातोन्मुख विशेष आर्थिक क्षेत्रों-एसईजेड में प्रगति ने भी दुनिया में भारत के प्रति विश्वास मजबूत करने में प्रमुख भूमिका निभाई। शुरुआती चरणों में विश्व व्यापार में भारत का हिस्सा केवल 0.7 प्रतिशत था, पर 2002 से 2007 के बीच देश की मध्यकालीन निर्यात रणनीति ने सकारात्मक परिणाम प्रदर्शित किए। इसके साथ ही 1991 के आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को काफी गति दी। यह भारत द्वारा किए 'आर्थिक उदारीकरण' का प्रारंभ था।

हालांकि, पूर्वी एशिया की कुछ अर्थव्यवस्थाओं और चीन ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का उच्च स्तर प्राप्त किया, लेकिन भारत के उत्कृष्ट कार्पोरेट प्रबंधन तथा उच्च गुणवत्ता वाली वाणिज्य-संचालित कंपनियों ने निवेश पर बेहतर लाभ देना सुनिश्चित किया। इससे देशी और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बाद में बढ़ावा मिला। भारत की सफलता उसकी बिजनेस विशेषज्ञता तथा निवेशकों द्वारा संचालित है। उन्होंने विदेशों में खासकर सूचना प्रौद्योगिकी, बायोटेक्नोलोजी, फार्मास्यूटिकल्स व स्वास्थ्यरक्षा में अपनी छाप छोड़ी। ये ऐसे क्षेत्र बन गए हैं जहां विकसित अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ने में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही भारत की स्वदेशी उद्यमिता तथा उद्योगों ने देश में एक ऐसा माहौल पैदा किया जिससे भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर अत्यधिक निर्भर उद्योगों की तुलना में काफी लाभ की स्थिति प्रदान की। चीन इसका एक प्रमुख उदाहरण है जहां निर्यातोन्मुख विनिर्माण की प्रगति मुख्यतः एफडीआई संचालित थी, लेकिन यह देश में पैदा उद्यमिता का कोई विकल्प नहीं है। दूसरी ओर भारत ने अपने देश में मजबूत आंतरिक बाजार विकसित करने पर ज्यादा ध्यान दिया।

भारत के समक्ष एक और चुनौती वित्तीय संबंधों की जटिलता रही है। भारत ने इसका सामना भी बहुत अच्छी तरह किया। उदाहरण के लिए, हालिया वर्षों में जापान को वित्तीय व्यवस्था में गड़बड़ियों के कारण गंभीर आर्थिक मुद्दों का सामना करना पड़ा जिसके कारण सक्षम अधिकारियों को वित्तीय व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी पर जोर देना पड़ा। भारत के परिपक्व वित्तीय बाजारों और जीवन्त नियामक संस्थानों ने निवेशकों में विश्वास पैदा कर निवेशों में स्थायित्व लाने में प्रमुख भूमिका निभाई। इसके साथ ही भारत ने दुनिया के अनेक अन्य देशों की तुलना में अनेक क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया। हालांकि, बचत दरों, ढांचागत संरचनाओं तथा विनिर्माण में चीन की भूमिका नेतृत्वकारी है, पर भारत की सेवा क्षेत्र संचालित प्रगति और संस्थागत स्थायित्व की जड़ें देश के लोकतंत्र और बहुलवाद में हैं। इससे भारत पूरी दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने में सफल हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य में एक खास उम्मीदों से भरी घटना हाल में स्टार्टअप की संख्या में वृद्धि है। पिछले पांच साल में देश में 10,000 से अधिक स्टार्टअप विकसित हुए हैं जिन्होंने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 100,000 से अधिक रोजगार सृजित किए हैं।

इस सफलता का श्रेय भारत सरकार की जीवन्त रणनीति को दिया जाना चाहिए जिसने ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक अपनी कार्रवाइयों का विस्तार कर विभिन्न नेटवर्कों को सहायता दी है। 'नेशनल असोसियेशन आफ साफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज़'-नैस्काम के अनुसार, इन स्टार्टअप ने रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है जिससे भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति संभावनायें और उज्जवल हुई हैं। विदेशी निवेशकों ने भारत की संभावनाओं को पहचान लिया है। पिछले दो दशक से अधिक समय में भारतीय शेयर बाजारों में 60 बिलियन डालर से अधिक निवेश आया है। इसके साथ ही 600 से अधिक निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में व्यापार की अनुमति मांगी है। शेयर बाजारों में निवेश के इस प्रवाह से सेंसेक्स में 125 प्रतिशत वृद्धि हुई है तथा मुंबई स्टाक एक्सचेंज में 148 प्रतिशत उछाल आया है।

आईटी उद्योग में भारत की उल्लेखनीय प्रगति ने भारतीय कंपनियों के लिए विकास के नए दरवाजे खोले हैं जो अब विदेशी बाजारों में अपना तेजी से विस्तार कर रही हैं। देश की नियामक एवं नियम लागू कराने वाली संस्थाओं ने यह सुनिश्चित किया है कि विदेशी निवेश सुरक्षित हो तथा आर्थिक लेनदेन पर लगातार गहरी नजर बनी रहे। चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बावजूद भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता ने उसे एक अवसर प्रदान किया जिससे वह वैश्विक विनिर्माण में प्रमुख पक्ष तथा विभिन्न क्षेत्रों में विश्वसनीय साझीदार के रूप में उभर सकता है। जी20 देशों में सहयोग ने नई रणनीतियों के विकास का अवसर दिया है जिससे संकटग्रस्त देशों की मदद की जा सकती है तथा एक नए समावेशी विश्व समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस सहयोग का परिणाम अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सकारात्मक परिवर्तनों के रूप में सामने आ सकता है जिससे ज्यादा सामंजस्य और सहयोग का माहौल बनेगा।

भारत ने जी20 की अध्यक्षता के अपने कार्यकाल में उल्लेखनीय वैश्विक विकास परियोजनाओं की नीव डाली है जिसमें एशिया व यूरोप के अनेक देश सहभागिता को तैयार हैं। भारत की शानदार प्रगति का श्रेय मुख्यतः उसकी असाधारण प्रतिभा तथा रणनीतिक दूरदृष्टि को दिया जाना चाहिए। लेकिन देश को अपने विकास की गति बनाए रखने के लिए सामाजिक व राजनीतिक दबावों से होकर गुजरना होगा। इन चुनौतियों का सामना कर भारत विश्व अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण संचालक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत कर सकता है। भारत अपने प्रयासों से न केवल अपनी सीमाओं के भीतर, बल्कि दुनिया भर में आर्थिक प्रगति तथा समावेशी सामाजिक विकास को बढ़ावा दे सकता है।

# नौकरीपेशा आदिवासी दम्पतियों के टूटते वैवाहिक रिश्ते

लेखक
विनय प्रकाश तिर्की
रायपुर



क्या भला कभी किसी ने सोचा है शिक्षित होने के दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं, या फिर ऐसी सोच रखने वाले महज ही नकारात्मकता से पीड़ित हैं, और उनकी सोच दूषित भी है, पर दुखद और कटु सत्य यही है कि सामाजिक व आर्थिक उत्थान के साथ-साथ शिक्षा और शहरीकरण के दुष्प्रभाव चौंकाने वाले हैं। शिक्षा ज्ञान का स्रोत है, लेकिन साथ ही, यह बहुतों के विवेक को नष्ट भी कर रही है। इसने आश्चर्यजनक रूप से विवाहित जोड़ों के बीच कड़वाहट तो पैदा की ही है, साथ ही उनके वैवाहिक संबंधों पर दरार भी। कमोबेश ये स्थिति ग्रामों में निवासरत और गैर नौकरीपेशा वर्ग के विवाहित जोड़ों में कम है, जबकि इसके ठीक उलट नौकरी पेशा आदिवासी जोड़ों में काफी अधिक है।

महानगरों और छोटे-बड़े शहरों में रहने वाले गैर आदिवासी दम्पतियों के ऐसे मामले ध्यान आकर्षित नहीं करते, क्योंकि यहाँ ऐसी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है, जिसे आसामान्य श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। लेकिन आदिवासियों का मामला बिल्कुल अलग होता है। भारतीय न्यायालयों में तलाक और वैवाहिक संबंध विच्छेद के लाखों प्रकरणों की लम्बी सूची इसकी प्रत्यक्ष उदाहरण है।

पिछले महज तीस-चालीस वर्षों के अंतराल में ही इससे अप्रभावित जनजातीय समाज के नौकरीपेशा दम्पति भी इसकी चपेट में आ जायेंगे। ये सारा कुछ आश्चर्यजनक होने के साथ ही परेशान करने वाला भी है। किसी विद्वान ने कहा है कि अलगाव, जागरूक लोगों की दुर्दशा है। मेरा अनुमान है कि यह संभवतः शिक्षा का एक दुष्प्रभाव है।

आज शिक्षा के विस्तार के साथ ही हमारे देश में शिक्षित लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। हमारे यहाँ अधिकतर ये देखने में आता है कि लोग सिलेबस की पढ़ाई तो पढ़ लेते हैं, लेकिन उनमें दुनियादारी की समझ विकसित ही नहीं हो पाती। शिक्षा और समझ दो अलग-अलग बातें बनकर रह गई हैं। जो शिक्षित है, वो समझदार भी हो, ये कतई आवश्यक नहीं।

वर्षों तक दूरदराज के पहुँच विहीन इलाकों व जंगलों में रहने के आदी, आदिवासी समुदाय को संविधान लागू होने के बाद ही शिक्षित होने का मौका मिल पाया। हालाँकि भारत में कुछ ईसाई मिशनरियाँ आजादी के पहले से ही पहुँव विहीन और दूरस्थ इलाकों में आदिवासी समुदाय को शिक्षित करने का प्रयास कर रही थीं, लेकिन संविधान लागू होने के बाद विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय की अवधारणा के अनुसार उनके समग्र विकास के द्वार खुल गए।

अन्य वर्गों की ही तरह आदिवासी समुदाय भी बेहतर जीवन, उच्च शिक्षा और कैरियर के अवसरों की तलाश में शहरों की ओर उन्मुख हुए। ये लोग इन शहरों में अपनी नई पहचान बनाने और बेहतर अवसरों की खोज में अभी भी लगे हुए हैं, लेकिन जैसा कि आमतौर पर होता है कि सफलता को पचाना भी इतना आसान नहीं होता, सो पढ़े-लिखे शिक्षित आदिवासी, सरकार की विभिन्न नीतियों का लाभ लेकर शिक्षित होकर गैर सरकारी व सरकारी सेवा में आने के बावजूद कई नयी उलझनों में फंसकर रह जाते हैं।

विभिन्न कठिनाइयों और असुविधाओं के बावजूद ग्रामीण जीवन, शहरी जीवन के वनिस्पत ज्यादा आसान है। शहरी जीवन चकाचौंध के साथ सर्वोत्तम सुविधाओं का लाभ उठाने का एक शानदार स्थान हो सकता है, पर यहाँ प्रतिस्पर्धा के साथ जीवन की गति भी तेज है। यहाँ पर अपने अस्तित्व के लिए डार्विन का 'योग्यतम व्यक्ति का ही जीवन' का सिद्धांत रोज ब रोज लागू होता है। जनजातीय क्षेत्रों में जल, जंगल और कृषि के लिए थोड़ी बहुत जमीन भी उनकी आजीविका के लिए बहुत सहायक थीं। वहाँ पर जमीनें प्रचुर मात्रा में उपलब्ध थीं। अपनों के बीच वहाँ ज्यादा संघर्ष नहीं था, प्रकृति की गोद में वे निश्छल जीवन जीने के आदी थे। इन संसाधनों के इतर शहरी जीवन में सीमित आय अर्जन के साथ जीवन, बेरोजगारी और बेरोजगार होने के भय से उन्हें नई- नई किस्म की समस्याओं से रूबरू होना पड़ रहा है। ये समस्याएं उन्हें और उनके परिवार को दवाब में ला रहीं हैं, परिणामस्वरूप उनके परिवार में क्लेश भी उत्पन्न हो रहा है।

वैवाहिक स्थिति में कलह, कटुता और बिखराव आदि कई मामलों में अपनी ही बिरादरी की महिलाओं की अनियंत्रित महत्वाकांक्षाएं ही मुख्य रूप से इसकी जिम्मेदार हैं, तो वहीं कुछ अपने पति के कम वेतन का रोना रोती रहती हैं। पति पत्नी के दोनों नौकरीपेशा होने की स्थिति में 'मेरा पैसा-तुम्हारा पैसा' वाला विवाद भी एक गंभीर मुद्दा है।

सजातीय व सांस्कृतिक रूप से समान होने के बावजूद आदिवासियों के वैवाहिक संबंधों में कलह, बिखराव और विच्छेद की स्थिति ने समाज विज्ञानी और वैचारिक वर्ग के लोगों को अचम्भित कर दिया है। आश्चर्य इस बात पर होता है कि न तो ये बेमेल विवाह, न ही अंतरजातीय और न ही न ही सांस्कृतिक रूप से अलग विवाह थे। इस तरह के प्रकरणों को देखकर उनकी स्थिति अधजल गगरी छलकत जाए वाली ही रही। आज इस तरह के विवाह सजातीय होकर भी टूट की कगार पर पहुँच चुके हैं। आजकल जोड़ियाँ अब अपने रिश्ते को सुधारकर बेहतर करने में विश्वास नहीं करतीं। इन दम्पतियों को इन चुनौतियों से निपटने और अपने रिश्ते को मजबूत बनाने में भी कोई रूचि नहीं है। जब उनकी अपेक्षाएँ और महत्वाकांक्षाएं आपस में टकराती हों, तो इससे निराशा और संघर्ष तो होना ही है जो फिर गृह क्लेश में बदल जाता है। कई मामलों में ऐसे दम्पतियों का परिवार एक रणभूमि बन गया और अलग-अलग अपेक्षाएं होने के बावजूद एक साथ रहने को वे विवश हैं। वे एक दूजे को ढोते रहते हैं। ऐसी स्थिति महिला के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर न होने पर अधिक है। वहीं अगर दोनों जोड़े आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हों तो कई मामलों में तलाक हुए बिना ही वे अलग-अलग रहने लगते हैं। वे तलाक भी नहीं चाहते, बस एक दूसरे से दूर होकर अलग ही रहना पसंद करते हैं। अधिकतर पति पत्नी एक दूसरे से बदला लेने की भी नीयत से वे ऐसा करते हैं। वे ये भी सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि उनके पार्टनर को भविष्य में कभी दूसरी शादी का मौका ही न मिले। कई पतियों को तलाक चाहिए, पर अलग रहने के बावजूद कई महिलाएं इसकी यानी तलाक की सहमति नहीं देतीं। बिना महिला की सहमति से तलाक संभव ही नहीं हो पाता। भारतीय न्याय व्यवस्था भी कई मामलों में महिलाओं को लेकर पुरुषों के प्रति निष्पक्ष नहीं होता। भारत में ज्यादातर कानून महिलाओं के अनुकूल ही हैं, न्याय के अनुकूल नहीं। कानून महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाए जाते हैं। महिलाओं का हित कानून की पहली प्राथमिकता है।

जैसा कि पूर्व में उल्लेख किया जा चुका है कि ये स्थितियाँ महज पिछले तीस-चालीस वर्षों से शहरी क्षेत्रों में ही निर्मित हो रही हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी परिस्थितियाँ अभी भी कम ही देखने को मिलतीं हैं। शहरों में बसे जनजातीय दम्पतियों के बीच बढ़ती दरारों में कई बार दुल्हन के ससुराल वालों की, विशेषकर सास की मानसिक गुलामी भी देखने को मिली हैं। उदाहरण स्वरूप एक दुल्हन जो खुद नौकरीपेशा थी, शादी में उपहार के रूप में मिले सामानों के साथ ससुराल पहुँची। उसकी सास ने अपनी बहू से सारा सामान लेकर अपने पास रखवा लिया और इन सामानों की सूची बनाकर उसने अपनी बहू से पावती भी ले ली। उस नयी नवेली दुल्हन को बड़ा आश्चर्य हुआ, पर वह मौन ही रही। बहू एक अच्छे सम्पन्न परिवार से आती थी। आवश्यकता पड़ने पर उन सामानों को उसकी सास उसे बाकायदा पावती लेकर देने लगी, बिल्कुल ही सरकारी सामानों की सुपुर्दगी की तरह ही वो ऐसा लगातार करतीं रही। सास की इस ओछी मानसिकता से बहू बहुत आहत होती जा रही थी। हद तो तब तो गई जब बहू ने अपनी कमाई से एक डाइनिंग टेबल खरीद लिया, इस पर सास बिगड़ते हुए कहने लगीं कि भला इसकी क्या जरूरत थीं? उनके जमाने में तो फर्श पर बैठकर ही खाना खा लिया जाता था। अब उस परिवार में बिखराव प्रारम्भ हो गया। उनकी बहू ने अपनी बदली कहीं और करा ली, और वो उनसे अलग ही हो गईं।

## आप की बात

### भारत की प्रशंसा

**संयुक्त राष्ट्रसंघ** के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत बहुपक्षवाद का प्रतिबद्ध समर्थक रहा है और वह वैश्विक सहयोग में भी हमेशा अग्रणी रहा है। भारत सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता का महत्वाकांक्षी है। सदस्यों को इस बारे में विचार करना चाहिए कि सुरक्षा परिषद् में कौन-कौन से विकासशील देश बेहतर प्रदर्शन कर सकते है। भारत ने ग्लोबल साउथ में अन्य विकासशील देशों के साथ मिलकर अपनी विशेषज्ञता साझा करने में उन्नत विकासशील देश के रूप में प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। डेनिस फ्रांसिस ने 140 करोड़ जनसंख्या वाले इतने बड़े लोकतंत्रीय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी सराहना की। इस तरह दुनिया में भारत की प्रशंसा हमारे देशवासियों के लिए गर्व की बात है। लेकिन बड़े आश्चर्य की बात है कि जहां विदेशों में मोदी और उनके नेतृत्व वाली सरकार के कामकाज की तारीफ़ हो रही है, वहीं हमारे देश में विपक्ष को उनके कोई काम नजर ही नहीं आते हैं। इससे लगता है कि विपक्ष के अनेक नेता मोदी का विरोध करते-करते भारत की प्रगति को अनदेखा करने लगते हैं। हालांकि, दुनिया भर में मोदी का लगातार बढ़ता कद स्वयं ही इन विपक्षियों को देश-विदेश में हास्यास्पद बनाता जा रहा है। देश की जनता असलियत समझ रही है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### वंशवादी राजनीति

**भारत** में लोकतंत्र है, लेकिन क्या हर कोई इसमें हिस्सा ले सकता है? शायद नहीं, क्योंकि वंशवादी राजनीति ने इसे एक पारिवारिक संपत्ति बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब वंशवादी राजनीति के खात्मे की बात की तो मानो कई राजनीतिक परिवारों के घर में बिजली गुल हो गई हो। आखिरकार, सत्ता पर काबिज रहना जैसे उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। अगर राजनीति में प्रवेश के लिए पिता या दादा का नाम ही पासपोर्ट है तो बाकी युवाओं के लिए विकल्प क्या बचता है? हो सकता है उन्हें सलाह दी जाए कि अच्छे से पढ़ो-लिखो और राजनीति को भूल जाअ क्योंकि इसमें जगह सिर्फ खास लोगों के लिए है। हालांकि, इसके बावजूद आम जनता के पास भी एक महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन अक्सर वह मूकदर्शक बनकर रह जाती है। हम चुनाव के समय यह नहीं सोचते कि उम्मीदवार की योग्यता क्या है, बल्कि यह देखते हैं कि उनका खानदानी नाम क्या है और फिर हम लोकतंत्र के कमजोर होने की शिकायत करते रहते हैं। युवा जोश और नई सोच के लिए राजनीति के दरवाजे अक्सर बंद ही रहते हैं। लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए वंशवाद को खत्म करना जरूरी है। यह गंभीर विमर्श का विषय है।

– **अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### रक्षा मंत्री का बयान

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कश्मीर घाटी में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान पड़ोसी पीओके के कश्मीरी निवासियों से कहा कि जब स्वयं पाकिस्तान ही आपको अपने देश का नागरिक नहीं मानता है एवं गुलाम कश्मीर कहता है तब क्यों आप इतने सालों से उसके साथ हैं? इसलिए आइये एवं भारतीय कश्मीर का हिस्सा बन जाइए। हमने तो कभी आपको बेगाना नहीं कहा, जबकि ये पाकिस्तानी तो आपको हमेशा ही विदेशी नागरिक कहते रहे हैं। अतः आज भी उसके साथ बने रहने का क्या मतलब? इन दिनों तो पाकिस्तानी सेना भी आपके साथ काफी जुल्म कर रही है। भूखे प्यासे रहने से भी क्या मतलब क्योंकि पाकिस्तान आपको खाने-पीने की रसद भी नहीं दे रहा है। हमारे यहां स्वयं आपके कश्मीरी भाई आपका स्वागत करने के लिए तैयार हैं। राजनाथ सिंह के इस बयान को केवल चुनावी भाषण समझने के बजाय इसके निहितार्थों पर गौर करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद राजनाथ सिंह का केन्द्रीय कैबिनेट में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में उनके बयान को पाक अधिकृत कश्मीर के बारे में भारत सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी के भीतर व्याप्त भावना का स्वागत योग्य प्रकटीकरण माना जाना चाहिए।

– **एमएम राजावत,** शाजापुर

### जिला न्यायपालिका

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में न्याय प्रणाली की चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब तक आम लोगों को न्याय सुलभ नहीं होता, न्यायपालिका का कार्य अधूरा है। राष्ट्रपति ने देशवासियों के मन के दर्द को उठाया। आज पूरे देश में 4 करोड़ से अधिक मुकदमे लंबे समय से पेंडिंग पड़े हुए हैं और उनकी संख्या में बढ़ोतरी होती जा रही है। कुछ दिनों पूर्व भारत के प्रधान न्यायाधीश ने भी न्याय देरी से मिलने पर चिंता जाहिर की थी। इस विलंब के कारण समझ कर जिला न्यायपालिका को मजबूत कर उसका विस्तार किया जाना चाहिए। देश में बढ़ती हुई आबादी के अनुपात में न्यायालयों की संख्या में वृद्धि की जानी चाहिए तथा रिक्त पदों को जल्दी से जल्दी भरा जाना चाहिए। इसके साथ ही कई कानूनों और प्रक्रियाओं को सरल बनाना जरूरी है। जमानत संबंधी कानून का सरलीकरण भी जरूरी है। हालांकि, सरकार ने तीन नए अपराध न्याय कानून लागू कर उल्लेखनीय पहल की है, पर जमीनी स्तर पर इनका पूरी तरह क्रियान्वयन भी जरूरी है। पुलिस व जेल सुधार इसका अंग हैं।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जनता की भागीदारी से ही विकास संभव है, हम सभी को साथ मिलकर काम करना होगा : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## उपमुख्यमंत्री ने वनांचल क्षेत्रों का किया सघन दौरा, क्षेत्र विकास के लिए सौगातों की लगाई झड़ी




पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

### ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का प्राथमिकता से किया जा रहा समाधान

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि साय सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है और सभी बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाया जा रहा है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम जरहाटोला, जामगांव, आमगांव, तिलईभाट, और पेड्रीतराई में जनसंपर्क, ग्रामीणवासियों से जनसंपर्क कर सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों मांग, समस्या और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके अनेक मांगों को तत्काल पूरा करते हुए 80 लाख रूपए के विकास कार्यों की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों की मांग को पूरा करते हुए ग्राम जामगांव में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपए, प्राथमिक शाला में किचन शेड के लिए 3 लाख रूपए, सीसी रोड के लिए 5 लाख रूपए और ज्योति कलश कक्ष निर्माण के लिए 3 लाख रूपए की घोषणा की। उन्होंने ग्राम जरहाटोला सांस्कृतिक मंच के लिए 5 लाख रूपए, गोठन समतलीकरण 5 लाख रूपए, बीएमडब्लू रोड जरहटोला से खलेवारा खार तक, नरेगा से पुलिया निर्माण कार्य की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्राम आमगांव में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों की मांग में सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपए, सामुदायिक शौचालय के लिए 6 लाख रूपए, गोठान समतलीकरण के लिए 4 लाख रूपए और मंच निर्माण के लिए 3 लाख रूपए देने की घोषणा की। ग्राम तिलईभाट में रिटर्निंग वॉल के लिए 18 लाख रूपए, सीसी रोड के लिए 5 लाख रूपए सांस्कृतिक मंच के लिए 3 लाख रूपए की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के विकासखंड लोहारा के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क करते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं और सुझावों को सुना, और उन्हें सरकार की योजनाओं और विकासात्मक पहलुओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को तेज़ी से आगे बढ़ाना है, ताकि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में ग्रामीण इलाकों में सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े सुधार किए जा रहे है। इसके अलावा, कृषि और रोजगार से जुड़ी योजनाओं को भी और अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा, ताकि ग्रामीण युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की भागीदारी से ही विकास संभव है, इसलिए सभी को साथ मिलकर काम करना होगा।

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी का गृहग्राम पाऊवारा में हुआ अंतिम संस्कार

## अंत्येष्टी में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व मंत्री व विधायकगण

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी कमला देवी साहू उम्र 72 वर्ष का रायपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान रविवार देर रात 12:00 बजे निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। सोमवार को गमगीन माहौल में उनके गृहग्राम पाऊवारा के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। कमला देवी साहू को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व मंत्री, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में परिजन व समर्थक शामिल होकर श्रधांजलि दी। पश्चात श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी, भाभी कमला देवी साहू के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जाना समाज, परिवार के लिए बड़ी क्षति है। इस दुःख की घड़ी में ईश्वर समस्त परिवारजनों को आघात सहने की शक्ति दे, उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। अंतिम संस्कार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्रकार, बालोद विधायक संगीता सिन्हा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, विधायक संदीप साहू, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सवाडा, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक लाभचंद बफाना, पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, आरएन वर्मा, प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू, जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू, केशव बंटी हरमुख, खुमान साव, डिकेंद्र हिरवानी, देवेंद्र देशमुख, झमित गायकवाड़, सरपंच वामन साहू, जनपद सदस्य राकेश हिरवानी सहित कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, सरपंचगण, जनपद सदस्य गण, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी गण, साहू समाज के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में गणमान्यजन मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना जिला दुर्ग की आवश्यक बैठक 15 को

**उतई।** छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना जिला दुर्ग की आवश्यक बैठक ग्राम कोड़िया (दुर्ग ग्रामीण) में 15 सितंबर को सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है। जिसमें संगठन विस्तार व सदस्यता अभियान पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सेना के सभी सदस्यों को शामिल होने की अपील की गई है।

# 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक होगा विशेष ग्रामसभा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक पत्र जारी कर प्रदेश के सम्पूर्ण जिलों के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक विशेष ग्रामसभा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के परिपालन में कलेक्टर बेमेतरा रणबीर शर्मा ने एक आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि बेमेतरा जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं उनके आश्रित ग्रामों में 17 सितम्बर 2024 से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के थीम पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन करें, इसके साथ ही जिलाधीश ने यह भी निर्देश दिए हैं कि विशेष ग्रामसभा के दौरान लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कर ग्राम सभा निर्णय GS NIRNAY मोबाइल एप्प में अपलोड करे तथा ग्रामसभा के समस्त गतिविधियों को वाइब्रेट ग्रामसभा पोर्टल एवं जीपीडीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड करें। आयोजित होने वाले विशेष ग्रामसभा हेतु शासन द्वारा एजेण्डा निर्धारित किया गया है, जिसमें ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की घोषणा हेतु प्रस्ताव पारित किया जाना। प्रस्ताव पारित करने की कार्यवाही के दौरान 15 मिनट का वीडियो रिकॉर्डिंग करना। घर-घर एवं दुकानों से कचरा संग्रहण कार्य प्रारंभ कराया जाने हेतु प्रस्ताव। घरों में डस्टबिन प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्ताव। स्वच्छता दीदियों को 15वें वित्त से कचरा संग्रहण शुल्क प्रतिमाह 3000/- टाइट ग्रांट (स्वच्छता मद) से प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्ताव। स्वच्छता वीडियो हेतु सेफ्टी किट प्रदाय किए जाने हेतु प्रस्ताव। सूखा कचरा बिक्री हेतु कबाड़ी वाले से एमओयू किए जाने हेतु कार्यवाही।

# बरसात से मोंगरा बैराज से शिवनाथ नदी में छोड़ा गया 72 हजार क्यूसेक जल

## सभी गांव के लोगों को सतर्क रहने की अपील जिला प्रशासन द्वारा किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला सहित क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद राजनांदगांव जिला स्थित मोंगरा बैराज से शिवनाथ नदी में फिर 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे शिवनाथ का जलस्तर बढ़ गया है। आगे बारिश जारी रही तो मोंगरा से और पानी छोड़ा जा सकता है। ज्ञात हो कि शिवनाथ नदी के कैचमेंट एरिया में विगत दिनों से लगातार बारिश होने तथा मोंगरा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट के ऊपर से पानी बह रहा है। विगत दिनों की तुलना में तांदुला नदी, खरखरा नदी व शिवनाथ के अन्य सहायक नालों में जल की स्थिति को देखते हुए अभी भी लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। शिवनाथ नदी मे जल का स्तर बढ़ने से बेमेतरा जिले अंतर्गत आने वाले आसपास लगे सभी ग्रामीण क्षेत्रों मे सतर्कता बरतने कों कहा हैं । नदी के जल स्तर में लगातार बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शिवनाथ नदी तट के सभी गांव के लोगों को सतर्क रहने की अपील की गई है। आगामी दिनों में वर्षा की स्थिति बनी रही तो आने वाले दिनों में जलाशय के जलभराव में और बढ़ोत्तरी होगी। जिले में अब तक 537 मिमी वर्षा हो चुकी है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा ने शिवनाथ नदी के तट पर बसे ग्रामवासी सतर्क रहने का आग्रह किया गया है नदी में मोंगरा बैराज से 1 लाख 13 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसके चलते आज रात से नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी सहायता हेतु आप प्रशासन या मुझसे संपर्क कर सकते है। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 10 सितंबर 2024 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 537 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 662.8 मि.मी. तथा न्यूनतम 397.4 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 535.8 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 457.6 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 565.5 मि.मी., देवकर तहसील में 653 मि.मी, वर्षा थानखम्हरिया तहसील मे 446.5 मि.मी., वर्षा भिंभौरी तहसील में 456.3 मि.मी. एवं साजा तहसील में 658. मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, प्रभावित परिवारों से मिलकर स्थिति की ली जानकारी



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को ग्रामीणों का फोन से कॉल आया कि सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम खोलवा और सिघंनपुरी क्षेत्र में लगातार बारिश होने से बाढ़ जैसी स्थिति आ गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जानकारी मिलते ही कलेक्टर जनमेजय महोबे के साथ सुबह ही ग्राम खोलवा और सिघंनपुरी पहुंचकर बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र में जाकर लोगों का हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को सुना। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने राहत एवं बचाव कार्य तेजी से संचालित करने के कलेक्टर को निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणजनों का कुशल क्षेम जाना और उनसे उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने लोगों की कठिनाइयों को समझते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित सभी परिवारों को राहत पहुंचाने और सुरक्षा के लिए विष्णुदेव सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का सर्वे करने के निर्देश दिए और कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार प्रभावित लोगों की मदद के लिए तत्पर है। जल्द ही क्षति का आकलन कर उचित मुआवजा और राहत प्रदान की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जल्द से जल्द सर्वेक्षण पूरा करें ताकि लोगों को राहत कार्यों का लाभ मिल सके।

# अकोला स्कूल के बच्चों को नेवता भोजन दिया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सरकार ने स्कूलों में नेवता भोज देने की शुरुआत की है। इसके तहत, कोई भी व्यक्ति, संगठन या फिर समाज के लोग सरकारी स्कूलों में नेवता भोज दे सकेंगे। इसी कड़ी में साजा विकास खंड अंतर्गत ग्राम अकोला में स्वर्गीय शंकर लाल साहू की स्मृति में उनके परिवार के सदस्य देवसिंग साहू, कुंवरसिंग साहू, देवनाथ साहू, पंचराम साहू एवं किशन साहू के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला अकोला के बच्चों सहित समस्त स्टॉफ को न्योता भोज कराये। जिसमें गुलाब जामुन, लड्डू, केला, खीर, पापड़, दाल, चावल, सब्जी खिलाये, सभी श्रद्धांजलि अर्पित किए। नेवता भोज का उद्देश्य समुदाय में अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि, तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। त्यौहारों या अवसरों जैसे शादी, वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन, राष्ट्रीय पर्व पर इसका आयोजन किया जा सकता है। शाला की प्रधान पाठक हिमकल्याणी सिन्हा, सहायक शिक्षक हेमलता ठाकुर, हिरेश टंडन, मुन्नी यादव, पंचराम निषाद शाला परिवार अकोला के तरफ से न्योता भोज के लिए धन्यवाद दिए।

# डाइट प्रशिक्षण में एसपी ने कहा जीत आपकी होगी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे के मार्गदर्शन में दिनांक 9 से 11 सितंबर तक तीन दिवसीय कक्षा छठवीं से लेकर के कक्षा आठवीं तक के सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण के पहले ही दिन प्रारम्भिक सत्र में जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान की। डाइट पहुंचने पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू का डाइट परिवार की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया। प्रतिभागी शिक्षकों से रूबरू होकर उन्होनें बहुत ही महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने सभी शिक्षकों से लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया और कहा कि जीत ही जीत होगी आपकी, बस अपने लक्ष्य को अपनी आंखों में बसाकर रखो। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने कार्य पर गर्व होना चाहिए। आपका यह डाइट संस्थान बहुत ही अच्छा है। उत्कृष्ट है, और बहुत पुराना है। कई हमारे शिक्षक साथी कहते हैं कि मैं शिक्षक नहीं बनना चाहता था। पर बनना पड़ा। यह तो गलत बात है यदि आप रायपुर के लिए निकले हैं, रायपुर पहुंच गए हो, तो पहुंचे तो आप ही हो ना। कोई दूसरा तो नहीं पहुंच रहा है। आप टीचर नहीं बनना चाहते हो तो अच्छी बात है या बनना चाहते हैं तो और भी अच्छी बात है। सवाल हमारे चाहने या ना चाहने से नहीं है। मूल चीज है आपका काम। आप जहां पर भी हैं आप अगर चाहते हैं तो बहुत अच्छा कार्य कर सकते हैं। आप जहां पर हैं और जिस कार्य के लिए आप खड़े हैं अपने कार्य का आप पूरा आनंद लीजिए। मैं यह होता तो यह करता। यह तो बात की बात है। आप हो तो क्या कर रहे हो और क्या कर सकते हो। कहने का मतलब यह है कि आप बहुत कुछ कर सकते हैं बस आपकी सोच सकारात्मक होनी चाहिए। यह संस्थान अच्छे शिक्षक निर्माण करने की संस्था है। अगर आप प्रशिक्षण लेने आए हैं तो आप सब की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। आप अच्छे शिक्षक बनकर अपने बच्चों को श्रेष्ठ ज्ञान प्रदान करें। प्रशिक्षण के माध्यम से ही श्रेष्ठ और नवाचारी शिक्षक हमें प्राप्त होते हैं। प्रशिक्षण का एक लाभ तो यह भी है कि पूरे जिले के शिक्षक एक दूसरे के निकट आते हैं, मिलते हैं, मधुर बातें होती है, परिचय बढ़ता है, और एक दूसरे से श्रेष्ठ गुण सीखने को मिलता है। इसीलिए कभी भी किसी भी प्रशिक्षण में अनुपस्थित ना रहे। आपको हर जगह से सीखने का अवसर मिलता है बस हमारी सोच सकारात्मक होनी चाहिए। जैसे किसी कक्षा में जाते हैं तो वहां की सारी चीजों से हम सीख सकते हैं। छत से हम सीख सकते हैं कि ऊंचा सोचो, पंखों ने कहा दिमाग ठंडा रखो, घड़ी से समय की कदर करना, कैलेंडर से वक्त के साथ चलना, पर्स से भविष्य के लिए बचाओ, शीशे से अपने आप को देखना, दीवार से दूसरों का बोझ बांटना, खिड़की से अपने देखने का दायरा बढ़ाना, और फर्श से हम सीख सकते हैं कि हमें जमीन से जुड़े रहना चाहिए। एक सीखने वाला व्यक्ति कहीं से भी अच्छी बातें सीख सकता है अंत में आप सभी से आग्रह है कि आप अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी तरह ईमानदारी पूर्वक और उत्साह पूर्वक करें। समय में विद्यालय जाये, समय में कक्षा में जाये और पूरी लगन से बच्चों को पढ़ाइए।

डाइट संस्थान के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि जिले के दो विकासखंडो साजा और नवागढ़ के 120 शिक्षकों के लिए सामाजिक विज्ञान विषय पर प्रशिक्षण चल रहा है।

# शिक्षक स्वाभिमान दिवस में गोकुल का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य धमतरी के तत्वावधान में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन आयोजित कर म्यूनिसिपल स्कूल धमतरी में शिक्षक स्वाभिमान दिवस मनाया गया, जिसमें प्रदेश के लब्धप्रतिष्ठ हस्तियों को उनकी शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए राज्य अलंकरण अवार्ड 2024 की मानद उपाधि से लगभग पच्चीस हस्तियों को सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कामरेड समीर कुरैशी धमतरी उपस्थित थे, विशिष्ट अतिथि के रुप में बेमेतरा नगर से आमंत्रित सेवा निवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक साहित्यकार कलाकार रंगकर्मी डॉ.गोकुल बंजारे चंदन व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सी.एल. बंजारे रायपुर उपस्थित रहे, अपने उद्बोधन में डॉ गोकुल बंजारे चंदन ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है, तो विद्यार्थी राष्ट्र के भाग्य विधाता है, सम्मानित हुए लोगों को बधाई देते हुए अपनी विशिष्ट शैली में गीत, कविता व भजन प्रस्तुत कर सभा को सराबोर कर दिया । भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य धमतरी प्रांताध्यक्ष जी.आर.बंजारे ज्वाला व मुख्य अतिथियों द्वारा डॉ. गोकुल बंजारे चंदन का शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, सुशीला देवी बाल्मीकि ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, संचालन व संयोजन प्रांताध्यक्ष जी.आर.बंजारे ज्वाला ने किया, इस अवसर पर प्रेम सायमन, एस.एल.कलिहारी, आकाश आहूजा, मुन्ना गुप्ता, कल्याण साहू, भूषण सिंह पटेल, जितेंद्र शर्मा, कोमल वैष्णव, मधु सुदन दास, विष्णु दास मानिकपुरी आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बहेरा के गणेश उत्सव में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेरला के ग्राम बहेरा में श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा रखे गए पंडाल में गणेश उत्सव में शामिल हुए उक्त अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह अत्यंत ही हर्ष का विषय है कि ग्राम में इस प्रकार से सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए श्री गणेश उत्सव समिति के द्वारा गणेश जी की मूर्ति रखी गई है और पूजा पाठ किया जा रहा है जिसमें भगवान गणेश से ग्राम के खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाएगी गणेश उत्सव पर्व को लेकर युवाओं में बहुत उत्साह रहता है इस तरह के आयोजनों से जहां एक और हम अपने धार्मिक प्रयोजनों को पूर्ण करते हैं वहीं दूसरी ओर आपस में आपसी सौहार्द का वातावरण भी निर्मित होता है एक दूसरे के सहयोग से इस तरह के बड़े कायक्रम आयोजित हो पाते हैं। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भगवान श्री गणेश के समक्ष नतमस्तक होकर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग लहर का आयोजन भी किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम बहेरा के सरपंच राम सिंह गायकवाड़ ने की एवं विशिष्ट अतिथि अमरनाथ साहू उपसरपंच बहेरा रहे कायक्रम में बेरला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर देवांगन देवशरण गोसाई व्यास नारायण वर्मा टिकेंद्र परघनिया गगन परघानिया मेहतरू साहू दाउवा राम साहू नरोत्तम साहू फिरनतु साहू रवि साहू हर्ष नायक अशोक नायक संजय चौहान उमेश पाल विमल साहू एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# शासकीय क्रांति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब और रेड क्रॉस क्लब का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न




पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति में रेड रिबन क्लब और रेड क्रॉस क्लब का उन्मुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.विजय लहरे, विशिष्ठ अतिथि अधिवक्ता चितरंजन पटेल, विनोद कुमार राठौर,रविशंकर श्रीवास की उपस्तिथि रही। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई फिर डॉ.शकुंतला राज द्वारा डॉ.विजय लहरे का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया । प्रो अजय कुमार देवांगन द्वारा अधिवक्ता चितरंजन पटेल का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया ।समस्त अतिथियों को रेड रिबन का बैच लगाकर स्वागत किया गया रविशंकर श्रीवास (हेल्थ डिपार्टमेंट सक्ति) द्वारा एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विनोद कुमार राठौर द्वारा टीबी रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ.विजय लहरे द्वारा टीबी एड्स की बीमारी से बचने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए ।उन्होंने सिकल सेल, रक्तदान, और रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए सभी छात्रों को निर्देश दिए। अधिवक्ता चितरंजन पटेल द्वारा छात्रों को योग को दिनचर्या में शामिल करने को कहा।उन्होंने सभी छात्रों की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर अग्रसर रहने को कहा। प्रो ऋतु पटेल ने रेड क्रॉस क्लब के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना सक्ति) द्वारा रेड रिबन क्लब के बारे में जानकारी दी गई। डॉ.शकुंतला राज द्वारा सभी छात्र छात्राओं कोखानपान, योग, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए खूब मेहनत करने को कहाउन्होंने सभी को समाज घर में एचआईवी एड्स टीबी और रक्त संबंधी बीमारियों से बचाओ के लिए जागरूकता अभियान शुरू करने के लिए प्रेरित किया। अन्त में अतिथियों का आभार प्रदर्शन प्रो हेमपुष्पा चंद्रा द्वारा किया गया। मंच संचालन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश लहरे, प्रो सीमा साहू प्रो यज्ञचरण राठिया, प्रो डॉ. हरीशंकर रजक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## युवक से मोबाइल व नकदी की लूट, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** थाना कोतवाली क्षेत्र के पूछपारा में एक 19 वर्षीय युवक विवेक बंजारे से मोबाइल और नकदी की लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित के बताए अनुसार, विवेक बंजारे 07 सितंबर को शाम करीब 7 बजे मधुबन से काम समाप्त कर घर लौट रहा था। जब वह महादेव मंदिर के पास पहुंचा तो जोगीडीपा के रहने वाले शनि सारथी ने उसे पैसे और मोबाइल देने की धमकी दी। विवेक ने जब विरोध किया, तो शनि ने उसके हाथ में पहने चूड़े से उसके बाएं गाल पर मारकर चोट पहुंचाया। इसके बाद आरोपी ने विवेक की जेब से विवो कंपनी का 10,000 मूल्य का मोबाइल और 1,500 नगद जबरन छीन लिया। पीड़ित ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी शनि सारथी (उम्र 23 वर्ष) को हिरासत में ले लिया।

# फ्यूजन के चलन से संगीत से नये श्रोता जुडे : जीतु शंकर

## कहा- चक्रधर समारोह ने शास्त्रीय संगीत को पूरे देश में जीवंत रखा है

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



शास्त्रीय संगीत वास्तव में संगीत की आत्मा है वो पेड की जड की तरह है जबकि फ्यूजन संगीत पेड के हरे भरे पत्तों हैं। फ्यूजन में संगीत के मिश्रण से कला जगत को नया कलेवर और नई जान मिलती है। रायगढ़ के ऐतिहासिक चक्रधर समारोह में शिरकत करने के लिये रायगढ़ पहुंचे प्रसिद्ध फ्यूजन कलाकार जीत शंकर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि रायगढ़ के चक्रधर समारोह ने शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में ऐसा मुकाम हासिल किया है। जो आने वाले कई दशकों तक न केवल देश में बल्कि विदेश में भी संगीत को चाहने वालों के दिलों पर खनक पैदा करता रहेगा। इससे पहले भी वे इस समारोह में शिरकत कर चुके हैं। मगर इस बार वे पहली बार न केवल अपने दोनों बेटों ऋषभ व पियूष के साथ मंच पर प्रस्तुती देंगे बल्कि रायगढ़ के श्रोताओं के बीच तीनों का मिला जुला फ्यूजन संगीत श्रोताओं को देखने सुनने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में चक्रधर समारोह ने न केवल रायगढ़ बल्कि छत्तीसगढ़ को नई पहचान दी है और इसकी खुशबू अब देश से बाहर जाकर विदेश में भी गमकने लगी है। यह पूछे जाने पर की क्या शास्त्रीय संगीत में फ्यूजन का मिश्रण करने से शास्त्रीय संगीत की आत्मा को प्रभावित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में शास्त्रीय संगीत आत्मा की तरह है। जबकि फ्यूजन को आप शरीर के रूप में देख सकते हैं। शास्त्रीय संगीत पेड की जड है तो फ्यूजन उस पेड के हरे भरे पत्ते हैं। इतना जरूर है कि शास्त्रीय संगीत में फ्यूजन का नया तडका लगने से इस क्षेत्र में देखने सुनने वाले श्रोताओं की संख्या बढी है। जो कहीं न कहीं संगीत के लिये अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि उनका पूरा परिवार शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत जयपुर घराने से जुडा हुआ है और उनके द्वारा या शास्त्रीय संगीत को समझने वाले किसी भी कलाकार के द्वारा शास्त्रीय संगीत की मूल आत्मा का न छेड़कर उसी के भीतर से कुछ नया निकालने का प्रयास ही फ्यूजन संगीत बन जाता है।

# बलराम जयंती पर प्राकृतिक एवं गौ आधारित कार्यशाला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय अनुसंधान केन्द्र, कृषि विभाग एवं भारतीय किसान संघ के तत्वाधान में भगवान बलराम जयंती मनाई गई। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र में ''प्राकृतिक एवं गौ आधारित'' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया। कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती एवं उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में हल, कृषि यंत्रों एवं गौ-माता की पूजा की गई और किसानों को प्राकृतिक एवं गाय के गोबर से खेती करने की सलाह दी गई। साथ ही प्राकृतिक एवं गौ आधारित खेती करने वाले 05 किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं संस्था प्रमुख डॉ. आर. एल. शर्मा ने बताया कि यह जयंती प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल षष्ठी तिथि को आयोजित की जाती है। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ मुंगेली के संयोजक संजय परिहार एवं जिलाध्यक्ष विवेकानंद साहू, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के अधिष्ठाता डॉ. जितेन्द्र सिन्हा, कृषि विभाग के उप संचालक डी. के. ब्यौहार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.पी. कोशले सहित संबंधित अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान छटन के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली।** विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम छटन में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन स्वामित्व रिक्त होने पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि शाख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियां 15 दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं।

# मोबाइल विवाद में किया बड़े भाई पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

ग्राम तिलगा, थाना चक्रधरनगर में मोबाइल फोन के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब 18 वर्षीय बोधराम राठिया ने अपने बड़े भाई सूरज उर्फ सरोज राठिया पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। विवाद तब शुरू हुआ जब सरोज ने अपने छोटे भाई बोधराम से उसका रियलमी मोबाइल मांगा, जिसे बोधराम ने देने से मना कर दिया। गुस्से में आकर सरोज ने मोबाइल पटककर तोड़ दिया, जिससे नाराज होकर बोधराम ने सब्जी काटने वाले चाकू (परसूल) से सरोज के सिर और गर्दन पर कई बार हमला कर दिया। आहत के नजदीकी रिश्तेदार संतोष राठिया (उम्र 27 वर्ष) ने कल घटना की रिपोर्ट थाना चक्रधरनगर में दर्ज कराया गया, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि ग्राम तिलगा में महेश राठिया के तीन बेटे- सुरेश(22),सरोज(20), बोधराम (18) हैं। 08 सितंबर के शाम करीब 07 बजे की घटना है। घायल सरोज राठिया को तुरंत रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, लेकिन गंभीर स्थिति के चलते उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोधराम राठिया को हिरासत में लिया। पूछताछ में बोधराम ने हमले की बात कबूल की और बताया कि उसने मेहनत से कमाए पैसे से मोबाइल खरीदा था, जिसे उसके बड़े भाई ने जानबूझकर तोड़ दिया था, इसीलिए उसने गुस्से में आकर यह हमला किया। पुलिस ने घटनास्थल से खून से सनी मिट्टी, चाकू (परसूल) को जब्त कर अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए। आरोपी बोधराम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



# एमडीएम मामले में जांच अधिकारी ने पेश की अपनी रिपोर्ट



पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति के निर्देश पर स्कूल शिक्षा विभाग की अधिकारी ने एमडीएम मामले में अपना जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है,प्रतिवेदन में जांच अधिकारी सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलिमा बड़गे ने बताया है की रीता पटेल द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय कसेरपारा सक्ती जिला सक्ती के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के जुलाई 2022 से मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी के संबंध शिकायत पत्र 07.06.2024 प्राप्त हुआ है। 10.07.2024 को संबंधित शाला का मध्यान्ह भोजन पंजी एवं छात्र उपस्थिति पंजी का जाँच किया गया। जाँच से स्पष्ट होता है कि प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठिका कुमारी भारती देवांगन एवं पूर्व माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठिका शमीम खान के द्वारा व्यक्तिगत आर्थिक लाभ हेतु मध्यान्ह भोजन योजना में वित्तीय अनियमितता की गई है।

# बाराद्वार पुलिस ने किया अवैध शराब जप्त कर आबकारी का मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छग) के अपराध क्रमांक- 208/24 धारा 34(2) आबकारी एक्टअवैध रूप से शराब कब्जे में रखने वाले आरोपी को 10 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ थाना बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार किया है,नाम आरोपी गोपीचंद सूर्यवंशी पिता भीखम प्रसाद सूर्यवंशी उम्र 20 वर्ष सा. मुक्ताराजा थाना बाराद्वार जिला सक्ती छ.ग. है पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियो को लगातार अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले शराब कोचियों पर अंकुश लगाने हेतु अधिक से अधिक कार्यवाही करने की निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के मार्गदर्शन पर 09.09.24 को मुखबीर के द्वारा सूचना मिला था कि ग्राम मुक्ताराजा में गोपीचंद सूर्यवंशी अवैध शराब बिक्री करने हेतु कच्ची महुआ शराब रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है सूचना देने पर मुखबीर के बताये स्थान में जाकर ततकाल रेड कार्यवाही कर आरोपी गोपीचंद सूर्यवंशी पिता भीखम प्रसाद सूर्यवंशी उम्र 20 वर्ष सा. मुक्ताराजा थाना बाराद्वार जिला सक्ती छ.ग. के कब्जे से 02 पीला रंग के 5 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में एक में कुल करीब 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 1000 रूपये मिला जिसे आबकारी एक्ट के प्रावधानो के तहत विधिवत कार्यवाही कर आबकारी अधिनियम का सबुत पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर न्यायालय पेश किया।

# नशे के सौदागरों के खिलाफ शक्ति पुलिस की एक हफ्ते में दूसरी बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



प्रतिबंधित नशीला पदार्थ के विरुद्ध लगातार एक सप्ताह के भीतर दूसरी कार्यवाही की गई है,थाना सक्ती पुलिस और सायबर टीम की नशे के विरूद्ध अभियान के तहत संयुक्त कार्यवाही हुई है, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भापुसे) द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल (रा.पु.से.) एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा था कि 08.09.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम लिमतरा में पुनेश कुमार साहू अपने घर के सामने नशीली मादक पदार्थ कफसीरप लाल पीला रंग के थैला अंदर रखकर बिक्री हेतु ग्राहक के इंतजार में खडा है कि मुखबीर सूचना पर NDPS ACT के तहत विधिक प्रावधानों का पालन करते हुये हमराह स्टाफ व गवाहान के मुखबीर के बताये स्थान पहुंच कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। संदेही पुनेश कुमार साहू ग्राम लिमतरा अपने घर के सामने मिला जिसका नाम पता पुछने पर अपना नाम पुनेश कुमार साहू पिता भाकू लाल साहू उम्र 45 साल साकिन लिमतरा का रहने वाला बताया जिसका विधिवत तलाशी लेने पर हाथ में रखे लाल/पीला रंग के थैला जिसमें राधिका फैशन लिखा है में 01-WINCEREX COUGH SYRUP R& Codeine Phosphate & Chlorpheniramine Maleate Syrup By WINGS PHARMA की 20 नग शीशी शीलबंद हालत में प्रत्येक में 100 ml कुल 2000ml जुमला कीमती 3600 रूपये 02-ONEREX COUGH SYRUP R& Codeine Phosphate & Triprolidine Hydrochloride Syrup By wings की 5 नग शीशी शीलबंद प्रत्येक में 100-100 द्रव्य कुल 500ml कीमती 850 रूपये कुल जमुला 4450 रूपये, पुनेश कुमार साहू के कब्जे से बरामद किया गया जिसे मौके पर नशीली पदार्थ कप सीरप रखने व बिक्री करने के संबंध में कोई वैध कागजात व लायसेंस पेश करने हेतु नोटिस दिये जाने पर कोई वैध कागजात नही होना लिखित में दिया। आरोपी पुनेश कुमार साहू का कृत्य धारा 21(C) NDPS ACT का घटित करना पाये जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल भेजा गया है,उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक बृजेश तिवारी, थाना प्रभारी सक्ती तथा साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह में नेतृत्व में सउनि मथुरा प्रसाद मन्नेवार, प्रधान आर. उमेश साहू, प्रेमनारायण राठौर, आरक्षक जोगेश राठौर, अच्छेराम सिदार, प्रमोद खाखा, फारूख खान, अलेक्स मिंज, राकेश राठौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ मंडल बिलासपुर की चांपा शाखा की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता ∢ चांपा
www.dailypioneer.com



सात अगस्त को चांपा रेलवे कॉलोनी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ मंडल बिलासपुर शाखा चांपा का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ, जिसमें चांपा स्थित सभी रेल कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और नई कार्यकारिणी का गठन सभी रेल कर्मचारियों के अपार समर्थन के साथ संपन्न हुआ। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं भारत माता की जय के जयकारों के साथ हुई तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रमणि साहू ने की और प्रथम सत्र में कार्यक्रम में आए विभिन्न अतिथियों ने अपना वक्तव्य सभी कर्मचारियों के मध्य रखा जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के जोनल महामंत्री संतोष पटेल, जोनल कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद नगाइच, जोनल संगठन मंत्री निमई बनर्जी, मंडल उपाध्यक्ष नूतन वर्मा तथा मंडल सचिव प्रोम्पी सिंह ने सभी कर्मचारियों के सामने उद्बोधन दिया। द्वितीय सत्र में पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में जोनल कोषाध्यक्ष ई. धर्मा राव को नियुक्त किया गया और उनके द्वारा नई कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया। जिसमे अध्यक्ष -अजय कुमार, सचिव धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष दिलीप राठौर,सहायक सचिव -उदय कुमार, विक्रम सोनी।

## डॉ.पूर्णाश्री राउत के ओडिसी नृत्य ने किया दर्शकों को मंत्रमुग्ध, मंच पर उतरा लखनऊ व जयपुर

# दीपान्निता सरकार के कथक ने बांधा समां

- चदरिया झीनी रे झीनी, राम नाम रस भीनी, पद्मश्री रंजना गौहर ने कबीर के जीवनी पर दी ओडिसी नृत्य की सजीव प्रस्तुति
- ए.मंदाकिनी स्वैन ने साजना मोरा घर आवैं से मोहा सब का मन, सांगीतिक उत्सव में सौगत गांगुली के सरोद वादन ने किया मंत्रमुग्ध

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सुर-ताल, छंद और घुंघरू के 39 बरस के अवसर पर चक्रधर समारोह के दूसरी संध्या की पहली प्रस्तुति में लोक गायन के रूप में विजय शर्मा एवं टीम के छत्तीसगढ़ी गानों से दर्शक मंत्र मुग्ध हुए। उनके द्वारा गाए कोरी-कोरी नारियल चढ़े, महुआ झरे गानों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में विख्यात शास्त्रीय गायिका भोपाल की वाणी राव ने अपने मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति से श्रोताओं को मोहित कर दिया। उनकी शास्त्रीय गायन में भगवान गणेश वंदना के पश्चात पूरिया धनाश्री में बड़ा ख्याल, छोटा ख्याल की प्रस्तुति ने समारोह में आध्यात्मिक और सांगीतिक माहौल बनाया। वाणी राव ने पारंपरिक रागों की खूबसूरत प्रस्तुति दी उनके सुरों की सादगी और भावप्रवणता ने समारोह में उपस्थित संगीत प्रेमियों का मन मोह लिया। प्रसिद्ध ओडिसी नर्तक डॉ.पूर्णाश्री राउत ने भगवान जगन्नाथ को समर्पित धार्मिक पूजा गीत को ओडिसी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी। ओडिसी नृत्य की प्रसिद्ध कलाकार डॉ.पूर्णाश्री द्वारा मंच पर नृत्य का ऐसा रूप दर्शकों को देखने मिला कि सभी अपनी नजरें गड़ाए हुए उनके हर मुद्राओं और भाव-भंगिमाओं को कौतुहलवश निहारते रहे। उनके भाव भंगिमा युक्त ओडिसी नृत्य ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। दर्शकगण भगवान जगन्नाथ के धार्मिक गीत आराधना देख भक्तिमय माहौल में डूब गए। दिल्ली से पहुंची कथक नृत्यांगना दीपान्निता सरकार ने चक्रधर समारोह की दूसरी शाम मंच पर प्रस्तुति दी। नृत्य के दौरान उनकी भाव भंगिमाओं और मुद्राओं ने पूरे कार्यक्रम में समा बांध दिया। दीपान्निता सरकार कथक के लखनऊ घराने की हैं और प्रस्तुति दे रहे कलाकार सौरभ जयपुर घराने से ताल्लुक रखते हैं। इस तरह मंच पर लखनऊ और जयपुर घराने का बेजोड़ संगम दर्शकों को देखने को मिला। पूरी प्रस्तुति के दौरान नर्तकों की पखावज, हारमोनियम बांसुरी और तबले के साथ संगत देखते ही बनती थी। दीपान्निता ने राजा चक्रधर सिंह के कला के क्षेत्र में उनके गौरवशाली योगदान को किया नमन किया और कहा कि हम कथक कलाकारों को राजा चक्रधर सिंह के बारे में पढ़ाया जाता है। हम कलाकार बचपन से उनके कला अवदानों के बारे में सीखते आए हैं। आज उनकी नगरी में हमें अपनी कला के प्रदर्शन का मौका मिल रहा है।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित), का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता और गारंटर को एक मांग नोटिस जारी किया गया था, जिसमें मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।
उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का कब्जा उक्त नियमों 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित दिनांकों सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

| ऋण खाता नं. | कर्जदार/सह-कर्जदार और गारंटर का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना | | कब्जे की तिथि और प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | तिथि | बकाया राशि (रु.) | |
| 45070822 | 1. जय प्रकाश कुम्भकार<br>2. विष्णु प्रसाद कुम्भकार | **सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट अर्थात 139.40 वर्ग मी., जोकि पीएच. नं. 107/50, के एच नं. 452/25, 453/25, रामकृष्णा परमहंस वार्ड नं. 02, ग्राम गोगांव, आरआईसी-रायपुर-1, तहसील और जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ़-492009, और** चौहद्दीः पूरब में - नजूल की भूमि, पश्चिम में - रास्ता, उत्तर में - रास्ता, दक्षिण में - निहाल की भूमि | 29.05.2024 | रु. 9,75,335.62/- | 06-09-2024 सांकेतिक कब्जा |
| 14497620 | 1. नन्द कुमार वर्मा<br>2. हेमलता वर्मा | **सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. डी-39, क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट, सत्य विहार कॉलोनी, खं. नं. 882, 883, 884, 885द1, 885द2, 886, 887, 888, मौजा ग्राम पचेड़ा, पीएच नं. 81/2, आर.एन.एम-मंदिर हसौद, तहसीलः आरंग, जिलाः रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001 में स्थित,** चौहद्दीः पूरब में - गार्डन, पश्चिम में - रास्ता, उत्तर में - प्लॉट नं. डी-38, दक्षिण में - प्लॉट नं. डी-40 | 28.03.2024 | रु. 9,19,917.88/- | 06-09-2024 सांकेतिक कब्जा |

उधारकर्ता /सह-उधारकर्ता/गारंटर्स को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते मांग सूचना में वर्णित बकाया राशि और भुगतान की तिथि तक भविष्य का ब्याज एवं अन्य प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
दिनांकः 06.09.2024
स्थानः रायपुर

# बालको ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित किया 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◀ बालकोनगर
www.dailypioneer.com








वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने ईसीसीई कार्यक्रम को बढ़ावा देने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया। प्रशिक्षण नंद घर परियोजना के व्यापक उद्देश्य, बच्चों के बेहतर देखभाल को सुनिश्चित करते हुए नंद घर में पोषण और बेहतर वातावरण बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक कौशल तथा ज्ञान प्राप्त करने पर केंद्रित था। महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यशाला आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के बीच अच्छी प्रथाओं को शामिल करने और व्यवहार परिवर्तन की शुरुआत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण से ईसीएस कार्यक्रमों को लागू करने में सहायक हैं। 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (एडब्ल्यूडब्ल्यू) के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करने का एक मंच के रूप में काम किया तथा नंद घर के बेहतर उपयोग को बढ़ाने के लिए विचारों के आदान-प्रदान को सुनिश्चित किया गया। 3 नंद घर के सदस्यों तथा 29 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। क्षमता निर्माण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा में इसकी भूमिका को समझना। नंद घर, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के मॉडल को अपनाते हुए सर्वांगीण बाल विकास को बढ़ावा दे रहा है। प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का उद्दीपन (ईसीएस), 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के संज्ञानात्मक, शारीरिक और सामाजिक विकास को उद्दीपन करने की तकनीक और अभ्यास में इसके महत्व के बारे में जानना। ऐसी तरीकों की खोज जो बच्चों के सर्वांगीण विकास का समर्थन करती हैं जिसमें नैतिक और भावनात्मक विकास भी शामिल है। नंद घर में अनुकूल सीखने का माहौल बनाने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश। निरंतर उद्दीपन और सीखने को सुनिश्चित करने के लिए एक मासिक कार्यक्रम कैलेंडर तैयार करना। आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को आकार देने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका और बचपन के विकास को बढ़ावा देने में उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित करना। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक विकास कार्यक्रम कंपनी के दृष्टिकोण में शामिल है। हम छत्तीसगढ़ में विभिन्न नंद घर की मदद से बाल विकास का समर्थन कर समुदाय की भलाई को बढ़ावा दे रहे हैं। बच्चे इस देश की भविष्य है, कंपनी उनके विकास के लिए विभिन्न पहल संचालित करता है। वेदांता समूह दिल्ली हाफमैराथन आयोजित कर रहा है जिसमें 'रन फॉर जीरो हंगर' के तहत वन किलोमीटर वन मील (भोजन) का प्रावधान है। कंपनी ने संकल्प लिया है कि प्रत्येक किलोमीटर पर नंद घर के बच्चों को वन मील (भोजन) मुहैया कराया जाएगा। रेणु प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला और बाल विकास ने वेदांता बालको द्वारा संचालित नंद घर परियोजना की सराहना की। उन्होंने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के लिए टीम के समर्पण की सराहना की जो एकीकृत बाल विकास सेवाओं को बेहतर तरीके से लागू करता है। 2 दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण नंदघरों में बच्चों के अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बच्चों को वह समग्र सहायता मिले जिसकी उन्हें बढ़ने के लिए आवश्यकता है। कार्यशाला बाल विकास को बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और सहभागिता को बढ़ावा दे रही है। खटखटियापारा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना देवांगन ने कहा कि मैं नंद घर प्रोजेक्ट द्वारा आयोजित दो दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण के लिए बहुत आभारी हूं। कार्यशाला से हमने विभिन्न उपयोगी तरीके सीखे, जैसे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए दर्पण का उपयोग करना। प्रशिक्षण से नंद घर में बच्चों के साथ काम करने के नए आयाम का पता चला। मैं इसे उपयोग करने के लिए उत्साहित हूं। मुझे यकीन है कि इससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी और उनके विकास में भी सुधार होगा।

## भारत का पहला इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल एमजी विंडसर आज होगा लॉन्च

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की है कि भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी (क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल) आज लॉन्च की जाएगी। इस इंटेलिजेंट सीयूवी में सेडान जैसा कंफर्ट और एसयूवी जैसा स्पेस, दोनों के फीचर्स मिलेंगे। सीयूवी के 'एयरोग्लाइड डिज़ाइन' में बेहतरीन क्राफ्ट के साथ एडवांस एयरोडायनेमिक्स को एक साथ पेश किया गया है, इसके साथ ही इसमें 18 के डायमंड कट अलॉय व्हील्स के साथ सेगमेंट का सबसे बड़ा व्हीलबेस दिया गया है। इसका ऊंचा ग्राउंड क्लीयरेंस एक आरामदेह सफर का अनुभव प्रदान करता है। एमजी विंडसर ईवी ने कुछ सबसे कठिन वातावरण और अत्यधिक गर्म माहौल में जबर्दस्त सहनशक्ति और दमदार क्षमता का प्रदर्शन किया है। एमजी विंडसर ने कच्छ के रण, लेह और उदयपुर के चुनौतीपूर्ण इलाकों का सफर किया है और अपनी क्षमता को साबित किया है। एमजी विंडसर ऑटो-टेक ब्रांड के पोर्टफोलियो का छठवां उत्पाद होगा। इसमें कई सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स देखने को मिलेंगे। इसके एक सबसे खास फीचर में इसका सेगमेंट का पहला 15.6-इंच 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले' है, जो एंटरटेनमेंट, नेविगेशन और वेहिकल सेटिंग्स के लिए एक सेंट्रल हब के रूप में काम करता है। इस बड़े आकार की स्क्रीन के साथ यात्री आसानी से नेविगेट कर सकेंगे, एंटरटेनमेंट को कंट्रोल कर सकेंगे और वाहन सेटिंग्स को आसानी से एडजस्ट कर सकेंगे। एमजी विंडसर में 15.6 इंच की टचस्क्रीन को इन-कार एक्सपीरिएंस को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जब वाहन खड़ा हो तब ये फीचर इसे एंटरटेनमेंट, गेमिंग और लर्निंग हब में बदल देता है। केबिन एक्सपीरिएंस को और भी बेहतर बनाने के लिए, एमजी विंडसर में 'इनफिनिटी व्यू ग्लास रूफ' दिया गया है। यह केबिन को खूबसूरती और भव्यता प्रदान करने के साथ ही पैनोरामिक व्यू प्रदान करता है। यह विशाल ग्लास रूफग्राहक को शहरी क्षेत्रों में या फिर शांत ग्रामीण इलाकों की सैर करते हुए, बाहरी दुनिया के साथ एक बेहतरीन कनेक्शन का मजा देता है।

## यू.एस. मिशन इंडिया और रूम टू रीड इंडिया ने प्रारंभिक शिक्षण परिणामों को बेहतर करने के लिए देशभर में रीड-ए-थॉन का लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

USAID FROM THE AMERICAN PEOPLE

रूम टू रीड इंडिया और यूएस मिशन इंडिया ने राष्ट्रव्यापी 'रीड-ए-थॉन' गतिविधि का नेतृत्व किया। इस कार्यक्रम में दस भारतीय राज्यों छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से अनेक बच्चों, अभिभावकों, समुदायों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, सरकारी निकायों और निगमों ने हिस्सा लिया, जिससे देश में प्रारंभिक शिक्षा एवं साक्षरता परिणाम बेहतर बनाने का संयुक्त प्रयास प्रदर्शित हुआ। यू.एस. सरकार को यू.एस. एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा रूम टू रीड के साथ साझेदारी करने पर बहुत गर्व है। इस साझेदारी द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों को भविष्य का मूलभूत कौशल प्रदान किया जाएगा। रीड-ए-थॉन एक ऐसा प्लेटफॉर्म देता है, जहाँ अनेक स्टेकहोल्डर्स को स्कूलों, समुदायों और सरकारी कार्यालयों में एक साथ आने और बच्चों की पढ़ाई तथा प्रारंभिक शिक्षा में अपना सहयोग देने का मौका मिलता है। इस साल रीड-ए-थॉन का लक्ष्य इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एक साथ पढ़ने के नए रिकॉर्ड के लिए अपना नाम दर्ज कराना है। यूएसएआईडी के कार्यवाहक मिशन डायरेक्टर डॉ. अलेक्जेंड्रिया ह्यूर्टा ने नई दिल्ली में रीड-ए-थॉन कार्यक्रम में भाग लेते हुए बताया कि, शिक्षा से ही समृद्धि संभव है। जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका दुनियां भर में विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारत के साथ साझेदारी करता रहता है, इसलिए यूएसएआईडी को लाखों विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए मूलभूत कौशल से लैस करने के लिए रूम टू रीड के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। रीड-ए-थॉन जैसी पहल से हम एक साथ मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं जहां हर एक बच्चे को आगे बढ़ने और भारत की प्रगति तथा समृद्धि में

## 32,000 टन प्लास्टिक कचरे को रिसाइकल करने और सालाना 15,000 टन सीओ2 कम करने की ऐतिहासिक सर्कुलर इकोनॉमी की पहल

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में टिकाऊ कचरा प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम में, री सस्टेनेबिलिटी, एशिया के अग्रणी एकीकृत स्थिरता समाधान प्रदाता और शार्प वेंचर्स, हर्ष मारीवाला परिवार का निवेश कार्यालय ने हैदराबाद, तेलंगाना, रायपुर और छत्तीसगढ़ में एक अग्रणी प्लास्टिक सर्कुलरिटी पहल शुरू करने के लिए अपने सहयोग की घोषणा की है। इस पहल के लक्ष्य दो हैं: एफएमसीजी उद्योग के लिए बहुत हाई क्वालिटी वाले पुनर्नवीनीकरण पॉलीओलेफिन की आपूर्ति बढ़ाना और निरंतर पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव पैदा करना। वर्तमान में, भारत में एफएमसीजी क्षेत्र को हाई क्वालिटी वाली पुनर्नवीनीकरण सामग्री की सोर्सिंग में एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना करना पड़ता है, जो स्थिरता लक्ष्यों को पूरा करने और वर्जिन प्लास्टिक पर निर्भरता को कम करने की उनकी क्षमता को सीमित करता है। 32,000 टन कचरे को एकत्रित और संसाधित करके और सालाना 15,000 टन सीओ2 उत्सर्जन को कम करके, इस परियोजना का लक्ष्य हर साल 9,000 टन से अधिक बेहतर पुनर्नवीनीकृत पॉलिमर का उत्पादन करना है, जिससे विभिन्न एफएमसीजी और अन्य अप्लीकेशन के लिए इन सामग्रियों की विश्वसनीय आपूर्ति प्रदान की जा सके। अगले पांच वर्षों में इस पहल का उद्देश्य एक राष्ट्रव्यापी, बड़े पैमाने पर पुनर्नवीनीकृत पॉलिमर उद्यम के रूप में विकसित करना है, जो पर्यावरणीय प्रभाव को कम करेगा और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन प्रथाओं के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा। हैदराबाद और रायपुर को उनकी अद्वितीय जनसांख्यिकी और कचरा प्रबंधन चुनौतियों के कारण रणनीतिक रूप से इस पहल के लिए चुना गया है। हैदराबाद, एक प्रमुख महानगरीय शहर के रूप में, बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, बड़े पैमाने पर रीसाइक्लिंग प्रक्रियाओं को लागू करने और एडवांस कचरा प्रबंधन टेक्नोलॉजी के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए इसे एक आदर्श स्थान बनाता है। छोटे शहरी केंद्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले रायपुर को अलग-अलग लेकिन समान रूप से महत्वपूर्ण कचरा प्रबंधन मुद्दों का सामना करना पड़ता है। दोनों शहरों में परियोजना को लागू करके, यह पहल विविध चुनौतियों का समाधान कर सकती है, स्केलेबल समाधान तैयार कर सकती है।

# शराब दुकानों में शराब ओवर रेट पर बिक्री की जा रही है, प्रशासन तत्काल बंद कराये : सुशील शर्मा

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा और पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य अभिनव यदु ने आबकारी विभाग के ज़िला अधिकारी गायकवाड़ की विभागीय कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये कहा कि भाटापारा और सिमगा ब्लॉक में निष्क्रिय और भ्रष्ट सहायक आबकारी अधिकारी की नियुक्ति की है जिसके शराब माफ़ियाओ से मिलीभगत के चलते लगातार अवैध शराब की गाँव गाँव और शहर के गलियों में बेरोकटोक भारी पैमाने पर शराब कोचियो के माध्यम से किया जा रहा हैं।अवैध शराब और अवैध सट्टा,जुवाँ के खिलाफ कॉंग्रेस के क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में धरना /प्रदर्शन और राष्ट्रीय राजमार्ग अवरोध भी किया गया था, प्रशासन ने मेरे और ब्लॉक अध्यक्ष सहित अनेक कॉंग्रेसी के ऊपर अपराध भी क़ायम किया है, उसके बाद भी प्रशासन की नीति वहीं ढाक के तीन पात जैसी है। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा और पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य अभिनव यदु ने आगे कहा कि आबकारी प्रशासन की मिलीभगत के कारण ही अवैध शराब की बिक्री से प्राप्त होने वाली प्रतिदिन लाखों रुपये की काली कमाई की बंदर बाट् भाजपा सरकार के आबकारी विभाग के अधिकारी कर रहे है, बड़े शराब कोचियो को बचाने छोटे छोटे शराब कोचियो को पकड़ कर आबकारी विभाग अपनी पीठ थपथपा रही हैं जिससे बड़े शराब माफ़िया बचे रहे और अवैध शराब का ग़ोरखधंधा चलता रहे, ऐसे ही खेल चल रहा है भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में यह चिंता का विषय हैं,अब भाजपा के नेता कहा छिप गये है जो कांग्रेस शासन में सुबह और शाम सोते-जगाते शराब बंद करने की माँग को लेकर धरना /प्रदर्शन कर सड़को पर रैली निकालते थे सब के सब शतुरमुर्ग़ की तरह अपनी मुंडी जमीन में गड़ाकर आने वाली युवा पीढ़ी को बर्बाद होते देख कर भी चुपचाप बैठे है। भाजपा सरकार की कथनीं और करनी जनता जनार्दन के बीच जगज़ाहिर हो चुकी है आने वाले समय में युवा, किसान, मज़दूर, महिलायें सहित शराब से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति भाजपा सरकार को मुँहतोड़ जवाब देने सड़क पर आने तैयार है। पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से रायपुर कलेक्टर की तरह छापामार कर भाटापारा और सिमगा में चल रहे अवैध शराब और ओवर रेट पर शराब की बिक्री को बंद करने तत्काल कदम उठावे। आबकारी विभाग का जिम्मा अभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास है उसके बावजूद सरकारी दुकानों से कोचियो को अवैध बिक्री हेतु शराब देना और ओवर रेट में शराब बेचने का काम, गली गली, होटल, डाबा, किराना दुकान, सरकारी शराब अहाता में अवैध शराब की खुल्लेआम बिक्री किया जाना सरकार के अधिकारियों की सहभागिता को प्रमाणित करता है। प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभिनव यदु ने चेतावनी देते हुये कहा की आबकारी विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों तत्काल ही अवैध शराब और ओवर रेट में शराब की बिक्री बंद कराने तत्काल सक्रिय होकर कार्यवाही करे अन्यथा पूरे विधान सभा के कॉंग्रेस कार्यकर्ता सामूहिक रूप से धरना/प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण ज़िम्मेदारी प्रशासन और शासन की होगी।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने नया बंधन बिजनेस साइकिल फंड लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन बिजनेस साइकिल फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो बिजनेस साइकिल-आधारित निवेश थीम पर आधारित है। यह फंड इकोनॉमिकल साइकिल के विभिन्न चरणों विस्तार, पीक (शिखर), कंट्रेक्शन (संकुचन) और मंदी के अनुसार सेक्टर आवंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करता है, जिसका उद्देश्य ग्रोथ के मौकों को पकड़ना और अलग-अलग बाजार स्थितियों में जोखिमों का प्रबंधन करना है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) मंगलवार, 10 सितंबर 2024 को निवेश के लिए खुला और मंगलवार, 24 सितंबर 2024 को बंद होगा। बंधन बिजनेस साइकिल फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, फाइनेंशियल एडवाइजर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या सीधे के माध्यम से किया जा सकता है। इस नए फंड के लॉन्च के मौके पर विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि बंधन बिजनेस साइकिल फंड 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाता है, उभरते अवसरों को पकड़ने के लिए आर्थिक चक्रों, इक्विटी बाजार के रुझानों और सेक्टर की गतिशीलता का उपयोग करता है। फंड को पोर्टफोलियो विविधीकरण को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है ।

## एमवे ने भारत में चार नई अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए 4 मिलियन का निवेश किया



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य और खुशहाली में अत्याधुनिक, अगली पीढ़ी का समर्थन प्रदान करने के लिए अपनी वैज्ञानिक क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वैश्विक स्वास्थ्य और खुशहाली समर्थक कंपनी के रूप में, एमवे ने 4 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ औपचारिक रूप से भारत भर में अपनी चार अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) प्रयोगशालाओं की शुरुआत की। उन्नत प्रौद्योगिकी, समकालीन विज्ञान और वैज्ञानिक विचार नेतृत्व का उपयोग करके, ये प्रयोगशालाएं सुरक्षित, प्रभावी, विशिष्ट और उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य और खुशहाली के उत्पादों को विकसित करके उद्योग मानकों को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार हैं, जिनका उद्देश्य भारत और दुनिया भर में लोगों के स्वास्थ्य और खुशहाली का समर्थन करना है। यह दुनिया भर में एमवे के चार अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) केंद्रों में से एक है और इसमें पोषण विज्ञान पर भारी ध्यान दिया गया है। यह रणनीतिक कदम एमवे के उपभोक्ताओं की बदलती स्वास्थ्य और खुशहाली से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने के प्रयासों के अनुरूप है, जो लाखों लोगों को मनचाही खुशहाली प्राप्त करने में समर्थ बनाता है और सभी के लिए स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा देता है। एमवे की गुरुग्राम, चेन्नई, बैंगलोर और डिंडीगुल में स्थित चार अत्याधुनिक अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाएँ कुल मिलाकर 24,700 वर्ग फुट के विशाल क्षेत्र पर फैली हुई हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने एक सूत्री पंजीकरण अभियान चलाया गया



पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने एवं समस्या के समाधान लिए कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के निर्देशानुसार जनपद भाटापारा में जनपद सीओ सत्यव्रत तिवारी के नेतृत्व मे जनपद कार्यालय मे आवास से जुडे प्रतीक्षा फार्म व आवास प्लस फार्म का पंजीयन कर पोर्टल मे डाला गया। जिसके अंतर्गत सुबह 8. 00 बजे से ही पंजीयन कार्य प्रारंभ कर दिया गया उक्त पंजीयन का टारगेट निर्धारित करते हुये पूरे टाईम पंजीयन किया जाना निर्धारित रखा गया वही उक्त प्रक्रिया के अंतर्गत जितने भी कार्य पेंडिंग है उन्हें तीव्र गति से पूर्ण किया गया शासन के अतिमहत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना को सकार रुप देने हेतु उक्त प्रक्रिया मे प्रमुख रुप से जनपद पंचायत स्टाप के सचिव रोजगार सहायक, करारोपण अधिकारी, डीईओ, एडीईओ, कार्यक्रम अधिकारी तकनीकी सहायक व आपरेटर्स का विशेष योगदान देखा गया।

## चिल्फी हाइट्स रेसिडेंशनल कॉलोनी में श्री गणेश जी की हुई स्थापना

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



चिल्फी हाइट्स रेसिडेंशनल कॉलोनी में श्री गणेश जी की स्थापना की गई, यह इस कॉलोनी में 8वां वर्ष है जब सभी रहवासी परिवार के साथ गणेशोत्सव का कार्यक्रम करते है। चिल्फी हाइट्स गणेशोत्सव समिति, भावना नगर के प्रमुख सुनील अग्रवाल ने बताया कि कालोनी में गणेशोत्सव के 10 दिन पूरी कॉलोनी के रहवासी परिवार के साथ उत्सव में शामिल रहते है। प्रत्येक दिन महिला समिति द्वारा बच्चे व बड़ो के लिए विविध प्रतियोगिता व कार्यक्रम आयोजित करती है। गणेशोत्सव समिति में लोचन पांडे, दिनेश, विनोद राखुंडे, आशुतोष, रोहित, ममता सिन्हा, दिव्या मिश्रा, शिल्पा राखुंडे, अंजलि द्विवेदी, बबीता खोला आधी का विशेष योगदान रहता है।

## सड़कों पर आवारा मवेशियों के रोकथाम के लिए चलाए अभियान : कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राज मार्ग और राजकीय सड़क मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न एजेंडा चर्चा की गई। कलेक्टर अग्रवाल ने सड़को पर आवारा मवेशियों के रोकथाम के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।साथ ही जानबूझ कर मवेशियों को सड़क पर छोड़ने वाले पशु मालिकों पर जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क/........./अ/6/अ/2023-24
ग्राम मांठ, प.ह.नं. 32

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति मालती देवांगन पति खौरबाहरा जाति कोष्टा निवासी वार्ड 05 खरोरा तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत कर ग्राम मांठ प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. मोहरेंगा तहसील खरोरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 462/8 रकबा 0.023 हे. भूमि राजस्व अभिलेख संबंधित दस्तावेज ऋण पुस्तिका एवं पटवारी मैनुअल रिकार्ड पर आवेदिका का नाम दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि को आवेदिका द्वारा पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। जिस पर वर्तमान में दखल काबिज है। किन्तु उक्त अवेदित भूमि ख.नं. 462/8 रकबा 0.001 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर त्रुटिवश राजस्व अभिलेख ऑनलाईन रिकार्ड पर दर्ज हो गया है जबकि आवेदित भूमि का वास्तविक रकबा 0.023 हे. है। आवेदिका द्वारा उपरोक्त आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख ऑनलाईन रिकार्ड पर ख.नं. 462/8 का दर्ज रकबा 0.001 हे. के स्थान पर सही व वास्तविक रकबा 0.023 हे. भूमि को आवेदिका के नाम पर दर्ज करते हुए अभिलेख दुरुस्त किये जाने की मांग किया है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेषी दिनांक 13/09/2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
खरोरा

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 7वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031,
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV-A, (नियम 8(6) और 9(1) का परंतुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**
वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए
ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) कॉलम (iii) के अनुसार, को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों कॉलम (iv) के अनुसार जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है" के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) के निम्नवर्णित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) से कॉलम (i) के अनुसार, प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांकों को बेचा जाएगा। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट अर्थात www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र. सं. | (i) मांग सूचना की राशि | (ii) एग्रीमेंट आईडी | (iii) कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम | (v) आरक्षित मूल्य | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि एवं समय | (viii) ईएमडी नीलामी की तिथि एवं समय | (ix) निरीक्षण की तिथि एवं समय | (x) प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रु. 3101434.25 मांग सूचना की तिथि 16.05.2019<br>रु. 6247634.60 मांग सूचना की तिथि 06.05.2019 | 7264298 और 6433081 | श्री बालार्क (प्रोप. अनिरुद्ध अवाधिया), अनिरुद्ध अवाधिया और रसिक बिहारी अवाधिया | रु. 2500000.00/- | रु. 250000.00/- | 30.09.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अपा. 01.00 बजे तक | 27.09.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपा. 05.00 बजे तक | 21.09.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपा. 04.00 बजे तक | नाम- विनय सोनी संपर्क नं. 8319378592 नामः संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796 |

(iv) बंधक संपत्ति का पता : मकान नं. 58/372, केएच नं. 954 भाग पीएच नं. 106(ए)/46 आर एन एम रायपुर-1, वार्ड नं. 58, ब्राह्मण पारा वार्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई हो, तो अचल संपत्ति पर उपस्थित हों।

दिनांकः 11.09.2024

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 114/157916 | POT Holes, W.M.M., Patch Repair & Other Maintenance Work To Various Roads Under Survey Sub Division, Raipur. (C.G.).(1) गोढ़ी-सोनपैरी-जुगेसर-कुटेसर-तोडगांव-पिपराहट्टा मार्ग लं.-0.384 कि.मी. (2) पिरदा छेड़ीखेड़ी मार्ग लं-0.83, (3) नवागांव-बकतरा मार्ग लं.-0.166 कि.मी.. (4) मंदिर हसौद नक्टा मार्ग लं.-0.661 कि.मी., (5) खपरी बहनाकाड़ी मार्ग लं.-0.307 कि.मी., (6) मंदिर हसौद खौली-भानसोज-आरंग मार्ग लं.-0.645 कि.मी., (7) नवागांव-गोढ़ी- भानसोज-बरचा मालीडिह खौली मार्ग लं.-0.364 कि.मी., (8) रसनी-बोडरा फरफौद मार्ग लं.-0.534 कि.मी., (9) नवागांव-पलौद उपरवारा निमोरा (स्टेडियम से राखी चौक) मार्ग लं. 0.188 कि.मी., (10) छतौना-कुटेसर-बडगांव-कुण्डा नारा लाखोली मार्ग लं.-0.918 कि. मी.. (11) अकोलीखुर्द फरफौद गुखेरा मार्ग लं.-0.565 कि.मी. (12) चंदखुरी-मुनगी-पचेडा (ग्यानगंगा से नरदहा) मार्ग लं.-0.418 कि.मी.. (13) मुरेठी-मुनगी मार्ग लं.-0.166. (14) जावा-तुलसी (पुराना बस्ती) मार्ग लं.-0.83 कि.मी.. (15) गोढी-कुटेसर मार्ग लं.-0.125 कि. मी.. (16) दरबा-बक्तरा-नक्टा मार्ग लं.-0.32 कि.मी. (17) टेकारी से कोलहान-नाला मार्ग लं.-0.123 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 30.00 लाख |
| 264/157232 | S.R./ MOW WORK OF RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDING AT KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR (C.G.) (तृतीय आमंत्रण) | रू. 50.00 लाख |
| 258/157918 | WHITE WASHING, COLOUR WASHING, DISTEMPERING, ETC. WORKS IN VIJETA COMPLEX SECTION UNDER VIDHANSABHA SUB DIVISION, RAIPUR, C.G. (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 35.00 लाख |
| 104/157919 | DIFFERENT WORK MISCELLANEOUS UNDER VIDHAN SABHA BUILDING & SPEAKER HOUSE BUILDING UNDER VIDHANSABHA SUB DN., RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 30.00 लाख |

एन.आई.टी. क्र.114 सिस्टम टेन्डर नं. 157916, एन.आई.टी. क्र.258 सिस्टम टेन्डर नं. 157918 एवं एन.आई.टी. क्र.104 सिस्टम टेन्डर नं. 157919 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 20.09.2024 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र.264 सिस्टम टेन्डर नं. 157232 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 15.09.2024 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-242502352/3

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मण्डल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

# पुल निर्माण में लगे मजदूर बाढ़ में फंसे, जलमग्न थाने से जवानों को ग्रामीणों ने निकालाए

# हजारों एकड़ फसल डूबी, कई घर ढहे... प्रशासन ने दर्जनों राहत शिविर शुरु किए

**0 खैरागढ़ का संपर्क टूटा, मोहला-मानपुर जिले में भी ऐसे ही हालातए लगातार बारिश से बाढ़ की स्थितिए दर्जनों गांव प्रभावित**





पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बीते 24 घंटों में बारिश के बाद नदियों ने रौद्र रुप धर लिया है। केसीजीए एमएमएसी जिले के साथ राजनांदगांव में भी इसका प्रभाव देखने को मिला है। कई परिवारों को बाढ़ से निकालकर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। सैकड़ों परिवार इससे प्रभावित हुए हैं। अंबागढ़ चौकी में पंप ऑपरेटर के शिवनाथ में फंसने के बाद रेसक्यू किया गया। वहीं चिल्हाटी क्षेत्र में मरारटोला में टूटे पुल की धार में फंसे 4 लोगों को बचाने अभियान चलाया गया। डोंगरगांव ब्लॉक में भी शिवनाथ ने सीमाएं लांघी और कई गांवों को प्रभावित किया। यहां भी परिवारों को विस्थापित किया गया है। दूसरी ओर केसीजी मुख्यालय खैरागढ़ बाढ़ की चपेट में है। नगर का संपर्क दुर्गए राजनांदगांव से पूरी तरह टूटा हुआ है। यहां जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। नदियों मुस्का एआमनेर और पिपरिया नदी और मोती नाला से घिरे खैरागढ़ में लगातार बारिश के बाद तबाही का मंजर है। स्थानीय इतवारी बाजारए धरमपुरा और टिकरापारा बस्ती में बारिश का पानी कई फीट तक जमा हो गया। बाढ़ के चलते खैरागढ़ का राजनांदगांवए दुर्गए रायपुर से संपर्क टूट गया है। बड़ी संख्या में वाहन जगह.जगह फंसे हैं। जिले में कई स्थानों पर बारिश के चलते घर ढह गए हैं। कच्चे मकानों में निवास करने वाले कई परिवार प्रभावित हुए हैं। राजनांदगांव में जिला अस्पताल एक बार फिर जलमग्न रहा। यहां अस्पताल के भीतर तक 3 फीट तक पानी जमा हो गया। कई सरकारी दफ्तरों के सामने भी पानी के जमाव की स्थिति रही। सड़कें भी जलमग्न रही। निचली बस्तियों के लोग आधी रात से ही पानी के जमाव से परेशान रहे। जिले में कुछ थाना और चौकियां भी बाढ़ की जद में आई हैं। बागनदी थाना पूरी तरह से डूब जाने के बाद पुलिस जवानों को ग्रामीणों व आसपास लोगो की मदद से बाहर निकाला गया।

## घर ढहा, मोहल्ले वासियों ने वृद्धा को बचाया



तेज बारिश के बीच राजनांदगांव शहर के राजीव वार्ड में अकेली रहने वाली वृद्धा का कच्चा घर ढह गया। तड़के सुबह 4 बजे जब यह हादसा हुआ तब वृद्धा जानकी देवी सो रही थी। वे हादसे के बाद घर के भीतर ही फंस गई। तकरीबन एक घंटे तक रोते.चीखते उन्होंने मदद की गुहार लगाई। इस बीच पड़ोसियों ने उनकी आवाज सुनी और उन्हें सभी की मदद से बचाया गया। पार्षद ऋषि शास्त्री ने पीड़िता के लिए घर की मांग की है। उन्होंने बताया किए समय पर लोगों ने उन्हें देख लिया वरना यहां बड़ी घटना हो सकती थी।

## खैरागढ़ में तीन सौ लोगों को बाढ़ से निकाला



दो दिनों से लगातार बारिश से खैरागढ़ शहर 19 साल बाद फिर बाढ़ की चपेट में आ गया है। खैरागढ़ का इतवारी बाजार शुरू से ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित है, जिसमें निवासरत बाढ़ प्रभावित लोगों को प्रशासन ने सांस्कृतिक भवन में आश्रय दिया है। वहीं प्राथमिक शाला मांक 01 और सांस्कृतिक भवन में पहुंचकर रुकने के लिए वार्डों में मुनादी कराई जा रही है। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित 42 परिवार के लगभग तीन सौ लोगों को संस्कृतिक भवनए प्राथमिक शाला 01, पूर्व माध्यमिक शालाए प्राथमिक शाला में शिफ्ट किया है। सभी व्यक्तियों के खाने की व्यवस्था एवं स्वास्थ्य व्यवस्था भी मुहैया कराई जा रही है।

## कई गांवों में घुसा पानी, सैकड़ों प्रभावित, दर्जनों कैंप लगाए

राजनांदगांव जिले में तहसील लाल बहादुर नगर में 2 ग्राम चिचोलाए नारायणगढ़ के लोगों को प्राथमिक शाला चिचोला में शिफ्ट किये जाने हेतु 2 शिविर एवं रामपुर में 1 राहत शिविर चलाया जा रहा है। नारायणगढ़ के पंचायत भवन में 50 व्यक्ति एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 15 व्यक्ति को ठहराया गया है। रामपुर के प्राथमिक शाला में 60 व्यक्तियों को ठहराया गया है। तहसील डोंगरगांव में आरगांवए आलीखूंटा में बाढ़ की स्थिति है। 04 घर प्रभावित होने के कारण अन्य स्थान पर शिफ्ट किया गया है। आसराए बमनी भाटा आरगांव प्रत्येक ग्राम में 2 राहत शिविर चलाया जा रहा है। तहसील डोंगरगढ़ में ग्राम बाघनदी में फंसे दोनों सिक्योरिटी गार्ड को सुरक्षित निकाला गया। भंडारपुर मे 2 राहत शिविर चलाया जा रहा है। तहसील छुरिया मे ग्राम बापूटोलाए हालेकोसाए बनियाटोलाए रंगीटोला मगर धोखरा में प्रत्येक ग्राम में 2 राहत शिविर चलाया जा रहा है। लगभग 25 से 30 घर बाढ़ से प्रभावित हैंए स्कूल में रूकने की व्यवस्था की गई है। ग्राम हालेकोसा में 15 घर बाढ़ की चपेट में आए हैंए जिनकी सुरक्षा के लिए कार्य किया जा रहा है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम आरगांव में बाढ़ की स्थिति है। 4 घर प्रभावित होने के कारण अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जा रहा है।

## जलाशयों से छोड़ा पानी गांवों में अलर्ट

मोंगरा बैराज, सुखानाला बैराजए घुमरिया नालाए खातूटोला बैराज से पानी छोड़ा जाने से हालात और बिगड़े हैं। मोंगरा बैराज से 72000 क्यूसेक, सुखानाला बैराज से 43000 क्यूसेक, घुमरिया नाला से 11914 क्यूसेक, खातूटोला से 20208 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। केसीजी जिले के छिंदरी बांध से 9000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है. 19500 क्यूसेक पानी प्रधानपाठ बैराज से भी छोड़ा गया है। कर्रा नाला बैराज से 5200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

## पूरा जिला तरबतर अब भी ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने तीनों जिलों के लिए अब भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। बुधवार को भी अति भारी बारिश की आशंका जताई गई है। प्रशासनिक अमले ने इसे लेकर तैयारियां जारी रखी है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 1071.8 मिली मीटर वर्षा हुई है। राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 153०1 मिमी बारिश हुई। जिले सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 241 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 189.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 241 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 153०1 मिमी, घुमका तहसील में 1055 मिमी, छुरिया तहसील में 154.2 कुमरदा तहसील में 80 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 1487 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## एमएमएसी जिले में पुल निर्माण में लगे मजदूर बाढ़ में फंसे, तैराकों ने निकाला

लगातार बारिश के बीच मंगलवार को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत महाराष्ट्र सीमावर्ती चिल्हाटी थानाक्षेत्र अंतर्गत मरारटोला गांव स्थित नदी के बाढ़ में चार लोग फंस गए। कड़ी मशक्कत के बाद स्थानीय तैराकों की मदद से पुलिस व प्रशासन ने इनका रेस्क्यू किया। कलेक्टर एस जयवर्धनए पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह समेत पुलिस व जिला प्रशासन की टीम लगातार मौके पर डटी रही। एसडीआरएफकी टीम भी यहां पहुंची हुई थी। हालांकि एसडीआरएफके पहुंचने से पहले ही जिला व पुलिस प्रशासन की टीम ने लोकल तैराकों की मदद से बाड़ में फंसे चारों लोगों को सुरक्षित बाड़ से निकाल लिया। एक वाहन को भी निकाला जा चुका है वहीं अन्य वाहनों को भी यथा संभव बाहर निकालने की जुगत की जा रही है। बहरहाल बाढ़ में फंसे उक्त चारों युवक सुरक्षित हैं। अंबागढ़ चौकी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अर्जुन कुर्रे ने बताया कि 9 सितंबर की रात पुल निर्माण में काम करने वाले चार कर्मचारी युवक करण कुमार , 25, धनुष राम , 32लाल पाल ;25 तथा नीरज कुमार,23 खाना खाकर रोजाना की तरह रात में निर्माणाधीन पुल किनारे अपने ठिकाने में सो गए। इसी बीच देर रात हुई बारिश के चलते नदी का जल स्तर बढ़ गया। वहीं उक्त चारों पुल निर्माण कर्मचारी निर्माण स्थल पर ही फंस गए। बता दें कि नदी के मध्य हिस्से में उथला भाग जहां निर्माण काम चल रहा थाए और ये चारो कर्मचारी युवक एक चैन माउंटेन तथा एक जेसीबी कुल तीन वाहन भी मौजूद थे। उक्त उथला हिस्सा भी देखते ही देखते 10 सितंबर की सुबह बाढ़ की जद में आ गया। चारों युवक वाहनों में चढ़कर खुद को बहाव से बचाए हुए थे।

## बारिश में जमीदोज़ हो गया पुल, सड़क संपर्क टूटा, कैंप में जवान फंसे

### संबलपुर व बुकमरका गांव समेत महाराष्ट्र से टूटा सड़क संपर्क



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com

कोराचा-बुकमरका मार्ग स्थित गट्टेगहन नदी में बना पुल जमीदोज़ हो गया। लगातार बारिश से निर्मित बाढ़ के हालात के बीच पुल ध्वस्त हो जाने से मुश्किल हालात पैदा हो गए हैं। सड़क संपर्क टूटने से महाराष्ट्र सीमा पर धुर नक्सल प्रभावित बीहड़ इलाके संबलपुर गांव में स्थित पुलिस कैंप मुख्यालय से कट गया है। पुल के ध्वस्त हो जाने के बाद दो गांव समेत पुलिस कैंप से आवागमन पूर्णतः बंद हो गया है। नदी के उसपार पुलिस जवानों समेत ग्रामीण फंसे हुए हैं। जरूरतमंद ग्रामीण बाढ़ के हालात के बीच जान जोखिम में डालकर टूटे पुल व नदी से होकर आवाजाही करने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि, साल भर पहले ही पीएमजीएस वाय के तहत बना इस पुल का निर्माण किया गया था। यह पुल डेढ़ माह में दो बार टूट चुका है। इसके निर्माण गुणवत्ताहीन होने का आरोप लगता रहा है। माह भर पहले इसके एक हिस्से के टूटने के बाद इसकी मरम्मत करवाई गई थी। उस दौरान भी ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नही की गई थीं। संधारण की खानापूर्ति का आलम ये था कि पुल के टूटे हिस्से में रेत भरी बोरिया भरकर की गई थी। उचित संधारण नहीं होने से पुल दोबारा टूट कर जमींदोज हो गया है।

## डोला ग्यारस पर 14 सितंबर को मंदिरों से जलक्रीड़ा करने निकलेंगे भगवान राधा कृष्ण

■ श्री बालाजी मंदिर गंज लाइन से एक साथ निकलेंगे डोले

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी नगरी में रियासत काल से विभिन्न मंदिरों मे प्राण प्रतिष्ठित लड्डूगोपाल भगवान एवं भगवान राधाकृष्ण भादवा शुक्ल पक्ष एकादशी ; जलझूलनी एकादशी द्ध के अवसर पर अपने.अपने मंदिरों से निकलकर भव्य डोलो मैं बैठकर भजन सत्संग करते भक्तो के संग नगर भ्रमण करते हुए रानीसागर पहुंचते हैं। जहां भगवान जल क्रीड़ा का आनंद प्राप्त करते हैं। वर्ष 2018 में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के आवाहन पर नगर के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले भगवान के डोले श्री बालाजी मंदिर पुराना गंज मंडी में एकत्रित होकर एक साथ ष् संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव ष् के बैनर तले शोभायात्रा के रूप में निकल रहे हैं। संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 14 सितंबर को इस भव्य शोभायात्रा में श्री सत्यनारायण मंदिरए श्री बाला बाबा मंदिरए श्री बलभद्री जमात मंदिरए श्री मोतीनाथ मंदिरए श्री जलाराम राम मंदिरए श्री बलदेव राधा कृष्ण किला मंदिरए स्वामी जुगल किशोर बड़े जमात मंदिरए नोनी बाई मंदिरए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित अनेक निवासो में विराजित भगवान लड्डूगोपाल एवम भगवान राधाकृष्ण सजधज कर भव्य डोले अथवा रथ में विराजमान होकर एक साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। इस वर्ष भी जल क्रीड़ा महोत्सव को भव्य स्वरूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। जल क्रीड़ा महोत्सव के अंतर्गत सभी मंदिरों के भगवान शनिवार 14 सितंबर को अपने अपने मंदिरों से निकलकर दोपहर 2रू00 बजे तक श्री बालाजी मंदिर पुरानी गंज मंडी पहुंचेंगे। यहां पधारे हुए सभी देवताओं का पूजन अर्चन श्री बालाजी मंदिर की ओर से किया जावेगा। आरती पश्चात दोपहर 2रू30 बजे चंद्रेश जैन के भजन सत्संग के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। सुसज्जित डोलो में विराजे भगवान की शोभायात्रा पुरानी गंज मंडी बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर तिरंगा चौकए रामाधीन मार्गए श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाइनए भारत माता चौकए आजाद चौकए मानव मंदिर चौक से फौवरा चौक होते हुए रानी सागर पहुंचेगी। यहां भव्य सुसज्जित नाव में बैठकर भगवान जल क्रीड़ा करेंगे। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति एवम संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया बताया कि जल क्रीड़ा महोत्सव को धूमधाम से आयोजित करने एक बैठक सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित की गई। जिसमे कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

## कई गांवों में अलर्ट, मौसम विभाग की चेतावनी ने चिंता बढ़ाई

### लोगों के नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में नहीं जाने की अपील की

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बाढ़ की संभावना के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा राजनांदगांवए छुरियाए डोंगरगढ़ए डोंगरगांव विकासखंड एवं नदी के तटीय क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुनादी कराया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जनसामान्य से अपील की है कि नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में न जाए। डोंगरगढ़ विकासखंड में खातूटोला बैराज से लगभग 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसके कारण एलबी नगर के नारायणगढ़ए छुरिया विकासखंड के हालेकोसाए बनियाटोलाए रंगीटोलाए मगरढोकरा बापूटोलाए बिसाहूटोला एवं डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम रामपुरए डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम आलीखुंटाए आरगांव के तटीय क्षेत्र पानी छोडऩे के कारण प्रभावित हुए हैं। हालांकि यहां धीरे.धीरे पानी कम हो रहा है। इसी तरह बागनदीए मोंगरा बैराज से भी पानी छोड़ा गया है। जिला होम गार्ड की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच गई है और लगातार राहत का कार्य किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित स्थान में भेजा गया है।

0 बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा
कलेक्टर ने जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम हरणसिंगीए बोरतलावए नारायणगढ़ए रामपुरए खातूटोलाए बागनदी एवं अन्य ग्रामों का दौरा किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे परिवार जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैंए उसका अवलोकन किया तथा आरबीसी 6.4 के तहत ऐसे परिवारों को राहत राशि दिलाने के लिए प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम बागनदी में श्रीमती ढेलाबाई के बाढ़ से प्रभावित क्षतिग्रस्त मकान का अवलोकन किया एवं सहानुभूति प्रगट की तथा उनको आरबीसी 6.4 के तहत राहत राशि दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

**शराब दुकान डूबीए एसडीआरएफ ने सुरक्षाकर्मियों को बचाया-** एसडीएम डोंगरगढ़ मनोज मरकाम ने बताया कि अधिक बारिश होने के कारण बागनदी में कम्पोजिट मदिरा दुकान डूब गया था। जिसमें 2 सुरक्षाकर्मी दीपक कुमार गोड़ एवं थौरदास यादव को एसडीआरएफ ;स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फंडद्ध एवं जिला प्रशासन की टीम की मदद से सफ्लतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। इस दौरान एसडीओपी डोंगरगढ़ए एसडीएम डोंगरगढ़ए थाना प्रभारी बागनदी तैनात रहे।

**नदी क्षेत्र में फंसा किसान परिवार, प्रशासन का हाईअलर्ट, स्टेटहाईवे में टूटा राजनांदगाँवद, डोंगरगांव सड़क संपर्क**

## शिवनाथ, झुरा, पैरी व घुमरिया नदी में बाढ़ का जलजला

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




राज्य के दक्षिणी हिस्से महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र में 2 दिनों की भारी बारिश के बाद जलाशयों से एहतियातन लगभग 2 लाख क्यूसेक पानी नदियों में छोड़े गए हैं। नदियों में भयंकर बाढ़ के हालात है। अनुभाग मुख्यालय डोंगरगांव नगर का जिला मुख्यालय राजनांदगाँव से सड़क संपर्क टूट गया है। अडाम में 25 परिवारों, बम्हनीभाठा में 5 परिवारों सहित नगर के वार्ड 14 में 3 परिवारों को अन्यत्र शिफ्ट कराया गया है। खबर लिखे जाने तक जामसरार नदी तट में फंसे किसान परिवार के रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ टीम का इंतजार था। दरअसल राज्य के दक्षिणी हिस्से में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के जलाशय मोगरा बैराज से पहले 72 हजार क्यूसेक उपरांत लगभग 30 हजार क्यूसेक यानि लगभग दो बार मिलाकर एक लाख क्यूसेक पानी छोड़े गए। वहीं राजनांदगाँव जिले के खातूटोला बैराज व डोंगरगांव अनुभाग के सूखानाला बैराज सहित अन्य जलाशयों को मिलाकर भी एक लाख क्यूसेक से अधिक पानी नदियों मे छोड़े गए। इससे अंचल में बहने वाली शिवनाथ, झुरा, घुमरिया व पैरी नदी में इस सीजन के सर्वाधिक बाढ़ के हालात हैं। चहुंओर नदियों में बाढ़ से पानी का दबाव इतना बढ़ गया है कि ब्लॉक के अनेक गांवों का ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। तटीय इलाके के कुछ गांवों में एसडीआरएफ की टीम का भी पुलिस के सहयोग से रेस्क्यू का दौर जारी है। प्रशासन ने शिवनाथ व घुमरिया नदी के तटीय इलाके के गांवों में मुनादी कराई है। खबर लिखे जाने तक प्रशासन के एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग, टीआई उपेन्द्र कुमार, सीईओ नवीन कुमार एवं एसडीआरएफ की टीम सहित राजस्व अमला व पुलिसबल सुबह से देर रात्रि तक मोर्चेबन्द थे। बहरहाल कोई भी जानमाल की क्षति की खबर आधिकारिक तौर पर नही है

**राजनांदगाँव डोंगरगांव संपर्क टूटा**-इस दशक में शायद पहली बार डोंगरगांव नगर का जिला मुख्यालय राजनांदगाँव से संपर्क टूट गया। स्टेटहाइवे में तिगाला पेट्रोल पंप समीप बगदई पुल से पहले ही लगभग 2 फिट ऊपर जलभराव हो गया है। अर्जुनी नाला में भी पानी स्टेटहाइवे में बह रहा है। वहीं रेगाकठेरा पुल समीप बाढ़ का जलजला सड़क में होने से डोंगरगांव से छुरिया का संपर्क टूट गया। इस हालात के बाद प्रशासन हाईअलर्ट मोड में है।

**महिलाए किसान व गौवंश का रेस्क्यू**- रुद्रगांव में चिंता सोनकर का एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू किया। हालांकि टीम वापसी में स्वयं एक उफनते नाले के वजह से फंस गई थी। मनेरी में खेत की ओर फंसी एक महिला व एक युवती को ग्रामीणों ने रेस्क्यू करके सुरक्षित किया। बड़गांव रोड में संचालित डेयरी के गौवंशों को संचालक द्वारा लोगो के सहयोग से रेस्क्यू किया गया। वहीं जामसरार मार्ग नदी में सोनकर परिवार का सुबह रेस्क्यू किये जाने की खबर है।

## श्रीबागेश्वर महिला मंडल का तीज मिलन समारोह



**डोंगरगांव नगर।** नगर में श्रीबागेश्वर महिला मंडल द्वारा स्थानीय सामाजिक भवन में तीज मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महिलाओं व बच्चों द्वारा गीतए नृत्य, नाटक सहित बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में बागेश्वर महिला मंडल की मानसी गुप्ता, काजल गुप्ता, डॉली गुप्ता, सीमा गुप्ता, मधु गुप्ता, शारदा गुप्ता, चंद्रकला गुप्ता, राखी गुप्ता, अलका गुप्ता, मीना गुप्ता, बरखा गुप्ता, शशि गुप्ता, पिंकी गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, माधुरी गुप्ता, सुनैना गुप्ता, रुचि गुप्ता, अंजली गुप्ता, माया गुप्ता, मिनी गुप्ता, कविता गुप्ता, अन्नू गुप्ता, मंजू गुप्ता, बिंदु गुप्ता, स्वाति गुप्ता, अदिति गुप्ता, मनीष गुप्ता, किरण गुप्ता, मीना गुप्ता, जगदंबा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, विभा गुप्ता, रूपा गुप्ता, सीता गुप्ता सहित अनेक सामाजिक महिलाएं शामिल थीं।

# ब्लड बैंकों में बल्ड की उपलब्धता बनी रहे इसलिए सभी स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिकता के साथ रक्तदान कैम्प लगाएं: कलेक्टर डॉ. मित्तल

## कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कहा, लापरवाहों पर कार्रवाई करें

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में यूनिसेफ से डॉक्टर गजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बैठक में मौजूद सीएमओ, समस्त कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीएमओ, समस्त कार्यक्रम के जिला कंसलटेंट, बीपीएम और बीडीएम से जिले में चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी ली और इन स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में जो कमियां है वहां सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारियों की सराहना भी की।

**बल्ड की उपलब्धता बढ़ाएं-कलेक्टर** - कलेक्टर डॉ मित्तल ने पिछले बार हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन के संबंध में भी स्वास्थ्य अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा पर पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने गैर संक्रामक रोग से संबंधित बीमारी हाइपर टेंशन के मरीजों के लिए जिन स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल अब तक चस्पा नहीं हो सका वहां चस्पा करने के निर्देश दिए। ताकि मरीजों का सही इलाज हो सके। अधिकारियों ने बताया की गैर संक्रामक रोग के 95 प्रतिशत मरीजों का अब तक स्क्रीनिंग हो चुका है। कलेक्टर ने जिले में ब्लड बैंक की प्रयाप्त उपलब्धता बनी रहे इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप कार्य प्राथमिकता के साथ आयोजित करने को कहा।

**सर्पदंश को लेकर रहें जागरूक** -कलेक्टर ने राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत टीकाकरण कार्य का यू-विन पोर्टल में प्रोपर इंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान योजना के अंतर्गत कार्ड की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सिकल सेल एनीमिया के मरीजों तक पहुंच बढ़ाने और हाइड्रोक्सि यूरिया टेबलेट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ मित्तल ने राजस्व और स्वास्थ्य अमला के द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में दौरे के दौरान जहां अव्यस्था पाई गई थी, जो कर्मचारी अनुपस्थित थे उनकी जानकारी मांगी है। कलेक्टर ने कहा की उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सर्पदंश के खिलाप ग्रामीणों में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की कुछ लोग झाड़-फूंक जैसे अंधविश्वासों की वजह के अपने जान गवां देते है। बैठक के दौरान लोदाम की स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी की झारखंड बॉर्डर एरिया होने की वजह से वहां के लोग लोदाम प्रसव कराने सहित अन्य जांच कराने यहां पर आते है।

**समय सीमा ध्यान रखने के निर्देश** -कलेक्टर ने सीएससी, पीएससी, एचएचसी को निर्धारित मानक अनुरूप संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा कलेक्टर मित्तल ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, क्षय नियत्रण कार्यक्रम, कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी स्वास्थ्य योजनाओं और कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा पर पूर्ण करने को कहा। बैठक में सीएमओ डॉ. जी. एस. जात्रा, सिविल सर्जन डॉ. विपिन इंदवार सहित समस्त कार्यक्रम नोडल अधिकारी, बीएमओ, समस्त कार्यक्रम के जिला कंसलटेंट, बीपीएम और बीडीएम मौजूद थे।

# 6 पशु तस्करों से 27 नग गौ-वंश कीमती 02 लाख 16 हजार रू. का जप्त किया

- एसपी मोहन के अभियान को मिल रही सफलता - पशु तस्कर जगबंधु यादव, छत्रमोहन यादव, विद्याधर यादव, मेघनाथ राम, कार्तिक सिंह, अजय गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला जशपुर को पशु तस्करी मुक्त बनाने के लिए पशु तस्करों के खिलाफ छेड़े गए एसपी शशि मोहन सिंह के अभियान को निरंतर सफलता मिल रही है। मुखबिर के माध्यम से सूचना मिलने के बाद अब जन जागरूकता का सहयोग भी मिल रहा है। जिले के तुमला थाना क्षेत्र के जागरूक जनता ने मंगलवार की सुबह 8 बजे एसपी को सूचना दिया कि ग्राम भेलवां (फतेहबहार) से होते हुए कुछ मवेशी तस्कर भारी मात्रा में गौ-वंश की तस्करी करते हुए ओडिसा राज्य की ओर ले जा रहे हैं, इस सूचना पर एसपी मोहन ने तत्काल थाना प्रभारी तुमला निरीक्षक कोमल सिंह नेताम के नेतृत्व में टीम गठित कर दबिश कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रवाना किया। टीम द्वारा ग्रामीणों के बताए अनुसार मार्ग में घेराबंदी कर कुल 06 गौ-तस्करों को धर दबोचा एवं उनके कब्जे से कुल 27 नग गौ-वंश कीमती 02 लाख 16 हजार रू. का जप्त कर सभी आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया।

### चरखापारा से ला रहे थे पशु

पूछताछ में आरोपियों ने उक्त गौ-वंश को चरखापारा से तस्करी करते हुए ओडिसा की ओर ले जाना बताया। आरोपियों का कृत्य धारा छ.ग. कृषि पशु परि.अधि. 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधि. की धारा 11 का अपराध घटित करना पाये जाने पर सभी आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।


### इन्हें मिली सफलता

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी तुमला निरीक्षक कोमल सिंह नेताम, स.उ.नि. टेकराम सारथी, आर. देवसिंह एक्का, आर. बेनेदिक तिग्गा, आर. भागेष्वर राम, आर. दुर्योधन सिंह एवं अन्य स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा है।

तुमला की जागरूक जनता द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस ने 06 गौ-तस्करों से 27 नग गौ-वंश को जप्त किया गया है, आम जनता से अपील है कि अपने आस-पास किसी भी प्रकार की तस्करी या अवैधानिक कार्य हो रही हो तो तत्काल मुझे सूचित करें, आपका नाम गोपनीय रहेगा।
-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर

# ओलावृष्टि से हुई फसल क्षति की मुआवजा राशि देने की मांग, मुआवजा राशि नहीं मिलने से किसानों में रोष

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



पिछले रबी सीजन में हुई ओलावृष्टि से सागरपाली रोहिना क्षेत्र के सैकड़ों एकड़ रबी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। जिसकी मुआवजा राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। ग्राम रोहिना के किसानों ने कलेक्टर महासमुन्द से देखकर मुआवजा राशि तत्काल दिये जाने की मांग की है। किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं और मूंग फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। ओलावृष्टि का प्रकोप सागरपाली रोहिना के आसपास के गांव में ज्यादा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन भी करवाया गया तथा हल्का पटवारी द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसील कार्यालय में 16.04. 2024 को जमा किया गया है मगर अब तक किसानों को मुआवजा राशि नहीं मिल पाई है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। राजस्व विभाग का कहना है कि मुआवजा राशि के लिए आबंटन की मांग की गई है मगर शासन से आबंटन नहीं मिलने के कारण से वितरण नहीं हो पा रहा है। पिछले 20 मार्च को सागरपाली रोहिना क्षेत्र में भयंकर ओलावृष्टि हुई जिसके चलते रबी फसल बर्बाद हो गई। जिन किसानों ने गेहूं, मूंग, उड़द आदि फसल लिए थे उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। ओलावृष्टि से रोहिना, कापुडीह, दुर्गापाली, सागरपाली, बिजराभांठा, बिरसिंगपाली, बुधुडोंगर आदि गांव में व्यापक रूप से क्षति हुई है। किसानों ने बताया कि पहली बार इतने बड़े-बड़े ओले गिरते हुए देखा था। आधे घंटे की ओलावृष्टि से लहलहाती फसल चौपट हो गई। किसानों की मांग पर राजस्व विभाग द्वारा फसल क्षति का आकलन कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया है। हल्का पटवारी ने बताया कि ग्राम रोहिना के 98 किसानों का करीब 111 हेक्टेयर रबी फसल मुआवजा प्रकरण तैयार कर तहसीलदार बसना के पास जमा कर दिया गया है। कृषक बसंत नायक, दिवाकर साहू, विजय साहू, वीरेंद्र सेठ, चूड़ामणी साहू, भगवानो बेहरा, रूपानंद साहू, तसील साहू, आदि ने कलेक्टर को पत्र लिखकर तत्काल मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की है। मगर उस पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

# सर्व उड़िया समाज की बैठक रामचंडी भवन झिलमिला में हुआ सम्पन्न

## प्रकाश मिश्रा संयोजक,सुनिल साहू सचिव मनोनीत

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर के झिलमिला में स्थित रामचंडी भवन में सर्व उड़िया समाज की बैठक बहुत ही सराहनीय रही करीब 80लोग नये सदस्य जोड़े गये जिसमें पश्चिम उत्तर क्षेत्र से नरेंद्र साहु लक्ष्मण साहु (रथु), उत्तर पश्चिम क्षेत्र से प्रोजेस्ट प्रधान पंकज, बारिक समाज के अध्यक्ष,हीरालाल प्रधान ब्रजमोहन साहु, पुर्व और दक्षिण क्षेत्र से प्रदीप साहु सुनील विशाल प्रसन्न प्रधान ललित दास अलेख प्रधान रूकमण प्रधान रमेश नायक सुनील साहु, चक्रधर साहु,नरेश प्रधान परिखित साहु मध्य क्षेत्र से प्रकाश मिश्र शांति मिश्रा वंदना सतपथी सरोजनी पाणिग्राही निरूपमा सतपथी सौरव सतपथी सुधीर सामंतराय सुनील पाणिग्राही सेवा शंकर पाणीग्राही किशोर भोई मनोज दास श्रीपति मेहेर गजपति मेहेर अरूण कुमार सेठ पवन यादव सत्यप्रकाश साहु सुनील महापात्र अभिमन्यु षडंगी, पवित्र पात्र सहित काफी मे उत्कल समाज के लोग उपस्थित हुए संगठन की मजबूती के लिए अनेक सुझाव आया फण्ड की व्यवस्था स्वस्फुर्त हुई, स्वेच्छापूर्वक खुले हृदय से लोगो ने सहयोग किया और आने वाले 22तारीख को होने वाले नवाखाई मिलन समारोह मे बढ चढ़कर सहयोग करने का विश्वास दिलाया आज कुछ नये सदस्यो का भी आगमन हुआ । प्रकाश मिश्रा को संयोजक और प्रदीप साहु को सह संयोजक मनोनीत किया गया ।मिडिया का दायित्व सुनील महापात्र सत्यप्रकाश साहु सचिव सुनील साहु कोषाध्यक्ष सुरेश पाणिग्राही को नियुक्त किया। बाकी सभी जिम्मेदारी कल बांट कर सभी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओ को सौपा जायेगा।

# सरपंच मनोज साहू ने पूर्व माध्यामिक शाला महुदा को भेट की प्रिंटर मशीन

पायनियर संवाददाता ∢ पाटन
www.dailypioneer.com




जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महुदा के युवा सरपंच मनोज साहू ने पूर्व माध्यामिक शाला महुदा मे प्रिंटर मशीन भेट की। जिससे स्कूल में फोटो कापी की समस्या निजात मिलेगी। वही शिक्षक दिवस के उपलक्ष में शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान पैंट शर्ट व साड़ी भेट कर किया गया। बता दें कि अभी दो दिन पुर्व सरपंच मनोज साहू द्वारा गांव के समस्त बेटियों के लिए विशाल करू भात का भी आयोजन किया गया था। यह कार्य विगत चार वर्षो से करगांव के समस्त बेटी माईयो को एक साथ बैठाकर करूभात का आयोजन कराते है वही उपहार स्वरूप ब्लाउज कपडा भेट कर आशीर्वाद लेते है इस आयोजन से गांव की सभी महीलाओं का आपस में मेल जोल होता है इस तरह का आयोजन कर सरपंच मनोज साहू काफी चर्चा मे भी रहते है।

**इन शिक्षक शिक्षिकाओं का किया गया सम्मान** -विनोद कुमार चौबे प्रधान पाठक, सारिका पटले, प्रफु ल्ल चंद्र साहू, डॉ. मार्तंग सिंह साहू, श्रीमती सीमा शर्मा, रूपेंद्र कुमार बंछोर, कृष्णराज पांडे, प्रतिभा वर्मा, श्रुति मिश्रा, अलका साहू , इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच मनोज कुमार साहू, पंच युगलकिशोर साहू, रमन साहू ,परस राम साहू, मुकेश साहू सहित गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थित रही।

# बारिश के मद्देनजर जनजीवन सामान्य बनाए रखने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में लगातार हो रहे बारिश के मद्देनजर जनजीवन सामान्य बनाए रखने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे बारिश के फलस्वरूप जल भराव एवं अन्य समस्याओं के कारण आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित की जाए। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में लगातार हो रहे बारिश से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर एके लकरा एवं डीआर ठाकुर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से जिले के जलाशयों में जल भराव की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जलाशयों से पानी छोड़ने के पूर्व इसका समुचित प्रचार-प्रसार तथा मुनादी आदि के माध्यम से आम नागरिकों को इसकी सूचना प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के आरक्षण के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पिछड़ा वर्ग सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति की विकासखण्डवार समीक्षा की।

# पुल निर्माण में रखे 19 नग लोहे का सेन्ट्रिग चोरी के प्रकरण में 03 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

- प्रकरण में चोरी के लोहे का सेन्ट्रिग खरीदने वाले कबाडी दुकानदार भी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुल निर्माण में रखे 19 नग लोहे का सेन्ट्रिग चोरी के आरोप में पुलिस ने 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया किया गया इस संबंध में पुलिस ने बताया कि प्रार्थी टोपू साहू निवासी छुईखदान थाना लालबाग हाल कोहका बोड चौकी देवकर का जो मेसर्स उपाध्याय कन्सट्रक्शान दल्लीराजहरा का पक्की सड़क व पुल पुलिया का निर्माण करवाने का टेण्डर लेता है जिसमे सुपरवाइजर का काम करता है वर्तमान मे ग्राम कोहकाबोड में रोड पुल पुलिया निर्माण का काम चल रहा है पुलिया निर्माण में उपयोग हेतु कुल 19 नग लोहे का सेन्ट्रिग प्लेट को ग्राम कोहकाबोड पुल निर्माण के पास खुले स्थान में रखे थे कि दिनांक 20.08.2024 को शाम 6.00 बजे तक कन्स्ट्रक्शन का काम कर वही पुल के पास खुले स्थान मे 19 नग लोहे के सेन्ट्रिग प्लेट प्रत्येक प्लेट कुल 35 से 40 किलो की किमती करीबन 57,000/- रू.को रखे थे जिसमे पहचान के लिये सभी प्लेट के बीच में दो मोल्डेड सपोट सी टाईप का लगा हुआ है जिसे दिनांक 21.08.2024 को सुबह 7.00 बजे देखे तो 19 नग लोहे के सेन्ट्रिग प्लेट वहां नहीं था जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। कि प्राथी कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 303, (2), 317(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी देवकर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे एवं स्टॉफ को अज्ञात आरोपियों कि पतातलाश कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही साहिल अली निवासी मोहगांव एवं मौहाभाटा निवासी रूपेश साहू उर्फ राजा साहू को पुछताछ करने पर उक्त दिनांक समय घटना को 19 नग सेन्ट्रिग प्लेट लोहे को चोरी करना स्वीकार किया। पुछताछ में पता चला कि सबाब कबाडी दुकान देवकर मे बेचना, आरोपीयों बताने के आधार पर कबाडी दुकान जाकर 05 नग लोहे का सेन्ट्रिग प्लेट जप्त किमती 15,000/- रू. एवं घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 25 डी 1476 पुरानी इस्तेमाली किमती करीबन 2,75000/- रू. को जप्त किया गया।

# ब्रह्माकुमारीज बेमेतरा सेवा केंद्र के 21 वें स्थापना दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु स्मृति भवन के 21 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हुए बेमेतरा क्षेत्र के शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि बेमेतरा पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा जी, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे जी, विशिष्ट अतिथि बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू जी, मितान मल्टीस्पेशलिटी हेल्थकेयर बेमेतरा डायरेक्टर नीति पटेल जी, प्रसिद्ध समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी जी ने दीप प्रज्जवलन करके किया। तत्पश्चात सभी को चंदन का तिलक कर, बैच लगाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमे संगीत और नृत्य शामिल थे। इस अवसर पर शहर के जानेमाने शिक्षाविदों द्वारा शिक्षा से संबंधित अपने अनुभवों और प्रेरणाओं को साझा किया गया। बी.के.शशि दीदी ने राजयोग ध्यान के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्ति, एकाग्रता बढ़ाने व दैनिक जीवन में राजयोग के अभ्यास का महत्व बताया और शिक्षकों की प्रमाणिकता पर जोर दिया। ब्रम्हाकुमारीज़ के द्वारा आयोजित इस समारोह में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी शशि दीदी ने कहा कि भविष्य के कर्णधार बच्चों के देश के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अति सराहनीय है। विद्यालय को पहले मंदिर कहा जाता था ऐसा मंदिर जहां चैतन्य मूर्तियां तैयार होते है। यह मूर्तियां जब पूरे विश्व में पहुंचते है तो यह जान पाते हैं कि उन्होंने यह अच्छी शिक्षा कैसे प्राप्त की। शिक्षकों का हम सबके जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है । दीदी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कई बार शिक्षक नैतिक शिक्षा को मुख्य विषय नहीं समझते,लेकिन मुझे लगता है कि नैतिक शिक्षा मुख्य विषय है जिससे अच्छे इंसान का निर्माण कर पाते हैं। इंजीनियर की जो गलती होती है वह सीमेंट की तो परतों में छिप जाती है चिकित्सक की गलती श्मशान घाट पर छिप जाती है।

## अन्तर्राज्यीय नशे के सौदागर के विरूद्ध झगराखाण्ड पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# नशीले इंजेक्शन का व्यापार करने वाली मां बेटी गिरफ्तार, नशीली दवाओं के साथ स्कूटी जप्त

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के झगराखाण्ड थाना के अंतर्गत आने वाले घुटरीटोला परिवहन जांच चौकी के पास अवैध नशीले इंजेक्शन को बेचने के लिये आ रही एक युवती और एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से काफी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ परिवहन के लिये उपयोग किये जा रहे स्कूटी को भी जप्त कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के द्वारा पुरे रेंज में चलाये जा रहे नशे के विरूद्ध अभियान के परिपालन में पुलिस अधीक्षक एमसीबी चंद्रमोहन सिंह के द्वारा जिले में नशे के सौदागरों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिये निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगावकर एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी मनेन्द्रगढ ए. टोप्पो के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी झगराखाण्ड निरीक्षक अमित कश्यप के द्वारा नशे के व्यापार की रोकथाम एवं नशे के सौदागरो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिये थाने में एक टीम बनाकर नशे के सौदागरो की लगातार पतासाजी कि जा रही थी। इसी दौरान 9 सितम्बर 2024 को मुखबिर से सूचना मिली की भालूगुडार दलदल थाना बिजुरी जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से दो महिलाएँ अवैध रूप से मादक द्रव्य नशीली इंजेक्शन को रखकर बेचने के लिये अपने भूरे रंग की टी.व्ही.एस. जुपिटर स्कूटी वाहन क्रमांक- एम.पी./65-जेड.ए./ 6944 में रखकर बिजुरी से घुटरीटोला खोंगापानी की ओर आ रहीं है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी झगराखाण्ड के द्वारा अपनी टीम को अन्तर्राज्यीय नशे के सौदागरों के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिये रवाना किया गया। घुटरीटोला बैरियर खोंगापानी में पहुंचकर घेराबंदी कर बिजुरी की ओर से भूरे रंग की टी.व्ही.एस. जुपिटर स्कूटी वाहन क्रमांक- एम.पी./65-जेड.ए./ 6944 से आने वाली दोनो संदिग्ध महिलाओं को रोककर उनका नाम पता पूछा गया। स्कूटी चालक महिला द्वारा अपना नाम कु. पुष्पा सिंह उर्फरानी पिता स्व. रामजवित सिंह उम्र 21 वर्ष तथा उसके पीछे बैठी महिला द्वारा अपना नाम मीरा सिंह पति स्व. रामजवित सिंह उम्र 41 वर्ष होना बताते हुए स्वयं को स्कूटी चालक महिला की माँ होने एवं वार्ड क्र.-07 भालूगुडार दलदल थाना बिजुरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) की रहने वाली बताये जिसके कब्जे से उनकी भूरे रंग की टी. व्ही.एस. जुपिटर स्कूटी वाहन क्रमांक- एम. पी. / 65-जेड.ए./ 6944 की तलाशी लेने पर स्कूटी की डिक्की के अन्दर एक हरे रंग के थैले रखे मादक द्रव्य नशीले इंजेक्शन एविल इंजेक्शन की 99 शीशी (प्रत्येक 10 एमएल) कीमत लगभग 30 हजार रूपये एवं काले रंग की पॉलीथीन में रखे ब्रऊफिन इंजेक्शन की 99 शीशी (प्रत्येक 2एमएल) नशीली इंजेक्शन कीमत लगभग 5000 रुपये का मिला। इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपीगण द्वारा बहुत समय से इसका व्यापार करना बताया गया और इंजेक्शन के संबंध में कोई भी दस्तावेज नहीं होना बताये तथा अपराध में संलिप्त प्रयुक्त भूरे रंग की टी.व्ही.एस. जुपिटर स्कूटी वाहन को आरोपीगण से जप्त कर गिरफ्तार कर लिया गया है और दोनो आरोपी महिलाओं के विरूद्ध धारा 22(सी) एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत् अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया गया है।

# तेज दौड़ती गाड़ियों और बेतरतीब पार्किंग को लेकर व्यापार संघ मिला एसपी सिंह से



पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

व्यापार संघ जशपुर के सदस्यों ने मंगलवार को एसपी शशि मोहन सिंह से मुलाकात की और उन्हें शहर की गतिविधियों से अवगत कराया। संघ ने बताया कि शहर के सभी सड़कों में बाईक, ट्रैक्टर और बड़े माल वाहक वाहनों के तेज गति से चलने से सभी परेशान हैं। वहीं शहर और बस स्टैंड की बेतरतीब पार्किंग से भी परेशानी होती है। एसपी सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान संघ के राजू अग्रवाल, भावेश गुप्ता, शिव नारायण सोनी, भड्डू गुप्ता, रितेश गुप्ता, भास्कर गुप्ता, रिंकू जैन, नौशाद मलिक उपस्थित थे।



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ शासन

विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

# सुशासन से विकास की नई राह...

- कृषक उन्नति योजना : धान का प्रति क्विंटल 3100 रुपए मिल रहा दाम, खेती-किसानी से खुले समृद्धि के द्वार
- मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण): 47 हजार 90 आवासहीन ग्रामीण परिवारों को मिलेगा लाभ

- शासकीय भर्ती में आयु सीमा में छूट: पुलिस विभाग सहित शासकीय भर्तियों में युवाओं को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट
- भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित




- मुफ्त अनाज: छत्तीसगढ़ के 68 लाख गरीब परिवारों को अगले पांच साल तक नि:शुल्क राशन
- तेंदूपत्ता संग्राहक पारिश्रमिक: 4000 रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा

- 'नियद नेल्लानार' अभियान के साथ नक्सल समस्या के पूर्ण निदान के प्रभावी कदम
- त्वरित निर्णय, सख्त प्रशासन: विष्णु देव सरकार में अब तक 150 माओवादी मुठभेड़ में ढेर, 599 की गिरफ्तारी, 510 ने किया आत्मसमर्पण

Samvad- 41327/1

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें...

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403